दिनमान | तापमान
सूर्योदय 5.22 सूर्यास्त 5.43 | अधिकतम 30° न्यूनतम 26°

वर्ष 19, अंक 79 पृष्ठ 12
कोलकाता, शनिवार, 12 सितम्बर 2026
भाद्रपद, शुक्लपक्ष, प्रतिपदा, वि.सं. 2083
मूल्य: ₹3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण w.yuvashaktinews.com



## ब्रिक्स में प्रधानमंत्री मोदी का ट्रंप और ईरान को संदेश, कहा

# वैश्विक व्यापार तभी आगे बढ़ेगा, जब समुद्री रास्ते सुरक्षित हों

**ब्रिक्स 21 देशों का परिवार, वैश्विक आबादी का 50% प्रतिनिधित्व ■ भारत कर चुका है रीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता**

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने कहा कि ग्लोबल ट्रेड तभी आगे बढ़ सकता है जब समुद्री रास्ते सुरक्षित हों, सप्लाई रूट खुले हों और समुद्री यात्री सुरक्षित हों. इसलिए, भारत नेविगेशन की आजादी और समुद्री यात्रियों की सुरक्षा का पक्का समर्थक है. ब्रिक्स विमेंस विंग्स बिजनेस अलायंस भी हमारे विजन का एक अहम हिस्सा है. हम चाहते हैं कि महिला उद्यमी हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करें.

ब्रिक्स बिजनेश फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष हम ब्रिक्स के 20 साल मना रहे हैं. 2006 में जब इस समूह की शुरुआत हुई थी तो इसमें केवल चार देश थे. आज ब्रिक्स और ब्रिक्स पार्टनर्स मिलाकर 21 देशों का हमारा परिवार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, लेकिन भारत आर्थिक पुल बना रहा है. उन्होंने बताया कि 2014 से भारत करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर चुका है.




पीएम ने कहा कि आज ब्रिक्स के देश, विश्व की 50% पॉपुलेशन, 40% जीडीपी और 25% से अधिक ट्रेड को रिप्रेजेंट करते हैं. इतना ही नहीं, इन वर्षों में जहां ग्लोबल जीडीपी करीब 1.5 गुना हुई है, वहीं ब्रिक्स देशों की कंबाइन जीडीपी करीब 4.5 गुना हुई है. यानी ब्रिक्स की इकोनॉमिक स्ट्रैंथ दुनिया की तुलना में करीब दो गुने रफ्तार से बढ़ी है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देश ग्लोबल इनोवेशन और सॉल्यूशन के महत्वपूर्ण सेंटर्स बन रहे हैं. ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर टेक्नोलॉजी तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं. ब्रिक्स की बढ़ती स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है. भारत में आयोजित ये फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेश फोरम है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम है, लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण. पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी इकोनॉमिक और ट्रेड पॉलिसिज का आधार बनाया है. लचीलापन की बात करें तो भारत ने एनर्जी से लेकर टेक्नोलॉजी तक सप्लाई चेन को और अधिक डायवर्सिफाइड और रिलायबल बनाया है. इसी का परिणाम है, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज ग्रोथ और स्थिरता का भरोसा दे रहा है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और 120 यूनिकॉर्न के साथ भारत समाधानों का एक वैश्विक केंद्र बन रहा है. मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत वृद्धि और स्थिरता के लिए विश्वास का स्रोत है. उन्होंने आगे कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया भर में व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, भारत आर्थिक सेतुओं का निर्माण कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है. उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापार नीतियों की नींव बनाया है. लचीलेपन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने ऊर्जा से लेकर तकनीक तक विभिन्न क्षेत्रों में फैली आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक विविध और भरोसेमंद बनाया है. उन्होंने कहा कि इसी लचीलेपन के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज विकास और स्थिरता का भरोसा देता है.

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों पर कसा तंज, कहा

# पता नहीं वे अपने आप को क्यों कहते हैं जी 7 ?

**अब ब्रिक्स ही आर्थिक ताकत का नया केंद्र**

**पश्चिमी देश निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा डरते हैं**

**इसी वजह से रूस पर गलत प्रतिबंध थोपे गए**




**नई दिल्ली:** नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों के आर्थिक दबदबे को खुली चुनौती दी. जी-7 समूह पर तीखा प्रहार किया. पुतिन ने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया गहरे संरचनात्मक और व्यापक बदलावों के दौर से गुजर रही है. उन्होंने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि पश्चिमी देश निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करने से बुरी तरह डरते हैं और इसी वजह से रूस पर मनमाने और गलत प्रतिबंध थोपे गए हैं. हालांकि इन प्रतिबंधों के बावजूद रूस न केवल आगे बढ़ा है, बल्कि ब्रिक्स देश आपसी सहयोग और मजबूत रिश्तों के दम पर वैश्विक चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर रहे हैं.

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ठोस तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की कुल जीडीपी का 40 प्रतिशत से अधिक उत्पादन अकेले ब्रिक्स देशों ने किया है. इसके उलट तथाकथित जी-7 समूह का योगदान सिमटकर केवल 29 प्रतिशत रह गया है. पुतिन ने तंज कसते हुए कहा कि वे समझ नहीं पाते कि उसे जी-7 या ग्रेट-7 क्यों कहा जाता है, जबकि हकीकत इसके उलट है. उन्होंने विश्व अर्थव्यवस्था के विकास का आंकड़ा समझाते हुए कहा कि समान अवधि में वैश्विक आर्थिक विकास की आधी से अधिक यानी 50 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि ब्रिक्स देशों की वजह से हुई है, जबकि जी-7 समूह का योगदान इसमें केवल 18 प्रतिशत रहा है. पुतिन ने इस भारी अंतर की सीधी वजह बताते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी से अधिक आबादी बसती है, जिससे उनके पास बेहद गतिशील, विशाल और जीवंत घरेलू बाजार मौजूद हैं.

पुतिन ने भारत की तकनीकी प्रगति को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि भारत की आईटी कंपनियां बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही हैं.

**पुतिन के रूस आने के न्योते को पीएम मोदी ने स्वीकारा, बोले–**

## यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में मदद को तैयार

**पीएम मोदी ने पुतिन को एक पुस्तक भी भेंट की**

**नई दिल्ली:** भारत की मेजबानी में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुलाकात की. दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर स्वागत किया. इसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक शुरू हुई. बैठक में ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत हुई. इससे पहले पीएम मोदी ने पुतिन को एक पुस्तक भी भेंट की. इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता दिया. पीएम मोदी ने उसे स्वीकार भी लिया. बैठक के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया. मोदी ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है. यह यात्रा 24वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए होगी. हालांकि, सम्मेलन की तारीख अभी तय नहीं हुई है. विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों की आपसी सुविधा के अनुसार राजनयिक माध्यमों से तारीख तय की जाएगी. इससे साफ है कि दोनों देश अगले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए अब कूटनीतिक स्तर पर बातचीत आगे बढ़ाएंगे.

**युवा शक्ति अखबार मिलने में यदि कोई कठिनाई हो रही हो तो अविलंब इस नंबर पर संपर्क करें : 9831572125, 6290628072**

## बागेश्वर बाबा की तस्वीर जलायी

**कांग्रेस नेता गिरफ्तार**

**कोलकाता:** बागेश्वर बाबा की तस्वीर जलाकर विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने दक्षिण कोलकाता जिला कांग्रेस के महासचिव अतनु दास को गुरुवार देर रात गिरफ्तार किया है. विधानसभा में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने के निर्देश के बाद यह कार्रवाई हुई है. बागेश्वर बाबा की उस टिप्पणी के विरोध में अतनु ने भवानीपुर थाने के सामने प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने बंगाल के हिंदुओं से दुर्गा पूजा के दौरान मांस-मछली नहीं खाने की अपील की थी. उन्होंने उनकी अपील को नहीं मानने वालों को पाखंडी बताया था.

## आईएमएफ ने कहा– दुनिया का ग्रोथ इंजन है भारत

नई दिल्ली। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने भारतीय अर्थव्यवस्था की तारीफ की है. साथ ही भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन भी बताया है. भारत की अर्थव्यवस्था ने ऊर्जा संकट और वैश्विक चुनौतियों के बीच भी अपनी तेज रफ्तार बरकरार रखी है. चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून में देश की रियल जीडीपी ग्रोथ 7.8% दर्ज की गई है. खचक्रने भारत के इस बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत सर्विसेज सेक्टर और बेहतर एक्सपोर्ट के दम पर यह ग्रोथ उम्मीद से काफी बेहतर रही है. आईएमएफ की प्रवक्ता जूली कोजाक ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की 7.8% की जीडीपी ग्रोथ उनके अनुमान और मार्केट एक्सपर्ट्स की उम्मीदों से कहीं ज्यादा है. उन्होंने कहा कि सर्विसेज और एक्सपोर्ट में बेहतर प्रदर्शन ने इस ग्रोथ को रफ्तार दी है. जूली कोजाक के मुताबिक, यह प्रदर्शन दिखाता है कि एनर्जी प्राइस शॉक के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और भारत दुनिया के लिए एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बना हुआ है. पहली तिमाही का यह 7.8% का आंकड़ा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 7% के पिछले अनुमान से भी ज्यादा रहा है.




सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस तिमाही में देश की रियल जीडीपी 81.36 लाख करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 75.46 लाख करोड़ रुपए थी. आईएमएफ ने भारत के जीडीपी आकलन की व्यवस्था में किए गए बदलावों और इसके आधुनिकीकरण का स्वागत किया है. जूली कोजाक ने बताया कि नवीनतम डेटा में नया इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन और प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स सीरीज शामिल की गई है. आईएमएफ के अनुसार, इन नए बदलावों से जीडीपी आंकड़ों की सटीकता और डेटा की क्वालिटी में और सुधार होगा.




## शिक्षा व्यवस्था से युवा पीढ़ी निराश : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक के मुद्दे को लेकर एक बार फिर से निशाना साधा है साथ ही साथ छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से व्यवस्था में बदलाव के लिए उनकी राय भी मांगी है. राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था उसी पीढ़ी को निराश कर रही है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए इसे बनाया गया था.उन्होंने कहा कि पेपर लीक, आसमान छूती फीस, बदहाल बुनियादी ढांचा, लाखों युवा ईमानदारी से मेहनत करते हैं, लेकिन फिर भी व्यवस्था उन्हें निराश कर देती है. इसे बदलने की शुरुआत उन लोगों की बाहत सुनने से होगी, जो हर दिन इस व्यवस्था की खामियां का सामना करते हैं.

## बैंक हड़ताल से परेशान हुए ग्राहक

**नयी दिल्ली:** बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित देशभर के सरकारी और कुछ निजी बैंक शुक्रवार को बंद रहे. इससे चेक क्लीयरेंस, नकद जमा और निकासी, एफडी रिन्यूअल और सरकारी खजाने से जुड़े काम पूरी तरह अटके रहे. हड़ताल की वजह से मध्य प्रदेश में सिर्फ एक दिन में 5,500 करोड़ रुपए का बैंकिंग बिजनेस प्रभावित हुआ. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 2 साल से अटकी 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिन की हड़ताल का ऐलान किया था.अब 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने के कारण सभी बैंक बंद रहेंगे. अब बैंक शाखाएं सीधे सोमवार, 14 सितंबर को खुलेंगी, जिससे चेक क्लीयरेंस और बाकी जरूरी कामों में देरी होना तय है. बैंकों ने अपने ग्राहकों से कहा था कि हड़ताल की वजह से ब्रांच स्तर की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं.



# घर से पति-पत्नी के रक्तरंजित शव बरामद, बेटा फरार, पुलिस जांच में जुटी

**दिनहाटा :** पश्चिम बंगाल के दिनहाटा के विलेज-1 ग्राम पंचायत इलाके में शुक्रवार सुबह एक दंपति के रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई.

मृतकों की पहचान सुकुमार बर्मन और उनकी पत्नी चंपा राय के रूप में हुई है. घटना के बाद से दंपति का बेटा महादेव फरार बताया जा रहा है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है.जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह दंपति की मंझली बेटी टुम्पा राय लगातार अपनी मां को फोन कर रही थीं, लेकिन फोन का कोई जवाब नहीं मिला. इसके बाद उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने अपने बेटे को नाना-नानी के घर हालचाल जानने के लिए भेजा. घर पहुंचने पर किशोर ने देखा कि मकान का मुख्य गेट खुला हुआ था और कमरे का दरवाजा भी खुला था. अंदर जाकर उसने देखा कि उसके नाना और नानी कमरे के फर्श पर रक्तरंजित पड़े हुए हैं. उसने अपनी मां को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर टुम्पा राय तुरंत अपने मायके पहुंचीं. वहां माता-पिता को



इस हालत में देखकर उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंचे एसडीपीओ प्रशांत देवनाथ और आईसी बुधादित्य राय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया.

दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया.मृतकों की बेटी टुम्पा राय ने बताया कि उनके पिता अक्सर नशे की हालत में घर लौटते थे, जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था. उन्होंने यह भी बताया कि उनका भाई भी नशे का आदी था और उसे लेकर भी परिवार में विवाद होता रहता था.

घटना के बाद से दंपति का बेटा महादेव लापता है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह गुरुवार को कब घर आया था और कब वहां से निकला.पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा. साथ ही फरार बेटे की तलाश भी तेज कर दी गई है.पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

## फ्रांस के राजदूत ने चंदननगर के ऐतिहासिक रजिस्ट्री भवन का किया दौरा, संरक्षण की तैयारी




**हुगली :** भारत में फ्रांस के राजदूत थियरी माथौ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक शहर चंदननगर का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल के पर्यटन मंत्री शंकर घोष समेत अन्य मंत्रियों और विधायकों के साथ फ्रांसीसी शासनकाल की ऐतिहासिक विरासत से जुड़े रजिस्ट्री भवन का दौरा किया. इस भवन के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए 5.74 करोड़ रुपये की विरासत पुनरुद्धार परियोजना का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया.परियोजना का उद्घाटन राजदूत थियरी माथौ और पर्यटन मंत्री शंकर घोष ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सभागार में संयुक्त रूप से किया. करीब 150 वर्ष पुराने इस भवन के संरक्षण की पहल भारत और फ्रांस के सहयोग से चंदननगर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की व्यापक योजना का हिस्सा है.वर्ष 1875 में निर्मित यह दोमंजिला भवन फ्रांसीसी औपनिवेशिक स्थापत्य का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जाता है. कभी यहां रजिस्ट्री कार्यालय के साथ फ्रांसीसी अदालत भी संचालित होती थी. भवन की गहरी बरामदें, जोड़े में बने स्तंभ और लकड़ी के लूवर आज भी इसकी विशिष्ट फ्रांसीसी वास्तुकला की पहचान हैं.लंबे समय तक उचित रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति जर्जर हो गई थी. इसके ऐतिहासिक और स्थापत्य महत्व को देखते हुए पश्चिम बंगाल हेरिटेज कमीशन ने 2017 में इसे हेरिटेज बिल्डिंग का दर्जा दिया था.प्रस्तावित पुनरुद्धार परियोजना के तहत भवन को उसके मूल स्वरूप और स्थापत्य विशेषताओं के अनुरूप संरक्षित करने पर जोर दिया जाएगा. इसका उद्देश्य फ्रांसीसी काल की वास्तुकला और चंदननगर की ऐतिहासिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है.भारत और फ्रांस के सहयोग से पश्चिम बंगाल सरकार चंदननगर की अन्य ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए भी नई रूपरेखा तैयार कर रही है. सरकार को उम्मीद है कि पुनरुद्धार के बाद यह रजिस्ट्री भवन चंदननगर के फ्रांसीसी इतिहास, संस्कृति और स्थापत्य विरासत को समझने के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा.

## सिविक वॉलंटियर हत्या मामला : अदालत ने दोबारा जांच का आदेश दिया



**इस्लामपुर :** इस्लामपुर कोर्ट ने सिविक वॉलंटियर शाकिब अख्तर की हत्या की दोबारा जांच का आदेश दिया है. कोर्ट के इस आदेश से इस्लामपुर के माटीकुंडा इलाके में नई हलचल मच गई है.उल्लेखनीय है कि गत आठ मार्च, 2023 की शाम को राजनीतिक झड़पों के बीच इस्लामपुर के माटीकुंडा में सिविक वॉलंटियर शाकिब अख्तर की उनके ही घर पर गोली मारकर हत्या करने की घटना ने पूरे राज्य में भारी हलचल मच गई थी.मृतक के परिवार की ओर से सिविक वॉलिंटियर के बड़े भाई शाहनावाज हुसैन ने आरोप लगाया कि घटना के बाद इस्लामपुर पुलिस स्टेशन में कुल 32 लोगों के नाम लिखकर शिकायत दर्ज कराई गई थी. उस शिकायत सूचि में इस्लामपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जाकिर हुसैन का नाम 30वें नंबर पर था.शाहनवाज ने जांच पर सवाल उठाते हुए कहा पुलिस द्वारा दी गई चार्जशीट में जाकिर हुसैन का नाम नहीं था और इसके अलावा भी कई कमियां थी इसलिए वह लोग निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाये है. उन्हें और उनके परिवार को उम्मीद है कि अदालत द्वारा मामले की दोबारा जांच के आदेश देने से लंबे समय बाद घटना की असली सच्चाई सामने आएगी.परिवार वालों को उम्मीद है कि सही जांच से उन्हें न्याय मिलेगा. इस मामले में शाहनावाज हुसैन की तरफ से पैरवी कर रहे वकीलों की टीम की तरफ से चिरंतन देवनाथ और नमिता रॉय चौधरी ने कहा कि सिविक वॉलिंटियर हत्याकांड में कथित मुख्य मास्टरमाइंड जाकिर हुसैन का नाम चार्जशीट से बाहर जाने के बाद परिजनों ने कानून से गुहार लगाएं. इसके बाद कोर्ट इस मामले की पक्ष सुनने के मामले की दोबारा जांच का आदेश दिए हैं. मृतक के परिजनों को उम्मीद है इस बार निष्पक्ष जांच होगी और उन्हें न्याय मिलेगा.

## न्यूज कॉर्नर

### मालदा में गंगा का कहर : तीन ब्लॉक जलमग्न, 82 स्कूलों में पढ़ाई बंद

**मालदा :** गंगा के उफान से मालदा जिले के मानिकचक, रतुआ-1 और कालियाचक-3 ब्लॉक के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं. गंगा खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही है, जबकि फुलहर नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है. दोनों नदियों के बढ़ते जलस्तर से भूतनी चर, महानंदाटोला, बिलाइमारी और कालियाचक-3 के कुंभीरा के कुछ हिस्से प्रभावित हुए हैं.बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तीनों ब्लॉकों के 82 स्कूलों में पढ़ाई बंद रखने का निर्णय लिया है. इनमें 23 स्कूलों को राहत शिविर में तब्दील किया गया है.सामने उच्च माध्यमिक की सेमेस्टर परीक्षा को देखते हुए प्रशासन ने छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए नवम से द्वादश कक्षा तक ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की है. इससे उदयपुर हाई स्कूल, भूतनी चंडीपुर हाई स्कूल, उत्तर चंडीपुर हाई स्कूल, आमतला ननीटोला हाई स्कूल और कटाहा दियारा हाई स्कूल के करीब 750 उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा.जिलाधिकारी राजनवीर सिंह कपूर ने शुक्रवार को बताया कि फिलहाल ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होते ही स्कूलों में नियमित कक्षाएं शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं.प्रशासन के इस कदम से छात्रों को भी राहत मिली है. उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी श्यामल दास ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं शुरू होने से पढ़ाई का बड़ा नुकसान टल गया है और यह प्रशासन की सराहनीय पहल है.

### सालानपुर में सीसीटीवी में कैद हुई दिनदहाड़े गाय चोरी की वारदात

**पश्चिम बर्दवान :** सालानपुर इलाके में एक बार फिर मवेशी चोरी की घटना सामने आई है. इस बार चोरों ने देर रात नहीं, बल्कि दिनदहाड़े चार पहिया वाहन से पहुंचकर घर के सामने से एक गाय चोरी कर ली और फरार हो गए. घटना सालानपुर थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर फांड़ी अंतर्गत पिठाक्यारी इलाके की बताई जा रही है. चोरी की पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. इसका फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिठाक्यारी इलाके में एक घर के सामने कुछ मवेशी बैठे हुए थे. इसी दौरान एक चार पहिया वाहन वहां आकर रुका. वाहन से कुछ लोग नीचे उतरे और घर के सामने मौजूद एक गाय को पकड़ लिया. सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि कुछ लोगों ने गाय को जबरन वाहन में डाल दिया.गाय को वाहन में डालने के बाद चालक ने तुरंत गाड़ी स्टार्ट की और कुछ ही पलों में सभी लोग वहां से फरार हो गए..दिनदहाड़े घर के सामने से इस तरह मवेशी चोरी की घटना सामने आने के बाद इलाके में चिंता और दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों ने मवेशियों की सुरक्षा के साथ क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं.सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## 91वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे खेल प्रतिभाओं को विकसित करने और उन्हें निखारने के उद्देश्य से विभिन्न खेल आयोजनों तथा खेल बुनियादी ढांचे के विकास में हमेशा अग्रणी रहा है. पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती गीतिका पांडे के नेतृत्व में यह रेलवे जोन खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है.

पिछले वर्ष की तरह, पूर्वी रेलवे खेल संघ (ईआरएसए) इस वर्ष भी लगातार दूसरी बार रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर-रेलवे एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) का आयोजन कर रहा है. पूर्वी रेलवे खेल संघ (ईआरएसए) द्वारा आयोजित 91वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैम्पियनशिप - 2026 (पुरुष एवं महिला) का आयोजन 11 सितंबर से 13 सितंबर तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मैदान, साल्ट लेक, कोलकाता में किया जा रहा है.




पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक एवं ईआरएसए की मुख्य संरक्षक श्रीमती गीतिका पांडे ने आज सुबह साई खेल परिसर, साल्ट लेक, कोलकाता में इस अखिल भारतीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की. इस अवसर पर नीरज वर्मा, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, विक्रम गुप्ता, प्रधान मुख्य इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी एवं प्रख्यात खेल हस्तियां भी उपस्थित थीं. इस 91वीं अखिल भारतीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) में विभिन्न क्षेत्रीय रेलों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की कुल 24 टीमें लगभग 500 प्रतिभागियों के साथ भाग ले रही हैं. यह आयोजन कई महान खेल हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति का भी गवाह बन रहा है, जिनमें प्रमुख हैं: जोसेफ अब्राहम (अर्जुन पुरस्कार विजेता), जितेन्द्र कुमार (अर्जुन पुरस्कार विजेता), श्रीमती जे. जे. सोभा (अर्जुन पुरस्कार विजेता), पप्पू यादव (अर्जुन पुरस्कार विजेता), श्रीमती सोमा बिस्वास (अर्जुन पुरस्कार विजेता) श्रीमती सरस्वती साहा (अर्जुन पुरस्कार विजेता), श्रीमती एल. बोम्बायला देवी (अर्जुन एवं पद्म श्री पुरस्कार विजेता)

मोहम्मद अली कमर (अर्जुन एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता), संजय राय (ओलंपियन), श्रीमती भावना जाट(ओलंपियन), इस अवसर पर पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती गीतिका पांडे ने कहा कि किसी भी खेल आयोजन में खेल भावना अत्यंत आवश्यक है. अखिल भारतीय स्तर का यह आयोजन सभी प्रतिभागियों की खेल भावना से ही सफल होगा, न कि केवल प्रतियोगिता में जीतने के उद्देश्य से. महाप्रबंधक श्रीमती गीतिका पांडे ने आज साई मैदान, कोलकाता में आयोजित 1500 मीटर दौड़ (पुरुष) स्पर्धा के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए. समापन समारोह 13 सितंबर, 2026 को साई खेल परिसर, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा.

## महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण के लिए सियालदह मंडल का 'सखी' कार्यक्रम



**कोलकाता :** सियालदह मंडल ने मंथन सभागार, सियालदह में 'सखी' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. इसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों को उनके पेशेवर और व्यक्तिगत कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिक जागरूक बनाना था. यह कार्यक्रम सियालदह मंडल के कार्मिक विभाग एवं चिकित्सा विभाग के सहयोग से ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सियालदह की अध्यक्षा श्रीमती निधि सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित किया गया था. इस अवसर पर डीआरएम सियालदह राजीव सक्सेना भी उपस्थित रहे. यह कार्यक्रम मुख्य रूप से तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित था ॠ यौन उत्पीड़न की रोकथाम, महिला स्वास्थ्य जागरूकता और वित्तीय जागरूकता. इन सत्रों का प्रारूप महिला कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कार्यस्थल की सुरक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण के बारे में व्यावहारिक ज्ञान और बेहतर समझ प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था.जागरूकता सत्र के दौरान प्रतिभागियों को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और गरिमापूर्ण कार्यस्थल बनाए रखने के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाया गया. साथ ही, कार्यस्थल पर उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए उपलब्ध तंत्र और व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया गया. महिला स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में निवारक स्वास्थ्य देखभाल (प्रिवेंटिव हेल्थकेयर), नियमित स्वास्थ्य जांच और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया. वित्तीय जागरूकता सत्र में वित्तीय योजना (फाइनेंशियल प्लानिंग), बचत, निवेश और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के लिए सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के महत्व पर प्रकाश डाला गया.'सखी' कार्यक्रम में सियालदह मंडल के विभिन्न क्षेत्रों और विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाली लगभग 80 महिला कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया. इन संवादात्मक (इंटरैक्टिव) सत्रों ने प्रतिभागियों को वक्ताओं के साथ जुड़ने, अपने संदेह दूर करने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया.

## मीडिया से बनेगा श्रेष्ठविश्व : जयंती दीदी

**कोलकाता**: ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मान सरोवर परिसर में 'श्रेष्ठ विश्व के निर्माण हेतु सशक्त मीडिया' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय महासम्मेलन में स्वागत सत्र हुआ. देशभर से मीडिया और जनसंपर्क क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिका राजयोगिनी बीके जयंती दीदी ने वीडियो संदेश में कहा कि सत्यता, पवित्रता और मिलनसारिता जैसे गुण व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाने के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनाते हैं. उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ विश्व का निर्माण बाहरी परिस्थितियां बदलने से नहीं, बल्कि स्वयं में परिवर्तन लाने से संभव है.




मीडिया सकारात्मक सोच, जागरूकता और रचनात्मक परिवर्तन की प्रभावी शक्ति बन सकता है.कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया एवं पीआर विंग के वाइस चेयरपर्सन बीके आत्म प्रकाश भाई ने की. उन्होंने कहा कि मीडिया सकारात्मक विचारों और श्रेष्ठ संस्कारों की लहर पैदा कर सकता है. ज्यूरिस्ट्स विंग की चेयरपर्सन राजयोगिनी बीके पुष्पा दीदी ने मूल्य आधारित और रचनात्मक पत्रकारिता पर जोर दिया.मीडिया विंग की वाइस चेयरपर्सन बीके सरला बहन ने विंग की गतिविधियों और सम्मेलन के उद्देश्यों बताए. कार्यक्रम में स्वागत गीत, नृत्य और गणेश वंदना प्रस्तुत की गई. बीके शकु बहन ने प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन कराया.

### दिनहाटा में दंपति के रक्तरंजित शव बरामद

**कूचबिहार :** जिले के दिनहाटा-1 ब्लॉक के एक ग्राम पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दंपति के रक्तरंजित शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतकों की पहचान सुकुमार बर्मन और उनकी पत्नी चंपा राय के रूप में हुई है. शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने घर के अंदर दोनों को फर्श पर रक्तरंजित हालत में पड़ा देखासूचना पाकर दिनहाटा के एसडीपीओ प्रशांत देवनाथ और आईसी बुधादित्य राय के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

## अवैध कॉल सेंटर पर पुलिस की कार्रवाई, चार महिला समेत नौ गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी :** शहर के परिवहन नगर स्थित वेबेल आईटी पार्क में चल रहे अवैध कॉल सेंटर पर माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने छापेमारी कर चार महिला सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है. गुरुवार देर रात भारी पुलिस बल ने आईटी पार्क में यह अभियान चलाया.पुलिस सूत्रों के अनुसार, आईटी पार्क की आड़ में लंबे समय से कस्टमर सपोर्ट सेंटर के नाम पर कथित तौर पर साइबर ठगी और अवैध वित्तीय लेनदेन चलाया जा रहा था. सीबीआई की जांच से जुड़ी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गुरुवार को अभियान की तैयारी शुरू कर दी गई थी. सिलीगुड़ी कमिश्नरेट के सभी थानों से करीब दो सौ पुलिसकर्मियों की टीम तैयार की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थी.गुरुवार देर रात परिवहन नगर स्थित वेबेल आईटी पार्क में अभियान का नेतृत्व डीसीपी (ईस्ट) चारु शर्मा और एसीपी (ईस्ट) रॉबिन थापा ने किया. वहीं, पुलिस की एक अन्य टीम ने लीचुबागान स्थित वेबेल आईटी पार्क में तलाशी अभियान चलाया. दोनों स्थानों पर रात करीब डेढ़ बजे तक तलाशी और पूछताछ जारी रही. मौके से बड़ी संख्या में दस्तावेज, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जब्त किए गए है. प्राथमिक जांच में कथित अवैध वित्तीय लेनदेन में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल और फर्जी बैंक खातों की पहचान शुरू कर दी गई है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि सरकारी बुनियादी ढांचे वाले वेबेल आईटी पार्क में इतने लंबे समय से यह कथित अवैध गतिविधि कैसे चल रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं.गिरफ्तार आरोपितों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत की मांग की जाएगी. पुलिस ने साफ किया है कि साइबर ठगी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा.

## पूर्व रेलवे ने किया क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव का आयोजन

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के राजभाषा विभाग के तत्त्वावधान में 11 सितंबर को 'क्षेत्रीय रेल हिंदी नाटक प्रतियोगिता-2026' का आयोजन उदिशा प्रेक्षागृह, फेयरली प्लेस में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं नाट्य टीमों के स्वागत तथा निर्णायकगण अभिजीत बनर्जी एवं श्रीमती सुनिता मिश्रा, उप महाप्रबंधक(राजभाषा) विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

.इस नाट्य प्रतियोगिता में पूर्व रेलवे के विभिन्न कारखानों एवं मंडलों के 5 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. लिलुआ कारखाना ने 'दहेज', हावड़ा मंडल ने 'अनुभूति', कांचरापाड़ा कारखाना ने 'शोर से सन्यास', आसनसोल मंडल ने 'मुन्नी' तथा जमालपुर कारखाना ने 'एक और चक्रव्यूह' नाटक का मंचन किया.



रेलवे कर्मचारियों ने नाटकों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, मानवीय संवेदनाओं एवं जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. कलाकारों के अभिनय, संवाद-अदायगी, निर्देशन एवं मंच-सज्जा को दर्शकों ने खूब सराहा.

इस नाट्य प्रतियोगिता में निर्णायकगण अभिजीत बनर्जी एवं श्रीमती सुनीता मिश्रा के निर्णय से हावड़ा मंडल की टीम ने प्रथम, कांचरापाड़ा कारखाना की टीम ने द्वितीय, लिलुआ कारखाना की टीम ने तृतीय एवं जमालपुर कारखाना की टीम ने प्रेरणा स्थान प्राप्त किया. उप महाप्रबंधक(राजभाषा) ने नाटक मंडली के कलाकारों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी.सांयकाल आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री गीतिका पाण्डेय के साथ वरिष्ठ रेल अधिकारियों का आगमन हुआ. मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर आशीष कुमार सक्सेना ने महाप्रबंधक का स्वागत किया. इसके बाद प्रथम स्थान प्राप्त नाटक 'अनुभूति' का पुनर्मंचन हावड़ा मंडल की टीम के द्वारा किया गया. महाप्रबंधक ने प्रथम नाटक, द्वितीय नाटक, तृतीय नाटक, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, सर्वश्रेष्ठ पटकथा, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार जैसे कुल 14 वर्गों में पूर्व रेलवे के कार्मिकों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र एवं धनराशि प्रदान किया. अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने नाट्य कला के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा के प्रभावी प्रयोग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की. इस कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक राजभाषा विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त द्वारा संयुक्त रुप से किया गया.

## बर्नपुर बाजार में ईबी की जांच से मचा हड़कंप, कई दुकानदारों ने आनन-फानन में लगाए मूल्य सूची

**पश्चिम बर्दवान:** बर्नपुर डेली बाजार में वस्तुओं की कीमतों को लेकर मिल रही शिकायतों के बीच शुक्रवार को ईबी की टीम ने बर्नपुर बाजार में जांच अभियान चलाया. कोलकाता और आसनसोल से पहुंची टीम को बाजार में जांच करते देख कई दुकानदारों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. खबर फैलते ही कुछ ठेले-खोमचे बंद कर दिए गए, जबकि कई दुकानदारों ने तत्काल अपनी दुकानों के सामने मूल्य सूची लगाना शुरू कर दिया.जांच की शुरुआत सब्जी बाजार से हुई. इसके बाद टीम ने मांस और फल बाजार में भी दुकानों पर जाकर कीमतों की जानकारी ली. अधिकारियों ने दुकानदारों से अलग-अलग सामान के खरीद और बिक्री मूल्य के संबंध में पूछताछ की. जांच के दौरान कुछ दुकानों पर थोक और खुदरा कीमतों में 15 से 20 रुपये तक का अंतर पाए जाने की बात सामने आई.अभियान के दौरान टीम ने दुकानों पर मूल्य सूची की स्थिति भी देखी. बताया गया कि बाजार की बड़ी संख्या में दुकानों पर रेट बोर्ड नहीं लगे थे. कई दुकानदार ग्राहकों को सामान की कीमत मौखिक रूप से बता रहे थे.



जांच में एक दुकान पर थोक में करीब 10 रुपये कीमत वाले आलू को 15 रुपये तक बेचने की बात भी सामने आई.ईबी की कार्रवाई की खबर बाजार में फैलने के बाद दुकानदारों के बीच चर्चा तेज हो गई. फल विक्रेताओं और अन्य दुकानदारों ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी सफाई रखी. एक फल विक्रेता ने कहा कि उन्हें अभियान की जानकारी नहीं थी और बाजार में जिस कीमत पर माल मिलता है, उसी के आधार पर बिक्री की जाती है.ईबी अधिकारियों के अनुसार, बर्नपुर बाजार में सब्जी और मांस सहित कई आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं. इन्हीं शिकायतों के आधार पर बाजार में वास्तविक बिक्री मूल्य और दुकानों में प्रदर्शित दरों की जांच की गई. अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान दर्ज की गई कीमतों और सामने आई अनियमितताओं की समीक्षा की जाएगी. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा सकता है.करीब दो घंटे तक चले इस अभियान में कोलकाता और आसनसोल से आए ईबी के अधिकारी शामिल रहे.

# जूनपुट में डीआरडीओ का बड़ा रक्षा शोध प्रोजेक्ट, बंगाल में सरकारी निवेश को मिलेगा बढ़ावा : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में बड़े सरकारी निवेश की तैयारी है. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी के पास जूनपुट में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए जमीन उपलब्ध कराई जा रही है. उन्होंने कहा कि जूनपुट में डीआरडीओ की ओर से एक बड़ी परियोजना स्थापित की जाएगी. परियोजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मेदिनीपुर के तटीय क्षेत्र जूनपुट में डीआरडीओ की ओर से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा है. उन्होंने संकेत दिया कि यह परियोजना राज्य में रक्षा अनुसंधान और संबंधित गतिविधियों को नई दिशा दे सकती है. जूनपुट में डीआरडीओ की प्रस्तावित परियोजना को लेकर पहले भी विवाद सामने आ चुका है. वर्ष 2024 में यहां प्रस्तावित मिसाइल प्रक्षेपण केंद्र के लिए 'फ्लाइट ट्रायल' से जुड़े बुनियादी ढांचे के निर्माण का स्थानीय स्तर पर विरोध हुआ था. तृणमूल कांग्रेस के श्रमिक संगठन और स्थानीय मछुआरों के विरोध के बाद निर्माण कार्य प्रभावित हुआ था. अब जूनपुट में डीआरडीओ की बड़ी परियोजना स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है. इससे



क्षेत्र में रक्षा अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों और सरकारी निवेश के बढ़ने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री ने राज्य में निवेश और रोजगार को लेकर भी कई घोषणाएं कीं. साल्टलेक सिटी सेंटर में एक प्रमुख कपड़ा बिक्री समूह के कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि कंपनी के फिलहाल पश्चिम बंगाल में 110 आउटलेट हैं. अगले 18 महीनों में कंपनी 140 नए आउटलेट खोलने की योजना बना रही है. इस विस्तार पर करीब 1,900 करोड़ के निवेश का अनुमान है. नए आउटलेट खुलने के बाद राज्य में कंपनी की कुल दुकानों की संख्या 250 हो जाएगी. मुख्यमंत्री के मुताबिक, इससे करीब 7,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है. इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र में भी कारोबार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे.

शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडानी आगामी 24 सितंबर को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे. उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा से पहले 33 कंपनियों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी. सरकार को उम्मीद है कि इससे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को गति मिलेगी. मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि संबंधित कपड़ा बिक्री समूह पुरुलिया में करीब 1,000 एकड़ जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना चाहता है. कंपनी अब तक 100 एकड़ जमीन सीधे खरीद चुकी है. प्रस्तावित परियोजना से पश्चिम बंगाल के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ने की संभावना है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग, रोजगार और निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दे रही है. रक्षा अनुसंधान, खुदरा कारोबार, ऊर्जा और एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने की दिशा में सरकार काम कर रही है. उन्होंने नई दिल्ली में प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का भी जिक्र किया और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया है. मुख्यमंत्री ने राज्य में प्रस्तावित निवेश और औद्योगिक परियोजनाओं को व्यापक आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.

# अभिषेक बनर्जी के पीए सुमित राय को 8 दिन की सीआईडी हिरासत

**कोलकाता:** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी जमीन भ्रष्टाचार मामले में सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आप्त सहायक बताए जा रहे सुमित राय को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को उन्हें मेदिनीपुर अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने सुमित राय को 8 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेज दिया. बताया जा रहा है कि जमीन भ्रष्टाचार मामले में जांच आगे बढ़ने के साथ ही सीआईडी की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है. इससे पहले इसी मामले में मेदिनीपुर के पूर्व तृणमूल विधायक और मेदिनीपुर संगठनात्मक जिले के तृणमूल अध्यक्ष सुजय हाजरा की भी गिरफ्तारी हो चुकी है. सीआईडी के मुताबिक, शालबनी थाने में दर्ज जमीन संबंधी शिकायत को केवल किसी एक व्यक्ति तक सीमित मामला नहीं माना जा रहा है. जांच एजेंसी को कथित तौर पर आशंका है कि इसके



पीछे एक बड़ा नेटवर्क और भारी वित्तीय लेनदेन हो सकता है. आरोप है कि सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन का चरित्र बदलकर, कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और उन जमीनों की बिक्री की गई. अब सीआईडी सुमित राय को हिरासत में लेकर पूछताछ के जरिए यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि इस कथित जमीन घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और पूरे मामले में पैसों का लेनदेन किस तरह हुआ. आज सुमित राय को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच मेदिनीपुर अदालत में पेश किया गया. अदालत परिसर में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम दिखाई दिए. अब सीआईडी हिरासत के दौरान होने वाली पूछताछ पर सभी की नजरें टिकी हैं. सवाल बड़ा है, क्या सुमित राय से पूछताछ के बाद शालबनी के कथित जमीन भ्रष्टाचार मामले में जुड़े और भी नाम सामने आएंगे?


## ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के अड्डे पर पुलिस का छापा, चार गिरफ्तार

**कोलकाता :** जादवपुर के दिनेशनगर इलाके में एक फ्लैट में कथित तौर पर चल रहे ऑनलाइन जुआ और क्रिकेट सट्टेबाजी के धंधे का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. पूर्वी जादवपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया. मौके से नौ मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैब, चार डेबिट कार्ड और 26,500 रुपये नकद बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर की रात सूचना मिलने पर टीम ने दिनेशनगर स्थित एक फ्लैट में छापा मारा. आरोप है कि वहां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए क्रिकेट सट्टेबाजी और जुए का कारोबार चलाया जा रहा था तथा लोगों को इसमें फंसाया जा रहा था. छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनबाद निवासी सौरभ कुमार सिंधुरिया (27), विकास कुमार वर्मा (32), धीरज कुमार ठाकुर (24) और ओमप्रकाश सौ (24) के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच से सट्टेबाजी के नेटवर्क और आर्थिक लेनदेन से जुड़ी अहम जानकारी सामने आ सकती है. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (जांचकर्ता) कुणाल अग्रवाल ने बताया कि पुलिस इस पूरे नेटवर्क के पीछे मौजूद लोगों का पता लगाने में जुटी है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर एक बड़े गिरोह के लिए काम कर रहे थे. जांच में पवन सौ, रोहित समेत कुछ अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. पुलिस अब बरामद मोबाइल फोन, लैपटॉप और टैब की जांच के जरिए गिरोह के संपर्कों, वित्तीय लेनदेन और सट्टेबाजी के दायरे का पता लगाने में जुटी है.

**बंगाल पहुंचा जापान का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल**

# उद्योग मंत्री से की निवेश और नवीकरणीय ऊर्जा पर चर्चा

**कोलकाता:** भारत और जापान के बीच व्यापार, निवेश तथा सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से जापान के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तापस राय से मुलाकात की. विदेश मामलों के राज्य मंत्री अयानो कुनिमित्सु के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में राज्य में जापानी निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और कोलकाता-जापान के बीच हवाई संपर्क बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में तापस राय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पश्चिम बंगाल और जापान के बीच द्विपक्षीय व्यापार, कारोबारी सहयोग तथा सांस्कृतिक संबंधों को विस्तार देने के उपायों पर विचार किया. उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियों ने पश्चिम बंगाल के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विशेष रुचि दिखाई है. मंत्री ने बताया कि जापानी कंपनियां पश्चिम बंगाल के ऊर्जा क्षेत्र में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाने को लेकर इच्छुक हैं. बैठक में राज्य के कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा बढ़ाने और इस क्षेत्र में संभावित निवेश पर



चर्चा हुई. बैठक में कोलकाता और जापान के बीच हवाई संपर्क मजबूत करने का मुद्दा भी उठा. तापस राय ने बताया कि दोनों पक्षों ने सीधी उड़ानों के साथ-साथ पारगमन केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध हवाई सेवाओं को बेहतर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की. बेहतर हवाई संपर्क से व्यापार और पर्यटन के साथ दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है. मंत्री ने कहा कि जापानी और भारतीय दोनों कंपनियां पश्चिम बंगाल में 'बाधारहित' कारोबारी माहौल चाहती हैं. राज्य सरकार ने प्रतिनिधिमंडल को निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है. 'बाधारहित' माहौल से संबंधित सवाल पर राय ने कहा कि घरेलू निवेशकों ने भी ऐसी ही मांग की है. उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल में कथित रूप से बने प्रतिकूल निवेश माहौल का उल्लेख किया. तापस राय ने जापानी रासायनिक कंपनी मित्सुबिशी केमिकल के पश्चिम बंगाल से बाहर जाने का भी उल्लेख किया. उन्होंने सवाल उठाया कि कंपनी को राज्य छोड़ने की जरूरत क्यों पड़ी. हालांकि, उन्होंने कंपनी के राज्य से बाहर जाने की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी. मंत्री ने बताया कि वर्ष 2027 में भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पश्चिम बंगाल में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि इस अवसर पर खाद्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तापस राय ने कहा कि जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक पश्चिम बंगाल और जापान के बीच आर्थिक, कारोबारी तथा सांस्कृतिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

**टीईटी की अनिवार्यता से 90 हजार शिक्षकों की बढ़ी चिंता**

# अगस्त 2028 तक परीक्षा कराने की तैयारी, पुराने शिक्षकों के भविष्य पर भी सवाल

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल में कार्यरत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है. राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड और स्कूल सेवा आयोग को पत्र भेजकर परीक्षा की तारीख तय करने को कहा है. अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा आयोजित किए जाने की संभावना है. विभाग के इस कदम से राज्य के 90 हजार से अधिक ऐसे कार्यरत शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है, जिन्होंने अब तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया है. प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने भी विभाग से निर्देश मिलने की पुष्टि की है. बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत निर्धारित समयसीमा में टीईटी आयोजित की जानी है. अब बोर्ड परीक्षा की तारीख और समय तय कर इसकी जानकारी विभाग को देगा. इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल उन शिक्षकों के भविष्य को लेकर है, जो लंबे समय से स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति के समय टीईटी अनिवार्य नहीं थी. खासकर 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों का एक वर्ग लगातार इसका विरोध कर रहा है. उनका तर्क है कि जब नियुक्ति के समय टीईटी जरूरी नहीं थी, तो बाद में लागू किए गए नियम को उन पर लागू करना उचित नहीं है. शिक्षकों के अनुसार, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 के बाद एनसीटीई ने शिक्षक पात्रता से जुड़े नए मानदंड तय किए. पश्चिम बंगाल में जुलाई 2011 से शिक्षक नियुक्ति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया गया. इसी के बाद पुराने और नए नियुक्त शिक्षकों को लेकर यह विवाद खड़ा हुआ. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि टीईटी उत्तीर्ण नहीं करने वाले कार्यरत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों को निर्धारित समयसीमा में परीक्षा पास करनी होगी. पहले यह समयसीमा 2027 तक थी, जिसे बढ़ाकर अगस्त 2028 कर दिया गया. हालांकि, जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष या उससे कम समय बचा है, उन्हें इस आदेश से राहत दी गई है. इस फैसले को चुनौती देते हुए ऑल बंगाल प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने पुनर्विचार याचिका भी दायर की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने टीईटी की अनिवार्यता को बरकरार रखा. इसके बाद शिक्षकों के एक वर्ग ने पुराने शिक्षकों को इस दायरे से बाहर रखने के लिए संसद में अध्यादेश लाने की मांग की. हालांकि, अब तक इस मांग पर कोई फैसला नहीं हुआ है. शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों की योग्यता और अनुभव को नजरअंदाज कर उन्हें दोबारा पात्रता परीक्षा के दायरे में लाना उनके लिए बड़ी चुनौती है.

# सुरेंद्रनाथ लॉ कॉलेज में छात्र आंदोलन के बीच उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप**


**कोलकाता:** सुरेंद्रनाथ लॉ कॉलेज में छात्रों के लगातार आंदोलन और लंबे घेराव के बीच शुक्रवार को कॉलेज की उपाध्यक्ष मोहम्मदी तरन्नुम ने पद से इस्तीफा दे दिया. हालांकि, कॉलेज से बाहर निकलते ही उन्होंने दावा किया कि उनसे जबरन इस्तीफा पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए हैं. उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप की अपील की है. कॉलेज में पिछले बुधवार से छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है. विवाद छात्रों की उपस्थिति को लेकर शुरू हुआ. कॉलेज प्रबंधन ने 40 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्रों को इस वर्ष परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया था. छात्रों का आरोप है कि कॉलेज में नियमित रूप से कक्षाएं आयोजित नहीं की जाती थीं. इस संबंध में छात्रों ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति से शिकायत की थी. इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने सुबह करीब 6:30 बजे से कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया. हालांकि, छात्रों का कहना है कि इतनी सुबह सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो सेवाओं की सीमित उपलब्धता के कारण कई विद्यार्थी कक्षाओं में नहीं पहुंच सके. छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन के पास उनकी उपस्थिति से संबंधित कोई स्पष्ट और पारदर्शी रिकॉर्ड मौजूद नहीं है. इसी बीच गुरुवार को सेमेस्टर फॉर्म भरने की प्रक्रिया स्थगित किए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया. आंदोलनकारी छात्रों ने उपाध्यक्ष मोहम्मदी तरन्नुम का करीब 23 घंटे तक घेराव किया. शुक्रवार को पुलिस की मदद से वह अपने कमरे से बाहर निकल सकीं. कॉलेज से बाहर आने के बाद तरन्नुम ने आरोप लगाया कि उन्हें लगभग दो दिनों तक कमरे में बंद रखा गया और वहां पानी तथा बिजली की सुविधा भी नहीं थी. उन्होंने दावा किया कि लंबे घेराव और दबाव के बाद उनसे इस्तीफा पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए. तरन्नुम ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था की भी जांच होनी चाहिए. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ मौजूद अन्य शिक्षकों को कमरे से बाहर निकाल दिया गया था और उन्हें अकेले कमरे में रखा गया. तरन्नुम ने कहा कि यदि शिक्षकों को इस तरह निशाना बनाया जाएगा तो शिक्षा व्यवस्था के सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती. राजनीतिक आरोपों पर सफाई देते हुए तरन्नुम ने कहा कि वह पहले वाम राजनीति से जुड़ी थीं, लेकिन वर्ष 2016 के बाद उन्होंने सभी प्रकार की राजनीतिक सदस्यता छोड़ दी. इस बीच, पुलिस ने घटनाक्रम को लेकर अलग पक्ष रखा है. पुलिस के अनुसार, गुरुवार से ही संभावित अशांति को देखते हुए सुरेंद्रनाथ लॉ कॉलेज के बाहर पुलिस बल तैनात था. पुलिस का दावा है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से पहले किसी तरह की औपचारिक मदद की मांग नहीं की गई थी. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह उपाध्यक्ष की ओर से ई-मेल के माध्यम से संपर्क किया गया, हालांकि उसमें उन्हें बचाने या बाहर निकालने के लिए विशेष अनुरोध नहीं किया गया था.

# बारुईपुर में तृणमूल नेता के घर भीषण विस्फोट

**मकान का निचला हिस्सा जमींदोज**

**कोलकाता:** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तर भाग लालपोल इलाके में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता द्विजेन मंडल के दो मंजिला मकान में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया. धमाका इतना भीषण था कि मकान का निचला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जमींदोज हो गया और आसपास की कई इमारतों की दीवारों व खिड़कियों में दरारें आ गईं. घटना की तीव्रता और तेज आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा, जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए. विस्फोट के कारणों को लेकर पुलिस और स्थानीय लोगों के दावों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही बारुईपुर थाने की पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा. पुलिस के प्राथमिक आकलन के अनुसार, रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर फटने से यह हादसा हुआ हो सकता है. दूसरी ओर, प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि मकान के निचले हिस्से में भारी मात्रा में कच्चे बम और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी गई थी. ग्रामीणों का दावा है कि विपक्षी कार्यकर्ताओं को डराने व निशाना बनाने के उद्देश्य से यह जखीरा जमा किया गया था. विस्फोट के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए राज्य पुलिस के फॉरेंसिक विशेषज्ञों को मौके पर बुलाया गया है: पुलिस यह पता लगा रही है कि क्या मलबे से गंधक, पोटेशियम या किसी अन्य रासायनिक विस्फोटक के अंश मिले हैं या यह विशुद्ध रूप से गैस रिसाव का मामला है. इलाके में उपजे तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी.

## श्री रानीसती दादी भादी अमावस्या महोत्सव मनाया गया



**कोलकाता:** श्री रानीसती दादी भादी अमावस्या महोत्सव 11 सितंबर शुक्रवार 2026 को विशेष आयोजन. रानीसती दादी का पंचामृत अभिषेक, अलौकिक श्रृंगार, मंगल पाठ,अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी, भण्डारा का प्रसाद, जात-जडूला, थली पूजन, महाआरती आयोजन किया गया है. श्री चैतन्य धाम, चैतन्य सेठ स्ट्रीट, श्री चैतन्य भैरव रानीसाती सालासर हनुमान मंदि सेवायत पंडित महेश, पवन, कृष्णा पुजारी.

**हुगली में ममता के कार्यक्रम पर गतिरोध बरकरार**

# हाई कोर्ट ने मामला एकल पीठ को लौटाया

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के हुगली के माहेश में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उच्च न्यायालय में चल रहा गतिरोध शुक्रवार को भी खत्म नहीं हुआ. कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवींद्र वी. घुगे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को एक बार फिर एकल पीठ के पास भेज दिया. साथ ही एकल पीठ से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया गया है. आज श्रीरामपुर के माहेश में कालीघाट तृणमूल की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया जाना था. इसमें ममता बनर्जी के भी शामिल होने की बात थी. संगठन की योजना पहले जुलूस निकालने और उसके बाद सभा आयोजित करने की थी. हालांकि, पुलिस की अनुमति को लेकर विवाद के कारण मामला उच्च न्यायालय पहुंच गया. गुरुवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने कुछ शर्तों के साथ कालीघाट तृणमूल को सभा आयोजित करने की अनुमति दी थी. इसके कुछ ही घंटे बाद राज्य सरकार ने उस आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ का रुख किया. राज्य की ओर से सभा के लिए जिस मैदान के इस्तेमाल की अनुमति दी गई थी, उसके संबंध में अदालत से स्पष्टीकरण मांगा गया. मामला गुरुवार शाम को ही मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष पहुंचा. खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रस्तावित कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्देश दिया. इसके बाद आज मामले की दोबारा सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि मैदान के मालिक पक्ष की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए एकल पीठ ही नए सिरे से मामले पर विचार करेगी. मामला माहेश के जगन्नाथदेव स्नानपिंड़ी मैदान से जुड़ा है. कालीघाट तृणमूल को इस मैदान में सभा करने की अनुमति एकल पीठ ने दी थी. राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता बिल्वदल भट्टाचार्य ने खंडपीठ का ध्यान इस ओर दिलाया कि मैदान का इस्तेमाल धार्मिक गतिविधियों के लिए किया जाता है.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)
सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com

# अभिषेक को फिलहाल खाली नहीं करना होगा कैमैम स्ट्रीट का दफ्तर

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को फिलहाल कोलकाता के कैमैम स्ट्रीट स्थित अपना दफ्तर खाली नहीं करना होगा. कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दमकल विभाग की ओर से जारी उस नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें नौ नम्बर कैमैम स्ट्रीट स्थित इमारत की सातवीं और आठवीं मंजिल को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में कथित खामियों के कारण खाली करने का निर्देश दिया गया था. अदालत ने फिलहाल दमकल विभाग को नोटिस के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति कृष्ण राव की एकल पीठ में हुई. अदालत ने कहा कि अग्निशमन संबंधी मंजूरी प्राप्त करने में समय लगता है और यह प्रक्रिया एक दिन में पूरी नहीं हो सकती. अदालत ने मामले में अगली सुनवाई और निर्णय के लिए 16 सितंबर की तारीख तय की है. नौ नम्बर कैमैम स्ट्रीट की सातवीं और आठवीं मंजिल पर अभिषेक बनर्जी का कार्यालय है. कुछ दिन पहले वहां से बिलबोर्ड हटाने के दौरान कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों और अभिषेक समर्थकों के बीच विवाद होने का आरोप लगा था. इस दौरान पुलिस के साथ हाथापाई की बात भी सामने आई थी. उस मामले में हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद कालीघाट तृणमूल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. इसी बीच दमकल विभाग ने इमारत के मालिक को नोटिस जारी कर सातवीं और आठवीं मंजिल की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया था. दमकल विभाग ने नोटिस में कहा था कि संबंधित मंजिलों पर अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया है और उन्हें तत्काल खाली किया जाना चाहिए. इसके बाद इमारत के मालिक की ओर से अभिषेक बनर्जी के कार्यालय को भी खाली करने का निर्देश दिया गया. इसी नोटिस को चुनौती देते हुए कालीघाट तृणमूल की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई

**दमकल के नोटिस पर हाई कोर्ट की अंतरिम रोक**




थी. शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर दत्त ने अदालत में कहा कि 9 कैमैम स्ट्रीट की सातवीं और आठवीं मंजिल लीज पर ली गई थी. 26 अगस्त 2026 को लीज रद्द किए जाने के खिलाफ निचली अदालत में मामला दायर किया गया है. उन्होंने कहा कि दमकल विभाग ने भवन का निरीक्षण करने के बाद छत पर कथित अवैध निर्माण और सातवीं मंजिल पर कई गैस सिलेंडर रखे होने की बात कही है. उनके अनुसार, सिलेंडर हटा दिए गए हैं और अग्नि सुरक्षा से जुड़ी खामियों को दूर करने की जिम्मेदारी भवन मालिक की है. राज्य की ओर से महाधिवक्ता सुरजीत मित्र ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सातवीं मंजिल पर बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर पाए गए थे, जिसे भवन मालिक ने भी नकारा नहीं है. उन्होंने बताया कि दोनों मंजिलों पर फायर अलार्म काम नहीं कर रहे थे. इसके अलावा 45 फायर स्प्रिंकलर लगाए गए थे, लेकिन अन्य मंजिलों की तुलना में इनकी संख्या काफी कम थी. राज्य ने कई अन्य अग्नि सुरक्षा खामियों का भी अदालत के समक्ष उल्लेख किया. वहीं, भवन मालिक की ओर से अधिवक्ता सौम्य मजूमदार ने आरोप लगाया कि एक समय के बाद भवन मालिक के लिए भी इमारत में प्रवेश करना मुश्किल कर दिया गया था. उन्होंने यह भी कहा कि अभिषेक बनर्जी के कार्यालय की ओर से बिना जानकारी दिए वहां कैफेटेरिया बनाया गया था. इस पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने सवाल किया कि क्या भवन मालिक ने इसके संबंध में कोई नोटिस दिया था और क्या कैफेटेरिया के लिए किराया लिया गया था. दमकल विभाग के नोटिस में यह भी कहा गया था कि सातवीं और आठवीं मंजिल की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए भवन मालिक और किरायेदारों को दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया था. किरायेदारों ने निर्धारित समय पर दस्तावेज प्रस्तुत किए, जबकि भवन मालिक की ओर से नोटिस का जवाब नहीं दिया गया. दस्तावेजों की जांच के बाद दमकल विभाग ने माना कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भवन मालिक की है. नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया था कि संबंधित अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र की वैधता 10 अगस्त 2026 को समाप्त हो चुकी थी और उसके नवीनीकरण की सिफारिश की गई थी, लेकिन भवन मालिक की ओर से इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया. इसके आधार पर दमकल विभाग ने भवन के संबंधित हिस्से को असुरक्षित बताते हुए तत्काल खाली करने का निर्देश दिया था. इसी तरह का निर्देश इमारत के बेसमेंट को लेकर भी जारी किया गया था. फिलहाल हाई कोर्ट की अंतरिम रोक के कारण अभिषेक बनर्जी के कैमैम स्ट्रीट स्थित कार्यालय को तत्काल खाली करने की कार्रवाई पर रोक लग गई है.

पूर्व रेलवे
नीलामी सूचीपत्र
प्रशासनिक इकाई/जोन: सियालदह मंडल-वाणिज्य, पूर्व रेलवे। नीलामी प्राधिकारी: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा सं. 44, डिवीजनल कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, केजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014। नीलामी सूचीपत्र सं.: एसपीएस-एसईपी-03-26; नीलामी शुरू (सभी लॉट): दिनांक 25.09.2026 को 11.30 बजे। नीलामी समाप्त होने की तारीख/समय: 25.09.2026 को 12.40 बजे। सूचीपत्र प्रकाशन की तारीख: 10.09.2029 को 11.57 बजे। [illegible]
(SDAH-218/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज कॉर्नर

### अनियंत्रित कार घर में घुसी, चालक वाहन छोड़कर फरार



**झरिया :** शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे झरिया-भौंरा चेक पोस्ट के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे स्थित एक घर में जा घुसी. हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. हालांकि, टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया. दुर्घटनाग्रस्त कार का नंबर JH10BW-9163 बताया जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई.

### बिना नंबर का मिनी हाइवा अवैध बालू के साथ जब्त




**धनबाद :** अवैध बालू के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर बरवाअड्डा पुलिस ने कार्रवाबरवाअड्डाई करते हुए बिना नंबर प्लेट के महिंद्रा कंपनी के मिनी हाइवा को जब्त किया है. पुलिस ने वाहन को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड से पकड़ा. वाहन में बालू लदा हुआ था और जांच के दौरान चालक के पास बालू परिवहन से संबंधित परमिट और चालान समेत अन्य जरूरी कागजात नहीं मिले.पुलिस के अनुसार, वाहन को रोककर चालक से बालू से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह किसी तरह का कागजात नहीं दिखा सका. जांच में वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी मिली. इसके बाद पुलिस ने मिनी हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया. पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

### उपायुक्त के निर्देशानुसार जनता दरबार का हुआ आयोजन




**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार आज समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जनता दरबार में जन शिकायत कोषांग के प्रभारी श्री उमेश हांसदा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं.जनता दरबार में भूमि विवाद, नाली निर्माण, लंबित वेतन, जमीन की मापी, अवैध कब्जा, सड़क निर्माण, दिव्यांग पेंशन, विभिन्न प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड समेत कई अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई.जन शिकायत कोषांग के प्रभारी श्री उमेश हांसदा ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया.

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं खाद्य आपूर्ति कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता: जिला प्रशासन



**साहिबगंज :** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है. बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं. अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईन्द एवं अंचलाधिकारी, साहिबगंज बासुकीनाथ टुडू के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम एवं कर्मियों के साथ गोपालपुर, घीसू टोला, मकईया टोला, बंसकोला सहित विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेते हुए उनके बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया.इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाढ़ प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए राहत एवं खाद्य आपूर्ति कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देने, प्रभावित परिवारों तक समय पर सहायता पहुंचाने तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.जिला प्रशासन का संकल्प बाढ़ प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, राहत एवं आवश्यक सुविधाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना.

### बाढ़ प्रभावित वार्ड 07 का वार्ड पार्षद सुनीता सिंह ने किया दौरा, सुनी लोगों की समस्या



**साहिबगंज:** वार्ड नंबर 07 में बाढ़ और जलजमाव की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को वार्ड पार्षद सुनीता सिंह एवं पूर्व पार्षद जयप्रकाश सिंह ने छोटी शीतला मंदिर,ज्ञानी मोहल्ला, बड़ी शीतला मंदिर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया.उन्होंने प्रभावित लोगों से मिलकर समस्याएं सुनीं और राहत व आवश्यक व्यवस्था का आश्वासन दिया.जलजमाव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया.वहीं,लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय खोलने व साफ-सफाई कराने तथा सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया.पार्षद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है.मौके पर पप्पू राम,रेखा देवी,राजेंद्र राम,मीणा देवी,रुक्मिणी देवी,रूपा देवी,कैलाश हरिजन,अंजू देवी,विनोद सिंह सहित वार्ड के कई लोग मौजूद रहे.

# सीआईडी ने कोडरमा से दो युवकों को किया गिरफ्तार

## जेपीएससी और जेएसएससी की नियुक्ति परीक्षाओं धांधली का आरोप





**कोडरमा:** जेपीएससी और जेएसएससी की नियुक्ति परीक्षाओं में कथित धांधली को लेकर सीआईडी की टीम कोडरमा पहुंची. गुरुवार देर रात कोडरमा पहुंची सीआईडी की दो अलग-अलग टीमों ने छापेमारी कर डोमचांच व कोडरमा से दो युवकों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार युवकों की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के पूर्णानगर निवासी संदीप कुमार तथा डोमचांच थाना क्षेत्र के गोलवढाब निवासी राजेश प्रसाद यादव के रूप में हुई है. दोनों युवकों को सीआईडी की टीम पूछताछ के लिए अपने साथ रांची ले गई है.जानकारी के अनुसार, जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा धांधली मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों और बिचौलियों से पूछताछ के दौरान कोडरमा के इन दोनों युवकों के नाम सामने आए थे. इसके बाद सीआईडी की टीम ने इनदोनो के आवास पर छापेमारी की और इन्हें मौके से दबोच लिया.बताया जा रहा है कि संदीप कुमार और राजेश यादव आपस में दोस्त हैं और परीक्षा में सेटिंग कराने के नाम पर मध्यस्थ की भूमिका निभाते थे. राजेश प्रसाद यादव के यूट्यूब चैनल चलाने की भी जानकारी सामने आई है. वहीं संदीप कुमार द्वारा ट्रस्ट संचालित किए जाने की बात बताई जा रही है.जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों का कथित परीक्षा सिंडिकेट से जुड़े लोगों के साथ संपर्क था. हालांकि, उनकी भूमिका और धांधली में उनकी संलिप्तता को लेकर सीआईडी की पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी. सीआईडी की कार्रवाई के बाद नियुक्ति परीक्षा धांधली मामले में कोडरमा से जुड़े नेटवर्क को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं. जांच एजेंसी दोनों से पूछताछ कर परीक्षा में कथित सेटिंग, बिचौलियों के नेटवर्क और अन्य आरोपितों से उनके संपर्कों की जानकारी जुटा रही है.इस मामले को लेकर कोडरमा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार ने बताया कि सीआईडी की टीम रात में कोडरमा पहुंची थी. राजेश प्रसाद यादव को डोमचांच के कोलवाढ़ाब और संदीप कुमार को कोडरमा के पूर्णा नगर से हिरासत में ली है और दोनों को पूछताछ के लिए टीम अपने साथ रांची ले गई है.

## 5-डे बैंकिंग की मांग पर बैंक हड़ताल, 300 करोड़ तक का कारोबार प्रभावित



**धनबाद :** 5-डे बैंकिंग लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (णत्रइण) के आह्वान पर शुक्रवार को धनबाद सहित पूरे झारखंड में बैंकिंग सेवाएं ठप रहीं. केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के साथ दो दिवसीय वार्ता विफल होने के बाद बैंककर्मियों ने हड़ताल का फैसला लिया. हड़ताल के कारण जिले की 200 से अधिक बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा और करीब 250 से 300 करोड़ रुपये के कारोबार पर असर पड़ने का दावा किया गया.धनबाद के हीरापुर, बैंक मोड़, पुलिस लाइन, सरायढेला और मटकुरिया समेत विभिन्न क्षेत्रों में बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. कर्मचारियों ने कहा कि 5-डे बैंकिंग लागू करने को लेकर दो वर्ष पहले समझौता होने के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया गया है. हर बार मामला विचाराधीन होने का आश्वासन देकर मांग को टाला जा रहा है.हीरापुर इंडियन बैंक के अधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग लंबे समय से लंबित है. उन्होंने कहा कि बैंक बंद रहने से जिले में करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है.

इंडियन बैंक के संगठन सचिव राजीव कुमार रंजन ने कहा कि एलआईसी की तर्ज पर बैंकों में भी तत्काल 5-डे बैंकिंग लागू की जानी चाहिए. इसके साथ ही पीएलआई (परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) से जुड़ी विसंगतियों को भी दूर करने की मांग की गई. बैंककर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगे तीन दिवसीय हड़ताल और इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है.हालांकि, हड़ताल के दौरान ग्राहकों को पूरी तरह परेशानी न हो, इसके लिए एटीएम और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं चालू रखी गई. इसके बावजूद बैंक शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक संबंधी कार्य और अन्य शाखा आधारित सेवाएं प्रभावित रहीं. हड़ताल में ऋइण से संबद्ध एआईबीईए, एआईबी ओसी, एनसीबीई, एआई बीओए, बीईएफआई, आईएनबीओसी और आईएनबीईएफ सहित सात प्रमुख बैंक यूनियन शामिल रहीं. एसबीआई, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इसका व्यापक असर देखने को मिला.

### सर्पदंश से 10 वर्षीय किशोर की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर:**. जिले के दांतन में मामा के घर सो रहे 10 वर्षीय किशोर की सर्पदंश से मौत हो गई. मृतक की पहचान रोनित बेरा के रूप में हुई है. वह बेलदा के जहालदा इलाके का रहने वाला था.

परिवार के अनुसार, रोनित जन्म से ही खंडरुई गांव में अपने मामा के पास रहता था. गुरुवार रात खेलते-खेलते वह अपने मामा गौतम बेरा के बिस्तर पर ही सो गया. शुक्रवार सुबह उठने के बाद उसने हाथ की एक उंगली में तेज दर्द होने की शिकायत की.शुक्रवार सुबह रोनित ने परिजनों से कहा, ङ्गमामा, हाथ में बहुत तेज दर्द हो रहा है.ङ्ख इसके बाद परिजनों ने उसकी उंगली की जांच की तो वहां सर्पदंश जैसा निशान दिखाई दिया.परिजनो ने तत्काल उसे खंडरुई अस्पताल लेकर पहुंचे. चिकित्सकों ने काफी देर तक उसका इलाज किया, दांतन थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने घटना से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाने के साथ ही किशोर की मौत के कारणों की भी पड़ताल शुरू कर दी है.

### गृहवधू की हत्या के विरोध में एसयूसीआई का प्रदर्शन

**पूर्व मेदिनीपुर:** जिले के मयना थाना क्षेत्र के पूर्व दक्षिण मयना गांव में नौ सितंबर को हुई गृहवधू की हत्या के विरोध में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने शुक्रवार को मयना बाजार में विरोध मार्च निकाला. पार्टी ने घटना में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की.पार्टी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, नौ सितंबर को पूर्व दक्षिण मयना गांव में एक गृहवधू की हत्या की घटना हुई थी. घटना के विरोध और दोषियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शुक्रवार को मयना बाईपास से मल्लिक मोड़ तक विरोध मार्च निकाला.विरोध मार्च में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए. मार्च का नेतृत्व जगदीश माइती, सिद्धार्थ शंकर राय, सुब्रत बाग, मदन सामंत समेत अन्य नेताओं ने किया.पार्टी के अनुसार, घटना के अगले दिन उसके प्रतिनिधियों ने मृत गृहवधू के परिजनों से मुलाकात की थी.

## ग्रामीणों ने उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा आवेदन



**राजमहल :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डुमरी, पो0 मंगलहाट के ग्रामीण प्रदीप मंडल, अर्चना देवी,सोनिता देवी, राजेश मंडल,अजर कुमार,सरत पदक, पिंकी देवी,जिगयामा कुमारी, संतोष मंडल,कविता देवी,चंदना देवी,पंची देवी, सूरज कुमार मंडल, रेशमा कुमारी,अंजना देवी,राज कुमार सहित अन्य लोगों ने विवादित शिक्षक पंचानन मंडल के स्थानांतरण आदेश का अनुपालन कराने तथा उन्हें पूर्व विद्यालय में वापस नहीं रखने की मांग को लेकर उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन दिया.ग्रामीणों के अनुसार,शिक्षक पंचानन मंडल के विरुद्ध विद्यालय में कथित अनियमितता एवं मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतें पूर्व में की गई थीं.ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,राजमहल के ज्ञापांक 389, दिनांक 03.अगस्त.2026 के आदेश के तहत उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय डुमरी से स्थानांतरित कर उच्च मध्य विद्यालय कन्हैयास्थान में पदस्थापित किया गया था.

ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानांतरण के बाद शिक्षक कुछ दिनों तक कन्हैयास्थान विद्यालय गए,लेकिन इसके बाद वहां जाना बंद कर दिया और पुनः डुमरी विद्यालय में रहने के लिए पत्राचार किया.ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक द्वारा गांव के कुछ लोगों से हस्ताक्षर भी कराया गया है,जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके पुनः डुमरी विद्यालय में पदस्थापन के पक्ष में नहीं हैं.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक के घर के समीप विद्यालय होने के कारण उनके विद्यालय में नियमित उपस्थिति को लेकर पूर्व में भी सवाल उठते रहे हैं.साथ ही मध्या भोजन योजना के संचालन में भी कथित अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं.

ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के स्थानांतरण आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है.ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शिक्षक की नियमित उपस्थिति और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आवश्यक है.उन्होंने अधिकारियों से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया है.

### पति ने प्रेमी से कराई पत्नी की शादी, 8 वर्षों की विवाह पर भारी पड़ा सोशल मीडिया का प्यार



**साहिबगंज:** जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अनोखा प्रेम विवाह चर्चा का विषय बन गया. यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ 8 साल पुराने वैवाहिक संबंध को समाप्त करते हुए उसका विवाह उसके प्रेमी से करा दिया. इस दौरान मौजूद लोगों ने पूरे मामले को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया दी.थाना क्षेत्र के विनोद मंडल की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी. विनोद मंडल ने बताया कि पिछले कुछ समय से उसकी पत्नी का संपर्क सोशल मीडिया के माध्यम से बिहार के बाखरपुर गांव के एक युवक गोलू कुमार से हुआ. इस बीच धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया.विनोद के अनुसार, उसने कई बार अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों अपने फैसले पर अड़े रहे. इधर, लड़की के घरवाले भी प्रेमी से शादी कराने के लिए राजी हो गए. विनोद मंडल ने दोनों की इच्छा को देखते हुए पत्नी का विवाह उसके प्रेमी गोलू कुमार से कराने का निर्णय लिया.जिसके बाद गुरुवार को दोनों का विवाह संपन्न कराया गया. विवाह के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं नवविवाहित प्रेमी जोड़े ने बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा और आपसी सहमति से शादी की है. दोनों ने आगे बताया कि वे आगे साथ रहकर अपना जीवन बिताना चाहते हैं.गोलू कुमार ने बताया कि उसके माता-पिता भी इस शादी के लिए राजी हैं और वह अपनी पत्नी को अपने साथ रखेगा. 8 साल पुराने वैवाहिक रिश्ते के बाद पति द्वारा अपनी पत्नी का उसके प्रेमी से विवाह कराए जाने का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.

### विधायक ने किया प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

**मालदा :** मानिकचक के भूतनी में पिछले कई दिनों से जारी भयावह बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने शुक्रवार को विधायक गौड़चंद्र मंडल पहुंचे. शुक्रवार को विधायक ने प्रखंड और जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भूतनी के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों के बीच राहत सामग्री वितरित की. इसके अलावा विभिन्न दुर्गम इलाकों में नाव के माध्यम से राहत सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भूतनी की बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने पहुंचेंगे,

हालांकि उनके दौरे की तारीख अभी निर्धारित नहीं हुई है.गौरतलब है कि तीन सितंबर से मानिकचक के भूतनी इलाके में गंगा के पानी के कारण गंभीर बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. भूतनी के तीन इलाके बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं और दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. इस मुश्किल घड़ी में मानिकचक के विधायक गौड़चंद्र मंडल लगातार बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं.

संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि भूतनी की भयावह बाढ़ की स्थिति में वह और प्रशासनिक अधिकारी लगातार लोगों के साथ खड़े हैं और उनकी सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि बाढ़ प्रभावित सभी जरूरतमंद लोगों तक पर्याप्त राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है.विधायक ने कहा कि पिछली सरकार के समय की तरह राहत सामग्री को लेकर किसी प्रकार की लूटपाट नहीं होने दी जाएगी.

### दीघा जा रहे पर्यटकों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**पूर्व मेदिनीपुर :** कोलकाता से दीघा घूमने जा रहे पर्यटकों की गाड़ी शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसा दीघा-नंदकुमार 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेंड़िया उदाखाली के पास हुआ. दुर्घटना में कोलकाता के कई पर्यटक बुरी तरह घायल हो गए.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर पर्यटकों की गाड़ी दीघा की ओर जा रही थी. इसी दौरान चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और आगे चल रही एक स्थानीय मारुति गाड़ी के पीछे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद पर्यटकों की गाड़ी में सवार कई लोग घायल हो गए.दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां घायलों का इलाज चल रहा है.हादसे के कारण 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा. सड़क पर वाहनों की आवाजाही रुक गई.

### विद्यार्थियों ने ली नशामुक्त भारत के निर्माण की प्रतिज्ञा



**जमशेदपुर :** राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग तथा ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे दस करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के तहत शेन इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष नशामुक्ति जागरूकता एवं राष्ट्रीय प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के गंभीर शारीरिक और मानसिक प्रभावों के प्रति सचेत किया गया. साथ ही, उन्हें एक स्वस्थ, अनुशासित और मूल्य-आधारित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों पर आधारित एक प्रभावशाली लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसे विद्यार्थियों ने काफी सराहा. समारोह के मुख्य चरण में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने नशामुक्त समाज और एक सशक्त, स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया. विद्यालय की प्राचार्या तन्द्रिमा बनर्जी ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में सकारात्मक जीवन-मूल्य विकसित करने और उन्हें नशे की बुराई से बचाने की दिशा में यह एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है. उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए ब्रह्माकुमारीज़ के सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया.

## कम उपलब्धि वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अंतिम चेतावनी, कार्यशैली सुधारने का निर्देश

**साहिबगंज :** शुक्रवार को राजमहल अनुमंडल अस्पताल में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,डॉक्टर रामदेव पासवान की अध्यक्षता में राजमहल प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई.समीक्षा के दौरान जिन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की उपलब्धि संतोषजनक नहीं पाई गई, वहां के संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अंतिम चेतावनी देते हुए कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया गया.

अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है. कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जाएगी.बाढ़ व संभावित महामारी को लेकर विशेष सतर्कता जिले में बाढ़ की स्थिति एवं उसके बाद उत्पन्न होने वाली संभावित महामारी की आशंका को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर निगरानी, लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा संभावित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने को कहा गया. क्षेत्र में किसी भी प्रकार के बीमारी के प्रकोप की सूचना मिलने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश भी दिया गया.विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता का संदेश इसी क्रम में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर अनुमंडल अस्पताल राजमहल से जागरूकता कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. इस दौरान लोगों को मानसिक तनाव, अवसाद एवं अन्य मानसिक परेशानियों के प्रति संवेदनशील रहने तथा जरूरतमंद लोगों को समय पर सहयोग एवं उचित चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया. स्वास्थ्यकर्मियों से भी लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की अपील की गई.

प्रोत्साहन राशि में कमी को कार्य में लापरवाही से जोड़ा

बैठक में सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि की भी समीक्षा की गई. सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि निर्धारित कार्य एवं लक्ष्य पूरा करने के बाद देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर एवं नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए.उन्होंने कहा कि यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हो रही है, तो इसके कारणों की गंभीरता से समीक्षा की जाएगी. लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करना स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को दर्शाता है. सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि का प्रावधान स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है. इसलिए सभी कर्मी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें.बैठक में मौजूद अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक, प्रखंड डाटा प्रबंधक अमित कश्यप, तौसीफ अहमद, जिला कार्यक्रम समन्वयक सहिया संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक राजीव कुमार, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अभय कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू सहित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया साथी एवं अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित थे

## न्यूज कॉर्नर

### नवादा में अर्जक संघ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन 12 से, सम्मान समारोह भी होगा

**युवा शक्ति न्यूज**
**नवादा** : अर्जक संघ जिला शाखा नवादा का छठा जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह 12 एवं 13 सितंबर को आयोजित होगा.यह सम्मेलन गोनावाँ स्थित बंधन मैरेज हॉल में होगा.जिला अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.दो दिवसीय इस सम्मेलन में समता, वैज्ञानिक सोच और संवैधानिक मूल्यों पर मंथन होगा.सम्मेलन का मूल मंत्र जिसमें समता की चाह नहीं, वह बढ़ियां इंसान नहीं.समता बिन समाज नहीं, बिन समाज जनराज नहीं रहेगा.सम्मेलन का उद्घाटन जय अर्जक, जय विज्ञान, जय संविधान, जय मानववाद, जय भारत के जयघोष के साथ होगा.कार्यक्रम में जिले भर के शिक्षक, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे. इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा.आयोजन समिति ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचने की अपील की है.

### जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग की बैठक आयोजन

**युवा शक्ति न्यूज**
**गयाजी** : पितृपक्ष मेला 2026 के सफल आयोजन के लिए नगर आयुक्त डॉ0 गगन की अध्यक्षता में बुधवार को जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग की बैठक आयोजन किया गया.शहर में पितृपक्ष मेले की तैयारी की समीक्षा की गई. नगर आयुक्त ने कहा कि हर हाल में पिंडदानियों के लिए जल आपूर्ति एवं स्वच्छता जरूरत अनुसार विशेष ध्यान दिया जाएगा.ताकि कोई असुविधा नहीं हो.जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के सदस्य डॉ जितेन्द्र कुमार ने कहा कि डीएम शंशाक शुभंकर के निर्देशन में सफाई, टूटे नलों, पानी टंकी की सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है और सारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है.बैठक में आदित्य कुमार पंचायती राज पदाधिकारी, जल परिषद कार्यपालक अभियंता, बुडको के कार्यपालक, अभियंता, विद्युत सहायक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सही संबंधित पदाधिकारी शामिल रहे.

### पुलिस-जन सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : जिले के शेरघाटी अनुमंडल के आनंद रिजॉर्ट होटल, आमस में शुक्रवार को शेरघाटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आईजी, मगध क्षेत्र, एसएसपी, ग्रामीण एसपी एवं डीएसपी शेरघाटी-1 एवं शेरघाटी-2 द्वारा सहभागिता की गई.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यवसायियों एवं आमजनों के साथ जनसंवाद किया गया तथा सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं पुलिस-जन सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई.साथ ही, आपसी समन्वय एवं सहयोग को और बेहतर बनाने पर बल दिया गया.

### सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित शुक्रवार को की गई.बैठक में जिले के एसएसपी सुशील कुमार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय एवं नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

### ऋण योजनाओं की राशि वसूली हेतु 14 से 19 सितंबर तक विशेष शिविर का आयोजन

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिले के अल्पसंख्यक समुदाय के लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराया गया है. नियमों के अनुसार, स्वीकृत ऋण राशि को लाभुकों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर ब्याज सहित लौटाना अनिवार्य है.मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम टर्म लोन तथा शिक्षा ऋण योजना के तहत वितरित ऋण की वसूली में तेजी लाने तथा ऋणियों को बकाया राशि जमा करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है.शिविर का स्थान जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, समाहरणालय परिसर, गया में 14 सितंबर 2026 से 19 सितंबर 2026 तक है. मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एनएमडी एफसी टर्म लोन एवं शिक्षा ऋण योजना से संबंधित लोन के लिए शिविर है.सभी संबंधित ऋणियों से अपील की जाती है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर शिविर में उपस्थित होकर अपनी बकाया ऋण राशि का ससमय भुगतान करें और असुविधा व किसी भी प्रकार की विधिक कार्रवाई से बचें.

### दुर्गापुर बैराज रोड पर पांच दिन रात में वाहनों की आवाजाही बंद

**कोलकाता**: दुर्गापुर बैराज के लॉकगेट की मरम्मत के कारण बैराज रोड पर पांच दिनों तक रात के समय वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रहेगी. 11 सितंबर से 15 सितंबर तक रात 11 बजे से सुबह चार बजे तक इस मार्ग पर सामान्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी. केवल एंबुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवा के वाहनों को आने-जाने की अनुमति होगी.बांकुड़ा जिला प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मरम्मत कार्य के दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा. बांकुड़ा से दुर्गापुर और कोलकाता जाने वाले वाहनों को हेवी मोड़-गंगाजलघाटी होते हुए रानीगंज के मेजिया पुल से होकर भेजा जाएगा. वहीं, अन्य वाहनों को बेलियातोड़ तीनमाथा मोड़, सोनामुखी और बांकुड़ा मोड होते हुए बर्दवान की ओर भेजा जाएगा.उल्लेखनीय है कि दुर्गापुर बैराज दामोदर नदी पर बना है. वर्ष 1955 में निर्मित इस बैराज की लंबाई करीब 692 मीटर है और इसमें 34 गेट हैं. इसका संचालन दामोदर घाटी निगम करता है.अधिकारियों के अनुसार, पुराने हो चुके लॉकगेट की मरम्मत का काम किया जा रहा है. बैराज के कमजोर गेटों को बदलने और मरम्मत का काम वर्ष 2018 से चरणबद्ध तरीके से चल रहा है.

### विनोबा भावे के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**युवा शक्ति न्यूज**
**गयाजी** : गया कॉलेज, गया के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विनोबा भावे के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी ने की, जबकि मंच संचालन लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार द्वारा किया गया.कार्यक्रम में गया कॉलेज के बर्सर डॉ. मार्कण्डेय पांडे एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.इस दौरान डॉ. मार्कण्डेय पांडे ने अकादमिक संस्थानों में ऐसे व्याख्यानों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया, वहीं डॉ. राजेश मिश्र ने विनोबा जी के विचारों को एनएसएस की सेवा भावना से जोड़ा.कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, पकड़ीदयाल (बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर) के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार कृष्ण ने आचार्य विनोबा भावे के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला.उन्होंने कहा कि विनोबा भावे केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज में न्याय, समानता, अहिंसा, ग्राम स्वराज, सर्वोदय और मानवीय मूल्यों के प्रबल समर्थक थे.उन्होंने भूदान आंदोलन का उल्लेख करते हुए बताया कि विनोबा जी ने भूमि के असमान वितरण का समाधान हिंसा के बजाय नैतिक अपील, स्वैच्छिक त्याग और सामाजिक सहयोग के माध्यम से प्रस्तुत किया.

# बुजुर्गों का सम्मान सबसे बड़ी सेवा:मंत्री श्रवण कुमार

**युवाशक्ति न्यूज**
**पटना**:ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है. बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनका सम्मान और सेवा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है. मंत्री श्री कुमार शुक्रवार को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत एकंगरसराय प्रखंड के धूरगांव में आयोजित बुजुर्गों के बीच सहायक उपकरण वितरण शिविर का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे. यह आयोजन नालंदा दस्तक रिहैब सेंटर के बैनर तले एलिम्को कंपनी के सहयोग से किया गया था. मौके पर 300 बुजुर्गों के बीच सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, कमर एवं घुटने की बेल्ट, श्रवण यंत्र, छड़ी सहित अन्य आवश्यक उपकरणों का वितरण किया गया. माननीय मंत्री ने आयोजकों की इस पहल को सराहा.संबोधन में नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव और एक-एक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने एलिम्को से नालंदा के अन्य गांवों में भी इस तरह के वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया.दैनिक जीवन को आसान बनाने की पहलआयोजक एवं हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद तथा




धूरगांव निवासी धनंजय कुमार ने कहा कि समाज के बुजुर्गों की सेवा और सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है. राष्ट्रीय वयोश्री योजना के माध्यम से जरूरतमंद बुजुर्गों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है.
उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा. सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले रामानंद चौधरी, ब्रह्मदेव प्रसाद, वीरेंद्र सपेरा, उमेश सपेरा, मंगली देवी, बुद्धु पासवान, बिंदेश्वरी देवी, आशा देवी, कमलेश राम सहित अन्य लाभार्थी उपकरण पाकर इस पहल के लिए सभी का आभार व्यक्त किया.इस मौके पर हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक रीना यादव, विधान परिषद में सत्तारुढ़ दल के सचेतक विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजू यादव, एकंगरसराय सीओ, हिलसा नगर पर्षद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, एलिम्को के अधिकारी विनीत कुमार, नालंदा दस्तक रिहैब सेंटर के संचालक अमित चौरसिया, धूरगांव पंचायत के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण सहित सीता देवी, मनोरमा देवी, सुभाषजी, सर्वेशजी, राजीवजी, राजेशजी, शैलेन्द्र मुखियाजी, विकास कुमार, रितेश गांधी, रोहित उर्फ बिट्टू, नीतीश, बंटी, सुमित, बगी, राजन, रुपेश, रजनीश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.मंच का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष कुमार सिन्हा ने किया.

# जूनियर एशिया कप में भारतीय हॉकी का जलवा, महिला टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से रौंदा

## पुरुष टीम ने मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**युवाशक्ति न्यूज**
**पटना:** चीन के मोकी में आयोजित जूनियर एशिया कप हॉकी 2026 में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है. भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं भारतीय महिला जूनियर टीम ने क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई.भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शुरुआत से ही जबरदस्त आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया. भारत ने पहले हाफ में ही 10 गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह पकड़ बना ली और दूसरे हाफ में नौ और गोल दागते हुए 19-0 से शानदार जीत दर्ज की. इस मुकाबले में भारत की ओर से 13 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिसमें पूजा मलिक ने हैट्रिक सहित तीन गोल किए.महिला टीम अब 12 सितंबर को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान में



उतरेगी. भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय है और लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने तथा खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है.वहीं, भारतीय पुरुष जूनियर टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया. इससे पहले भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया था. अपने अंतिम पूल मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से हराया था, जिसमें कप्तान अनमोल एक्का ने छह गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया था.पुरुष टीम अब 13 सितंबर को जूनियर एशिया कप के फाइनल में खिताब के लिए मैदान में उतरेगी. भारतीय पुरुष टीम मौजूदा चैंपियन है और अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए पूरी तरह तैयार है.इस शानदार उपलब्धि पर माननीय ग्रामीण विकास मंत्री सह अध्यक्ष, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, श्रवण कुमार जी ने भारतीय पुरुष एवं महिला जूनियर हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षकों, कोचिंग स्टाफ एवं सहयोगी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.श्रवण कुमार जी ने कहा क्िङ्घजूनियर एशिया कप में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है. पाकिस्तान के खिलाफ महिला टीम की 19-0 की ऐतिहासिक जीत और पुरुष टीम का मलेशिया को हराकर फाइनल में पहुंचना भारतीय हॉकी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है. हमारी युवा प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल से देश का गौरव बढ़ाया है. मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारतीय पुरुष टीम फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम करेगी और महिला टीम भी सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंचेगी.ङ्घउन्होंने दोनों भारतीय टीमों को आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की करोड़ों खेलप्रेमियों की उम्मीदें और शुभकामनाएं भारतीय खिलाड़ियों के साथ हैं.

### बाढ़ आपदा के नाम पर संचालित सामुदायिक रसोई आश्रय गृह बना महालूट का धंधा

(आनंद कुमार जायसवाल)

**बेगूसराय (युवा शक्ति)**: बेगूसराय जिले के तेघड़ा, बछवाड़ा, मटिहानी प्रखंड क्षेत्र सहित अन्य 8 प्रखंड में बाढ़ राहत शिविर के संचालन समुदायिक रसोई में मिलने वाले भोजन, स्वास्थ्य शिविर, पशु चारा के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति कर भ्रष्ट पदाधिकारियों और संवेदकों ने महालूट मचा रखा है. बाढ़ आपदा के नाम पर अवसर तलाश कर सरकारी खजाने को जमकर लूटा जा रहा है. धरातल पर भोजन की गुणवत्ता घटिया है, राहत बचाव के नाम पर मिलने वाला पन्नी (त्रिपाल), पशु चारा, दवा एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री केवल कागजों पर बिल बनाकर हजम करने के लिये है. बाढ़ पीड़ितों को सही ढंग से भोजन,पन्नी, पशु चारा, दवाई भी नहीं मिल रहा है. सरकारी स्तर पर संचालित सामुदायिक रसोई एवं आश्रय गृह पर भोजन, पानी, बच्चों का दूध,तेल, साबुन, वस्त्र सहित सभी प्रकार के आवश्यक सामग्री की आपूर्ति कागज पर दर्ज है लेकिन धरातल पर घटिया चावल का भात, पानी जैसा दाल और सब्जी बाढ़ पीड़ितों को जैसे तैसे धरती पर बैठाकर खिलाया जाता है. बेगूसराय जिले भर में संचालित सामुदायिक रसोई, राहत शिविर के नाम पर केवल महालूट हो रहा है. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी जनता को समुचित लाभ एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मिलने वाले सभी सुविधाओं को दिलाने में असफल दिख रहे है. आपदा में एक ओर गरीब जनता भोजन पानी को त्रस्त है वहीं दूसरी ओर नेता और पदाधिकारी पानी में नाव और वोट पर बैठकर पिकनिक मनाकर मोबाइल से रील बनाकर फेसबुक,सोशल मीडिया पर वायरल करने में मस्त दिख रहे है.

### कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू की गयी

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ई डी), पटना की टीम ने शुक्रवा को गया में बड़ी कार्रवाई शुरू की.ईडी की टीम ने पीएमएलए की धारा 17 के तहत रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड (आरएचआरएल) से जुड़े कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है.जांच एजेंसी के मुताबिक, कंपनी पर बैंकों के कंसोर्टियम से लिए गए करीब 85 करोड़ रुपये के ऋण में से लगभग 58 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी और डायवर्जन का आरोप है.आरोप है कि यह राशि फर्जी अथवा जाली प्रोजेक्ट कंप्लीशन रिपोर्ट के आधार पर हासिल की गई थी.ईडी की जांच में कंपनी का नियंत्रण अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत एवं नितेश के पास होने की बात सामने आई है. बैंक से लिए गए ऋण के एवज में अखौरी गोपाल और उनके परिवार के सदस्यों की व्यक्तिगत गारंटी भी दी गई थी.

### गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

**मालदा** : भूतनी में बाढ़ के बीच एक हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई. घटना उत्तर चंडीपुर के नाजिरुद्दीन टोला गांव की बताई जा रही है. मृत युवक की पहचान अनिकुल हक (17) के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, अनिकुल हक गांव की सड़क से होकर जा रहा था. इसी दौरान सड़क के किनारे मौजूद एक गड्ढे में वह गिर गया. आसपास उस समय कोई मौजूद नहीं था. बाढ़ के पानी में डूबने के कारण युवक की मौत हो गई.

## डीसी ने नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

**जमशेदपुर** : समाहरणालय में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त राजीव रंजन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना. उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों की जांच करते हुए नियमानुसार समयबद्ध एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान नागरिकों द्वारा जमीन विवाद, विद्यालय में नामांकन, ग्राम सभा से संबंधित मामले, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, बैटरी ई-रिक्शा उपलब्ध कराने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखी गईं. इसके अलावा आवास, पेंशन, राशन, बिजली, पेयजल, नाली-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर भी नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं. उपायुक्त ने विभिन्न मामलों में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है.

### न्यूनतम मजदूरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर जल विभाग के अस्थायी कर्मियों का प्रदर्शन




**आसनसोल** : आसनसोल नगर निगम के जल विभाग में कार्यरत अस्थायी कर्मियों ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सामने बैनर पोस्टर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. हाथों में 'आसनसोल म्युनिसिपल कॉरपोरेशन कैजुअल वर्कर्स, वाटर डिपार्टमेंट' का बैनर लिए श्रमिकों ने न्यूनतम मजदूरी, पीएफ, ईएसआई, बोनस, छुट्टी समेत विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की.आंदोलन का नेतृत्व कर रहे श्रमिक नेता ने कहा कि जल विभाग के कैजुअल कर्मचारी पंप हाउस से जलापूर्ति के अलावा निगम के विभिन्न जोन में काम करते हैं. आंधी, बारिश और तूफान जैसी परिस्थितियों में भी कर्मचारी आपातकालीन सेवाओं में अपनी ड्यूटी निभाते हैं. इसके बावजूद उन्हें फिलहाल केवल 357 रुपये प्रतिदिन की दर से मजदूरी दी जा रही है.श्रमिक नेता ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से न्यूनतम मजदूरी 778 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गई है, लेकिन जल विभाग के कैजुअल कर्मचारी अभी भी इस दर से काफी कम मजदूरी पा रहे हैं. उन्होंने निगम के सीईओ और सीओ से मांग की कि कर्मचारियों को सरकारी निर्धारित दर के अनुसार 778 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी दी जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें.प्रदर्शनकारी श्रमिकों ने कहा कि वर्षों से निगम में काम करने के बावजूद उन्हें पीएफ, ईएसआई या अन्य सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं. उनका कहना है कि वे स्थायी कर्मचारियों की तरह ही नियमित और जिम्मेदारी वाला काम करते हैं, लेकिन उन्हें अब तक स्थायी नहीं किया गया है. कई कर्मचारी 18, 20, 25 और यहां तक कि 28 वर्षों से लगातार काम कर रहे हैं, फिर भी उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है.श्रमिकों ने कहा कि सरकारी नियम के अनुसार मिलने वाली छुट्टी का भुगतान और बोनस की सुविधा भी उन्हें नहीं मिलती है. उनका कहना है कि वे स्थायी कर्मचारियों के समान वेतन की मांग नहीं कर रहे हैं. स्थायी कर्मचारियों को 60 से 75 हजार रुपये तक वेतन मिलने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी मांग केवल कैजुअल कर्मचारियों के लिए निर्धारित 778 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी, पीएफ, ईएसआई, छुट्टी और बोनस की सुविधा तथा स्थायीकरण की है.

## शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिले में शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत की समीक्षा

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिले में शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की.बैठक में विद्यालयों की संख्या, छात्र-छात्राओं का नामांकन, शिक्षकों की उपलब्धता, पीएम श्री विद्यालय, आदर्श विद्यालय तथा आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई.डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गया जिले में कुल 24 प्रखंड हैं, जिनमें नगर निगम उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्र भी शामिल हैं.जिले की साक्षरता दर 63.67 प्रतिशत है.गया में 332 पंचायत एवं 2,889 राजस्व ग्राम हैं.जिले में कुल 3,449 सरकारी विद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 6.61 लाख छात्र-छात्राएं नामांकित हैं.इन विद्यालयों में कुल 24,386 शिक्षक कार्यरत हैं तथा छात्र-शिक्षक अनुपात 27:1 है.उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा लगातार शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है.

बीपीएससी ट्रे 1/2/3 के माध्यम से लगभग 10,211 शिक्षकों का चयन हुआ है.इनमें एक्सक्लूसिव शिक्षक 7,804, सरकारी शिक्षक 1,641, नियमित शिक्षक 1,499 तथा झठख शिक्षक 3,231 हैं.अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, तकनीक आधारित और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है.गया जिले में 33 पीएम श्री विद्यालय चयनित हैं, जिनमें 31 उच्च विद्यालय एवं 2 मध्य विद्यालय शामिल हैं.पीएम श्री विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली समावेशी शिक्षा, आधुनिक आधारभूत संरचना तथा उनके समग्र विकास के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है.उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए.

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं शारीरिक गतिविधियों, संगीत कक्षाओं तथा रचनात्मक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है.विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्मार्ट क्लास के माध्यम से वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया है.डॉ. प्रेम कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की लगातार निगरानी की जाए.उन्होंने कहा कि गया जिले के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है.शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, बेहतर आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित शिक्षकों के समन्वय से गया को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाया जाएगा.उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीएम श्री एवं आदर्श विद्यालयों की सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचे और विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए.साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन एवं आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए.

## पितृपक्ष मेला के अवसर पर तीर्थयात्रियों के आवासन के लिए व्यापक व्यवस्था

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया** : पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवासन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं.तीर्थयात्रियों के लिए कुल 44 आवासन स्थल बनाए गए हैं, जहाँ लगभग 12,070 तीर्थयात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है.सभी आवासन स्थलों पर तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाएँ दुरुस्त रखी गई हैं.इनमें पेयजल, चेंजिंग रूम, शौचालय, स्नानागार, पर्याप्त रोशनी, पंखे तथा महत्वपूर्ण दूरभाष नंबरों से संबंधित आवश्यक साइनेज की व्यवस्था शामिल है.तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवासन स्थलों पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है.साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है.आवासन स्थलों पर 24द्ब7 सफाई व्यवस्था भी रखी गई है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके.सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से सभी आवासन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है.

इसके अतिरिक्त सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) की प्रतिनियुक्ति भी की गई है.जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि आवासन स्थलों पर उपलब्ध सभी सुविधाओं की नियमित निगरानी एवं निरीक्षण सुनिश्चित करें तथा तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखें.पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

**ये है चिन्हित प्रमुख आवासन स्थल.**

पितृपक्ष मेला के दौरान चिन्हित प्रमुख आवासन स्थलों में मध्य विद्यालय कोसडीहरा में 160 आवासन क्षमता, निगमा मोनास्ट्री में 2400 क्षमता, प्रोजेक्ट कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बोधगया में 100, मध्य विद्यालय धनवा बोधगया में 200, मध्य विद्यालय सूर्यपुरा बोधगया में 160, बिआईटी गया बुद्धा रिजॉर्ट बोधगया में 150, राजकीय मध्य विद्यालय घुघडी ताड में 100, कन्या उच्च विद्यालय गया में 150, अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में 200, गुरु नानक मध्य विद्यालय गया में 150, आदर्श नव बालिका मध्य विद्यालय गया में 150, गौरी कन्या मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय मानपुर में 100, आकाश पॉलिटेक्निक माडनपुर में 250, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रमना में 200, मध्य विद्यालय भगवानपुर बोधगया में 50 मध्य विद्यालय हरिओ में 100, मानवीकी भवन गया कॉलेज में 800, मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय में 200, राम रुचि बालिका इंटर विद्यालय में 520, महावीर इंटर विद्यालय में 500, आईटीआई गया में 100, राजकीय मध्य विद्यालय केंदुई में 200, बृजभूषण संस्कृत महाविद्यालय डेल्हा में 200, टी मॉडल इंटर विद्यालय में 400, न्यू मध्य विद्यालय चांद चौरा में 100, राजकीय मध्य विद्यालय अक्षय वट में 250, चंद्रशेखर उच्च विद्यालय अक्षयवट में 250, गया जी धर्मशाला में 120, राजकीय मध्य विद्यालय गोदावरी में 200, बरनवाल प्रोजेक्ट कन्या प्लस टू विद्यालय मानपुर में 150, प्लस टू हरिदास सेमिनरी विद्यालय में 400, मगध विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में 1200 सहित अन्य आवासन स्थल चिन्हित किये गए हैं.

## संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | शनिवार | 12 सितम्बर 2026

# पनीर का अर्थशास्त्र

एक समय देश में विशिष्ट खाद्य पदार्थ माने जाने वाले पनीर को लेकर आज गहराता अविश्वास चिंता की बात है. मुनाफे के लिये उपभोक्ता के विश्वास से खिलवाड़ का यह धंधा पूरे देश में खूब चल रहा है. दिल्ली में सामने आया नकली पनीर का मामला इसी कड़ी का एक हिस्सा है. निस्संदेह, ये मामले हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की एक बड़ी कमजोरी को ही उजागर करते हैं. ये विडंबना ही है कि किसी उत्पाद की लागत, उसमें प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं और ग्राहक को इस बाबत दी जाने वाली जानकारी में अक्सर विरोधाभास पाया जाता है. देश में एनालॉग पनीर की धड़ल्ले से बिक्री के पीछे भी मुनाफे का प्रलोभन ही है. जिसमें वेजिटेबल फैट, स्टार्च, प्लांट प्रोटीन और गैर डेयरी उत्पादों को मिलाया जाता है. दरअसल, यह पनीर, असली दूध वाले पनीर की तुलना में काफी सस्ता होता है और उत्पादकों के मुनाफे को बढ़ाता है. जानकारों का अनुमान है कि कीमतों का यह अंतर चालीस से पचास फीसदी तक हो सकता है. ऐसे में जब रेस्टोरेंट, कैटरर और खाने–पीने के दूसरे कारोबार कम मुनाफे पर करते हैं तो महंगे पनीर के जगह सस्ता पनीर इस्तेमाल करने का लालच होना एक स्वाभाविक बात है. दरअसल, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हर एनालॉग प्रोडक्ट वास्तव में खाने की दृष्टि से असुरक्षित ही होता है. वास्तव में मुख्य समस्या धोखा देने की है. यदि किसी डेयरी पदार्थों से मुक्त विकल्प की पहचान स्पष्ट तौर पर एनालॉग पनीर के तौर पर की जाती है, तो ग्राहक सोच–समझकर उसको खरीदने के बारे में फैसला स्वतंत्र रूप से ले सकते हैं. लेकिन सबसे बड़ी बात इसको लेकर ईमानदारी न होना है. जब विक्रेता इसे दूध का पनीर बताकर बेचने लगते हैं तो उपभोक्ता निर्णय नहीं ले पाते. ऐसे में असली पनीर वाली पौष्टिकता उन्हें नहीं मिल पाती. निर्विवाद रूप से इस मामले में रेस्टोरेंट सबसे कमजोर कड़ी के रूप में सामने आते हैं. जिनका मुख्य मकसद अपने मुनाफे को प्राथमिकता देना ही होता है. वास्तव में जब भी कोई रेस्टोरेंट अपने किचन में एनालॉग पनीर आदि का इस्तेमाल करना शुरू करता है और उससे कोई व्यंजन बना लेता है तो ग्राहक नहीं समझ पाता है कि असली पनीर है या नकली पनीर है. देश के खाद्य पदार्थों का नियमन करने वाली संस्था एफएसएसएआई ने फूड-सर्विस देने वाले संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि पनीर वाली डिश में एनालॉग पनीर का इस्तेमाल ग्राहकों को सही जानकारी दिये बिना न किया जाए. इस विवाद के चलते देश के कई राज्यों ने कृत्रिम पनीर के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं. पंजाब सरकार ने इसके बनाने, संग्रहण करने, ट्रांसपोर्ट करने, बांटने और पनीर के नाम पर बेचने पर एक साल के लिये रोक लगा दी है. लेकिन यह भी एक हकीकत है कि एनालॉग पनीर के खिलाफ छापेमारी और उस पर प्रतिबंध लगाने मात्र से यह समस्या हल नहीं होने वाली है. दरअसल, नियामकों को उन आर्थिक कारणों पर भी गंभीरता से ध्यान देना होगा, जिसकी वजह से असली पनीर की जगह नकली पनीर का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है. वास्तव में पनीर की जांच और गुणवत्ता के असली पनीर की उपलब्धता को सुनिश्चित करना जरूरी है. साथ ही तमाम रेस्टोरेंट व होटलों को उन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिये जवाबदेह बनाना होगा, जिन्हें वे खरीदते हैं और ग्राहकों को परोसते हैं. निस्संदेह, हर ग्राहक को इस बात का हक है कि वह जान सके कि वह किस तरह का पनीर खा रहा है. एनालॉग पनीर उत्पादकों को उत्पाद के पैकेट पर स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य होना चाहिए कि यह एनालॉग पनीर है. इसके अलावा सवाल इसके अर्थशास्त्र का भी है कि यदि उत्पादक इसके जरिये मुनाफा कमा रहे हैं तो उपभोक्ता को उस कीमत के अंतर का लाभ मिलना चाहिए. साथ ही उन विक्रेताओं पर नकेल कसनी होगी जो असली पनीर की कीमत पर एनालॉग पनीर धड़ल्ले से बेच रहे हैं. वहीं दूसरी ओर ग्राहकों की सजगता भी इस समस्या के अंतिम समाधान में मददगार हो सकती है.

# समुद्र का बढ़ता जलस्तर कई भारतीय शहरों के लिए गंभीर खतरा

**– क्रांति कुमार पाठक**

धरती का तापमान दिनानुदिन बढ़ता जा रहा है. ऐसे में अगर पर्याप्त अनुकूलन उपाय नहीं किए गए तो साल 2050 आते-आते 120 करोड़ लोगों के विस्थापन का खतरा हो सकता है. क्योंकि उनकी जमीन को समुद्र लील जाएगा. बढ़ता समुद्र का जलस्तर न सिर्फ जमीन डुबोएगा, बल्कि घर, खेत, रोजगार, पेयजल, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को भी प्रभावित करेगा. यह चेतावनी संयुक्त राष्ट्र संघ की एक नई रिपोर्ट में दी गई है. जिसके अनुसार 2024 में समुद्र का जलस्तर बढ़ने की रफ्तार बढ़कर रिकॉर्ड 5.9 मिलीमीटर सालाना हो गई है, जिससे भारत के मुंबई, चेन्नई, कन्याकुमारी, कोचि, विशाखापत्तनम, गोवा और कोलकाता जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है. धरती का गर्म होना, पानी का फैलना और ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना इस संकट का मुख्य कारण है. एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के मुंबई, चेन्नई , कन्याकुमारी, कोच्चि, विशाखापत्तनम, गोवा और कोलकाता महानगरों और बंगलादेश के ढाका में 1 करोड़ 40 लाख से अधिक लोगों के घर पानी में डूबने का खतरा है. इन निचले डेल्टा इलाकों में रहने वाले लोगों को अपनी जमीन और रोजगार छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ सकता है. दुनिया भर में करीब 77 करोड़ लोग ऐसे तटीय इलाकों में रहते हैं जो समुद्र के उच्च ज्वार की सीमा से 5 मीटर से भी कम ऊंचे हैं. इससे शहर की इमारतें, पानी की कमी, बिजली और खेती की जमीन नष्ट हो रही है. संयुक्त राष्ट्र संघ महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, चेन्नई, कन्याकुमारी, विशाखापत्तनम, गोवा और कोलकाता में रह रहे लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं. इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्र का जलस्तर बढ़ने के असर को लेकर कई गंभीर चेतावनी दी गई है. पेसिफिक आईलैंड्स फोरम लीडर्स की 55 वीं बैठक में सेक्रेटरी जनरल अमीना मोहम्मद द्वारा जारी की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में समुद्र के जलस्तर में सालाना बढ़ोत्तरी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है और यह लगभग 6 मिलीमीटर दर्ज की गई है. एक्सपर्ट के मुताबिक पिछले 124 सालों में समुद्र के जलस्तर में जितनी बढ़ोत्तरी हुई, उसका 19 फीसदी बढ़ोत्तरी वर्ष 2023 और 2024 में बढ़ा. यानी इन दो वर्षों में समुद्र के जलस्तर में काफी इजाफा हुआ. जबकि 1993 से साल 2023 के अंत तक समुद्र का जलस्तर 111 मिलीमीटर बढ़ा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि 'दक्षिण एशिया के निचले डेल्टा इलाकों और भारत के कोलकाता और मुंबई व बांग्लादेश के ढाका जैसे शहरों में सबसे बड़ा असर लोगों के विस्थापन के रूप में दिख रहा है. यहां एक करोड़ चालीस लाख से अधिक लोगों के घर हमेशा के लिए पानी में डूबने का खतरा है.' रिपोर्ट में इस स्थिति के होने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई गई है. न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल नाविद हनीफ ने कहा कि समुद्र के बढ़ते जलस्तर को एक बड़ी व्यवस्थागत समस्या के रूप में देखें, क्योंकि इसका असर सेहत, खाद्य सुरक्षा, मानवाधिकारों और संस्कृति पर पड़ेगा. यह रिपोर्ट चेताती है कि पर्याप्त अनुकूलन उपाय नहीं किए गए तो 2050 तक 120 करोड़ लोगों के विस्थापन होने का खतरा हो सकता है. बढ़ता समुद्र का जलस्तर सिर्फ जमीन ही नहीं डुबोएगा, बल्कि घर, खेत-खलिहान, रोजगार, पेयजल, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित करेगा. किसी परिवार के घर छूटने, किसान के लिए उपजाऊ जमीन खोने और मछुआरों के लिए रोजी-रोटी खत्म होने का दर्द हो सकता है. हालांकि, समुद्र के जलस्तर में कुछ वृद्धि अब तय है, लेकिन उत्सर्जन में कटौती और मजबूत जलवायु अनुकूलन से इसके विनाशकारी असर को सीमित किया जा सकता है. समुद्र अब सिर्फ किनारों से टकराने वाली लहरों का नाम नहीं रह गया. जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के साथ इसका बढ़ता जलस्तर दुनिया में करोड़ों घरों, खेतों, आजीविका और भविष्य के लिए खतरे की घंटी बन चुका है. संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस बारे में जारी अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि धरती का तापमान दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. हाल के ताजा रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दस सालों में तापमान में करीब 0.35 सेंटीग्रेड का इजाफा हुआ है. इससे दुनिया झुलसाने वाली तपिश के मुहाने पर खड़ी हो गई है. इसके कई खतरनाक साइड इफेक्ट भी सामने आने लगे हैं. नई ग्लोबल सी लेवल राइज स्टडी में इन्हीं खौफनाक हालात का जिक्र किया गया है. दरअसल, नेचर में प्रकाशित नई रिसर्च के मुताबिक, समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. यह रिपोर्ट पिछले 15 साल (2009-2025) के 385 वैज्ञानिक अध्ययनों पर आधारित है. इसमें बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर समुद्र का पानी औसतन 30 सेंटीमीटर ज्यादा ऊपर है. अब तक वैज्ञानिकों ने समुद्र का जलस्तर मापने में चूक होती रही है. यानी लहरों से होने वाली तबाही का आकलन करने में वे पीछे रह गए. 'ग्लोबल साउथ' यानी दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का जलस्तर 5 फीट तक ज्यादा मिला है. जबकि पुरानी जानकारी में लेवल इससे कम होने का अनुमान जताया गया था. मतलब साफ है कि भविष्य में समुद्र की लहरें तटीय इलाकों में कहर बरपा सकती हैं. रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के कुल एक अरब लोग इससे प्रभावित होंगे. पहले से ही लाखों लोग उन क्षेत्रों में रह रहे हैं जिनके डूबने का खतरा हमेशा बना रहता है. *(उपसंपादक दैनिक एक संदेश)*

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव : वाणी का प्रकाश, मानवता का मार्ग



**– कैलाश चन्द्र**

भारत की धरती केवल पर्वतों, नदियों और नगरों की धरती नहीं है. यह ऋषि-मुनियों, संतों और तपस्वियों की साधना से पवित्र हुई भूमि है. यहाँ जब-जब समाज के सामने अंधकार आया, तब-तब किसी न किसी संत-महापुरुष ने अपने तप, त्याग और वाणी से मनुष्य को प्रकाश का मार्ग दिखाया. श्री गुरु ग्रंथ साहिब इसी महान भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का एक अनुपम प्रकाश-स्तंभ है. 12 सितम्बर 1604 को आदि ग्रंथ का हरिमंदिर साहिब में प्रथम प्रकाश हुआ. यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ के प्रतिष्ठित होने की घटना नहीं थी. यह उस वाणी के सार्वजनिक प्रकाश का क्षण था, जो मनुष्य को सत्य, संतोष, प्रेम, सेवा, करुणा और परमात्मा की ओर ले जाती है. गुरु ग्रंथ साहिब को समझने के लिए केवल उसके इतिहास को जानना पर्याप्त नहीं है. उसके लिए उसके भीतर धड़कते हुए उस भाव को समझना आवश्यक है, जो कहता है- मनुष्य अलग-अलग हो सकता है, लेकिन परमात्मा एक है और मानवता का दुःख सबका दुःख है. गुरु अर्जुन देव जी ने विभिन्न गुरुओं, संतों और भक्तों की वाणी को एकत्रित कर आदि ग्रंथ का संपादन किया. इस कार्य की महानता केवल उसके आकार में नहीं, बल्कि उसकी दृष्टि में है. इसमें विभिन्न सामाजिक और भौगोलिक पृष्ठभूमियों से आए संतों की वाणी को स्थान मिला. महाराष्ट्र के संत नामदेव, राजस्थान के संत धन्ना, गुजरात के संत त्रिलोचन, बंगाल के जयदेव और अनेक संत-भक्तों की वाणी एक ही आध्यात्मिक धारा में दिखाई देती है. यह भारत की उस अंतःचेतना का परिचय है जिसमें सत्य को किसी एक जाति, क्षेत्र या वर्ग की सीमा में नहीं बाँधा गया. गुरु अर्जुन देव जी ने मानो यह कह दिया कि ईश्वर की खोज का अधिकार प्रत्येक मनुष्य को है और सत्य की अनुभूति किसी एक समूह की बपौती नहीं हो सकती. यही कारण है कि गुरु ग्रंथ साहिब भारतीय आध्यात्मिक समन्वय की एक अद्भुत मिसाल बन गया. जब आदि ग्रंथ को हरिमंदिर साहिब में प्रतिष्ठित किया गया, तब बाबा बुड्ढा जी ने उसे अपने सिर पर धारण किया. श्रद्धालु उसके पीछे श्रद्धा से चलते हुए आए. ग्रंथ साहिब को सम्मानपूर्वक आसन पर स्थापित किया गया. उस क्षण की कल्पना कीजिए- चारों ओर श्रद्धा, विनम्रता और भक्ति का वातावरण और सामने वह वाणी, जिसमें मनुष्य को अपने भीतर झाँकने का आह्वान था. गुरु अर्जुन देव जी ने बाबा बुड्ढा जी को हुक्मनामा लेने के लिए कहा. जो प्रथम शब्द प्रकट हुआ, उसमें परमात्मा के कार्य और संतों के कल्याण की भावना थी- *संता के कारजि आपि खलोइआ, हरि कंमु करावणि आइआ राम.* यह केवल एक आरंभ नहीं था. यह एक ऐसी परंपरा का प्रकाश था, जिसमें ग्रंथ ज्ञान का माध्यम ही नहीं, जीवन का मार्गदर्शक बन गया. गुरु अर्जुन देव जी स्वयं गुरु ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च सम्मान देते थे. उनके जीवन में यह भावना इतनी गहरी थी कि वे ग्रंथ साहिब को ऊँचे आसन पर विराजमान करते और स्वयं नीचे विश्राम करते. यह दृश्य हमें बताता है कि उनके लिए वाणी केवल पढ़ने की वस्तु नहीं थी, वाणी जीवन से बड़ी थी, क्योंकि वह मनुष्य को जीवन का सही अर्थ बताती थी. तीन अमूल्य वस्तुएँ : सत्य, संतोष और नाम. गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु-वाणी को एक सुंदर थाली के रूप में प्रस्तुत किया- *थाल विचि तिनि वस्तु पईओ, सतु संतोखु विचारो. अमृत नाम ठाकुर का पइओ, जिसका सभसु अधारो.* इस थाली में तीन वस्तुएँ हैं- सत्य, संतोष और प्रभु के नाम का विचार. कितनी सरल बात है और कितनी गहरी भी! सुनाई देती है- *खुरासान खसमाना कीआ, हिंदुस्तानु डराइआ.* और फिर वे परमात्मा से प्रश्न करते हैं- *एती मार पई करलाणे, तै की दरदु न आइआ?* यह प्रश्न केवल एक संत का प्रश्न नहीं है. यह हर उस मनुष्य का प्रश्न है, जिसका हृदय दूसरे मनुष्य के दुःख से व्यथित होता है. गुरु नानक देव जी ने सत्ता के अन्याय पर भी मौन नहीं साधा. उन्होंने कहा- कलि काती, राजे कासाई, धरमु पंखु करि उडरिआ. जब शासन से धर्म और नैतिकता समाप्त हो जाती है, तब रक्षक ही भक्षक बन जाता है. गुरु नानक की महानता यह है कि उन्होंने केवल दूसरों को दोष नहीं दिया. उन्होंने समाज के भीतर मौजूद आडंबर, पाखंड और नैतिक पतन को भी चुनौती दी. उनकी दृष्टि में धर्म का अर्थ केवल बाहरी पहचान नहीं था. धर्म का अर्थ था- सत्य का आचरण. गुरु ग्रंथ साहिब की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक उसकी समावेशी चेतना है. इसमें अनेक संतों की वाणी का संगम हमें बताता है कि आध्यात्मिक सत्य किसी सीमा में बंद नहीं होता. भिन्न प्रदेश, भिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि और भिन्न जीवनानुभव रखने वाले संत एक ही परम सत्य की ओर संकेत करते हैं. यह भारत की आत्मा की विशेषता है- विविधता में एकता केवल ईश्वर की सेवा के ही रूप हैं. आज संसार तकनीक से बहुत आगे बढ़ गया है, लेकिन मनुष्य के भीतर का संघर्ष समाप्त नहीं हुआ. अकेलापन है, तनाव है, असंतोष है, सामाजिक विभाजन है और अनेक प्रकार के वैचारिक संघर्ष हैं. ऐसे समय में गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी हमें फिर सरल जीवन की ओर बुलाती है- सत्य बोलो. संतोष रखो. अहंकार छोड़ो. सेवा करो. अन्याय के सामने मौन मत रहो. मनुष्य को मनुष्य समझो. और परमात्मा को जीवन के केंद्र में रखो. यही संदेश मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है. प्रकाश उत्सव का वास्तविक अर्थ केवल दीप जलाना नहीं है. वास्तविक प्रकाश तब होगा जब हमारे भीतर का अंधकार कम होगा. जब क्रोध के स्थान पर करुणा आएगी. जब अहंकार के स्थान पर विनम्रता आएगी. जब स्वार्थ के स्थान पर सेवा आएगी. जब भेदभाव के स्थान पर आत्मीयता आएगी. जब अन्याय के सामने भय के स्थान पर साहस खड़ा होगा. गुरु ग्रंथ साहिब हमें यही आंतरिक प्रकाश देता है. गुरु नानक देव जी ने पीड़ित मानवता की आवाज सुनी. गुरु अर्जुन देव जी ने विभिन्न संतों की वाणी को एक महान आध्यात्मिक ग्रंथ में संजोया. आगे गुरु परंपरा ने त्याग, सेवा, साहस और धर्म की रक्षा का आदर्श प्रस्तुत



आज मनुष्य जीवन में बहुत कुछ प्राप्त करना चाहता है, लेकिन भीतर शांति नहीं है. उपलब्धियाँ बढ़ती हैं, इच्छाएँ भी बढ़ती जाती हैं. ऐसे समय में गुरु-वाणी हमें संतोष सिखाती है. वह हमें बताती है कि मनुष्य की वास्तविक समृद्धि केवल उसके पास मौजूद वस्तुओं में नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद सत्य और शांति में है. गुरु नानक देव जी का जीवन ऐसे समय में आया जब समाज अनेक प्रकार के संकटों से गुजर रहा था. राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, सामाजिक भेदभाव, धार्मिक आडंबर और सामान्य जन की पीड़ा- इन सबको उन्होंने अपनी आंखों से देखा, लेकिन उन्होंने केवल घटनाओं का वर्णन नहीं किया. उन्होंने दुःख को महसूस किया. बाबर के आक्रमण के समय हुई हिंसा ने गुरु नानक देव जी के संवेदनशील हृदय को गहराई से विचलित किया. उनकी वाणी में उस पीड़ा की प्रतिध्वनि राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि यहाँ की आध्यात्मिक अनुभूति भी है, इसीलिए गुरु ग्रंथ साहिब का संदेश केवल किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है. जो व्यक्ति सत्य, प्रेम, सेवा, विनम्रता और ईश्वर की ओर बढ़ना चाहता है, उसके लिए इसमें प्रेरणा है. गुरु परंपरा ने सेवा को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाया. गुरुद्वारों की लंगर परंपरा इसका अद्भुत उदाहरण है. एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करना मनुष्य को यह अनुभव कराता है कि भोजन के सामने न कोई बड़ा है, न छोटा; न धनवान, न निर्धन; न ऊँचा, न नीचा. यह केवल भोजन की व्यवस्था नहीं, बल्कि मानव समानता का संस्कार है. सेवा हमें अपने से बाहर देखने की शक्ति देती है. किसी भूखे को भोजन देना, किसी पीड़ित की सहायता करना, किसी निराश व्यक्ति को सहारा देना, ये सब किया. इस पूरी परंपरा को यदि एक वाक्य में समझना हो तो कहा जा सकता है- ईश्वर से प्रेम करो और उसकी सृष्टि से भी प्रेम करो. आज श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव के अवसर पर यही संकल्प सबसे सुंदर श्रद्धांजलि होगा कि हम गुरु-वाणी को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें. हमारे विचारों में सत्य हो, हमारे व्यवहार में विनम्रता हो, हमारे कर्म में सेवा हो, हमारे हृदय में करुणा हो, हमारे जीवन में साहस हो और हमारी दृष्टि में सम्पूर्ण मानवता के प्रति आत्मीयता हो. तभी गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश केवल गुरुद्वारों में नहीं, हमारे हृदयों में भी प्रकाशित होगा. श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ. वाहेगुरु जी का खालसा. वाहेगुरु जी की फतेह..

***(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)***

## आपका जन्मदिन मंगलमय हो

**12 सितम्बर**

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्म तारीख 12 सितम्बर है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह बृहस्पति है. आपका जन्मांक धनु राशि के अन्तर्गत आता है. इस माह का अधिपति ग्रह बुध है. आप बुध एवं बृहस्पति ग्रह के सम्मिलित प्रभाव से आजीवन रहेंगे. आपका व्यक्तित्व साहस व प्रतिभा से परिपूर्ण रहेगा. आपके विचारों में उग्रता का समावेश रहेगा. आप अपना काम निकलवाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहेंगे. आप ईर्ष्यालु व स्वार्थी भी होंगे. आप अपने जीवन में आर्थिक पक्ष को ज्यादा महत्व देंगे. धार्मिक-अध्यात्मिक कृत्यों की ओर आपका विशेष झुकाव रहेगा. सामाजिक व राजनैतिक गतिविधियों में आप अधिक रूचि लेंगे. आप किसी के अधीनस्थ कार्य नहीं करेंगे. आप कोई भी कार्य निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से करना चाहेंगे. आप कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्ति होंगे. आपका गृहस्थ जीवन मधुर रहेगा. साहसिक कार्यों, कला एवं संगीत में भी आपकी रूचि रहेगी. भोग विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त आप अधिक व्यय करेंगे. आप सदैव कुछ न कुछ करते रहना पसन्द करेंगे. आप जहाँ भी रहेंगे वहाँ का वातावरण अपने मनोनुकूल बना लेंगे. स्वयं की प्रगति देखकर आप में अहं की भावना जाग्रत होगी. आरोग्य एवं खुशहाली हेतु अपने इष्ट देवी-देवता की आराधना करें. जीवन में सफेद एवं क्रीम रंग की वस्तुओं का प्रयोग करें. बृहस्पति ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें. सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन्त्र | ॐ बृं बृहस्पतये नम: | मास | मार्च, जुलाई एवं अक्टूबर |
| व्रत | बृहस्पतिवार | वर्ष | 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66 |
| दिन | रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार | रंग | सफेद एवं क्रीम |
| दिनांक | 3, 12, 21, 30 | जन्मरत्न | पोखराज |
| उपरत्न | गोल्डेन टोपाज | अंक | 1, 7 |
| जड़ी | केले के वृक्ष की जड़ | दिशा | ईशान |

**यंत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 5 | 12 |
| 11 | 9 | 7 |
| 6 | 13 | 8 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय – 19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर*

***हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद***

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722

## आपका आज का दिन 2026

**मेष** : आरोग्य सुख, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, शत्रु परास्त, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उल्लास का वातावरण, राजनीतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, बुद्धि का विकास.

**वृषभ** : आर्थिक स्थिति में क्रमिक सुधार, मेल-मिलाप में अभिरुचि, आपसी तनाव में कमी, धनागम का सुयोग, मित्र सहायक, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम.

**मिथुन** : दिन अशुभ, इच्छित सफलता में व्यवधान, प्रियजनों से मनमुटाव, मेल-मिलाप में अरुचि, द्रव्य की क्षति, प्रति-योगिता में विफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी.

**कर्क** : कठिनाइयों का निराकरण, उपहार या सम्मान का लाभ, आत्मीयजनों से सम्पर्क, योजना फलीभूत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु व्यय.

**सिंह** : सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, मनोरंजन की ओर रुझान, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति, विवाद का समापन, अत्यधिक प्रसन्नता.

**कन्या** : दिनमान अनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, आत्मिक शांति, स्वजनों से सहयोग, इच्छा-शक्ति का विकास.

**तुला** : निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा, किसी बात को लेकर परेशानी, कर्ज की अधिकता, क्रोध से मानसिक अशांति, सहयोगियों से कष्ट, यात्रा असन्तोषजनक, धन हानि.

**वृश्चिक** : स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति प्रयत्नशील, यात्रा सफल.

**धनु** : योजना साकार होने की ओर, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि.

**मकर** : कठिनाइयों में कमी, पारिवारिक समस्याएँ हल होने को, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल.

**कुम्भ** : दिनचर्या अव्यवस्थित, आहार-विहार में अनियमितता, पारिवारिक तनाव, कर्ज की अदायगी की चिन्ता, धर्म के प्रति अरुचि, कार्यक्षमता में कमी, अशांति भी.

**मीन**: स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार की प्राप्ति, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, कर्ज की अदायगी.

**- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722**

# मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

### अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उचारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

***दो - हुआ न होइब योगी ऐहि सम बाल कपाल असि परी रेख ।***
***नाम कपिल भल होइब इँह कहहिं ऋषि जन नक्षत्र देख ।।5।।***

व्याख्या - ऋषि लोग नक्षत्रों का विचार कर कहने लगे कि इस बालक के समान योगी न तो कोई हुआ है और न होगा । क्योंकि बालक के कपाल पर ऐसी रेखा है । अत: इस बालक का नाम ' कपिल ' अच्छा होगा ।

# ब्रिक्स में भारत के सामने अवसर, पर चुनौती व्यापार घाटा कम करने की



**– डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

बारह वर्ष पहले जिस भारत को ब्रिक्स की कमजोर कड़ी बताया जा रहा था, आज वही भारत इस विस्तारित समूह की दिशा तय करने की कोशिश कर रहा है. वस्तुत: वित्त वर्ष 2025-26 में ब्रिक्स देशों को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 49.27 प्रतिशत की छलांग इसका प्रमाण है. दूसरी ओर एक अन्य पहलू भी है जो ब्रिक्स के साथ भारत का व्यापार घाटा 2025-26 में बढ़कर 226.1 अरब डॉलर हो जाना बता रहा है, इसलिए दिल्ली में हो रहा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत के लिए तालियां बटोरने का अवसर नहीं, अपनी आर्थिक रणनीति की परीक्षा है. ब्रिक्स की कहानी में भारत की स्थिति सचमुच बदली है. वर्ष 2001 में गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्री जिम ओ'नील ने 'ब्रिक' शब्द गढ़ा था. तब यह चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक संभावना का अनुमान था. आज यह 11 देशों का ऐसा समूह है, जो दुनिया की लगभग 49.5 प्रतिशत आबादी, 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी और 26 प्रतिशत वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है. भारत इस वर्ष इसकी अध्यक्षता कर रहा है और 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में 18वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है. वैसे यह परिवर्तन अपने आप नहीं आया. 2011-12 में भारत को लेकर जो आर्थिक चिंताएं व्यक्त की गई थीं, उनमें महंगाई, कमजोर मुद्रा, राजकोषीय घाटा, चालू खाते का घाटा, कमजोर बुनियादी ढांचा और धीमी निवेश गति प्रमुख थे. आज भारत के सामने समस्याएं खत्म नहीं हुई हैं, किंतु उसकी आर्थिक क्षमता, डिजिटल अवसंरचना, विनिर्माण महत्वाकांक्षा और वैश्विक कूटनीतिक स्वीकार्यता का पैमाना निश्चित रूप से बदल चुका है. यहीं से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का आंकड़ा विशेष महत्व ग्रहण करता है. ब्रिक्स देशों को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 49.27 प्रतिशत वृद्धि, कुल निर्यात की 26.53 प्रतिशत वृद्धि से कहीं आगे है. सबसे दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत के ब्रिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में चीन और संयुक्त अरब अमीरात की संयुक्त हिस्सेदारी 88.50 प्रतिशत है. दूरसंचार उपकरण 74.60 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ा निर्यात खंड हैं. इसका अर्थ साफ है, जहां भारत और चीन के बीच रणनीतिक अविश्वास और सीमा संबंधी तनाव मौजूद हैं, वहीं आर्थिक क्षेत्र में अवसर और निर्भरता का एक जटिल रिश्ता भी कायम है. भारत को इसी विरोधाभास के बीच अपनी आर्थिक सुरक्षा और निर्यात क्षमता दोनों को साधना होगा, भारत की शक्ति उसकी रणनीतिक स्वायत्तता में है. उसे अमेरिका और यूरोप के बाजारों से भी जुड़ना है, चीन और रूस से भी आर्थिक संबंध रखने हैं और ग्लोबल साउथ के देशों में अपने लिए नए बाजार भी बनाने हैं. ब्रिक्स भारत के लिए दुनिया में अपने हितों को आगे बढ़ाने का साधन होना चाहिए. यह अच्छा है कि भारत इस वर्ष ब्रिक्स में उभरती तकनीकों पर शोध सहयोग और अंतर-सरकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है. भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर यह है कि वह अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और तकनीकी क्षमताओं को ब्रिक्स बाजारों से जोड़े. डिजिटल भुगतान, व्यापार दस्तावेज, प्रमाणन, सीमा-पार भुगतान और आपूर्ति शृंखला को डिजिटल बनाने में यदि सदस्य देश साझा व्यवस्था विकसित करते हैं तो व्यापार की लागत घट सकती है. स्वभाविक है, इसका बड़ा लाभ भारत को होगा. वैसे भी पांच वर्षों में ब्रिक्स के साथ भारत का व्यापार दोगुने से अधिक हुआ, मगर इसी अवधि में व्यापार घाटा 74.5 अरब डॉलर से बढ़कर 226.1 अरब डॉलर हो गया. चीन, संयुक्त अरब अमीरात और रूस इस असंतुलन के प्रमुख स्रोत हैं, इसलिए यहां लगता है कि 'ब्रिक्स में भारत की बढ़ती ताकत' का उत्सव अधूरा होगा. भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ब्रिक्स का विस्तार भारतीय बाजार में आयात बढ़ाने का माध्यम भर न बन जाए. वास्तविक सफलता तब होगी जब भारतीय मशीनें, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधियां, इंजीनियरिंग उत्पाद, डिजिटल सेवाएं, कृषि-तकनीक और नवाचार इन बाजारों में अधिक जगह बनाएंगे. यही कारण है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का बाजार खोलने, नियामकीय प्रक्रियाएं सरल करने और खेपों की तेज मंजूरी पर जोर है. यह भारत के निर्यात भविष्य की बुनियादी शर्त है. ब्रिक्स की विशाल जनसंख्या भारत के लिए तभी बाजार बनेगी, जब भारतीय कंपनियों के लिए वहां प्रवेश की लागत और बाधाएं कम होंगी. एमएसएमई के संदर्भ में यह और महत्वपूर्ण हो जाता है. बड़ी कंपनियां किसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बना लेती हैं, लेकिन छोटे उद्योगों के सामने वित्त, प्रमाणन, भुगतान, लॉजिस्टिक्स और बाजार की जानकारी जैसी बाधाएं होती हैं. प्रस्तावित एमएसएमई सहयोग तंत्र और इनवॉइस डिस्काउंटिंग व्यवस्था यदि जमीन पर उतरती है तो ब्रिक्स भारत के छोटे उद्यमों के लिए वैश्विक आपूर्ति शृंखला का प्रवेशद्वार बन सकता है. भारत की रोजगार क्षमता और निर्यात क्षमता को साथ बढ़ाने का यही रास्ता है. इस दृष्टि से ब्रिक्स ट्रेड मंत्रियों की बैठक में एमएसएमई ऋण अंतर को कम करने और वैश्विक बाजारों तक छोटे व्यवसायों की पहुंच बढ़ाने के लिए सहमति भी महत्वपूर्ण है. सबसे बड़ी जरूरत घोषणाओं को परिणाम में बदलने की है. फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस ने भी स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स को रणनीतिक संवाद से आगे बढ़कर निर्यात, निवेश, तकनीक, आपूर्ति शृंखला और भुगतान व्यवस्था में मापने योग्य परिणाम देने होंगे. आज ब्रिक्स के सामने अपनी एकता की भी परीक्षा है. ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि, चीन और भारत के बीच अविश्वास और वैश्विक व्यापार में बढ़ते भू-राजनीतिक टकराव इसे आसान मंच नहीं बनाते. ऐसे में भारत की अध्यक्षता की असली सफलता यह होगी कि वह अलग-अलग हितों वाले देशों को कम-से-कम आर्थिक सहयोग के साझा एजेंडे पर साथ ला सके. भारत के लिए यह क्षण आत्ममुग्ध हो जाने का बिल्कुल नहीं है, वस्तुत: आत्मविश्वास के साथ आत्मपरीक्षण करने का है. 'ब्रिक्स में भारत कमजोर कड़ी है' से 'ब्रिक्स में भारत महत्वपूर्ण कड़ी है' तक की यात्रा निश्चित रूप से उल्लेखनीय है, किंतु अगला पड़ाव इससे कहीं कठिन है, क्योंकि यहीं से भारत को महत्वपूर्ण कड़ी से निर्णायक आर्थिक शक्ति बनना है. इसके लिए ब्रिक्स की मेज पर भारत को तीन बातें लगातार रखनी होंगी, एक- बाजार तक आसान पहुंच, दो- तकनीक में साझेदारी और अंतिम- व्यापार में संतुलन. चौथी बात अपने आप निकलती है, वह है भारतीय उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा. भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का सूत्र 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता' है. अब इस सूत्र को नारे से नीति और नीति से परिणाम में बदलने का समय है. इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात की 49.27 प्रतिशत वृद्धि ने संभावनाओं का दरवाजा खोल दिया है, किंतु 226.1 अरब डॉलर का व्यापार घाटा चेतावनी भी दे रहा है, इसलिए इस शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं होगी कि दुनिया के बड़े नेता दिल्ली में एक साथ दिखाई दिए. असली उपलब्धि तब होगी जब ब्रिक्स की बैठक से लौटते समय भारतीय उद्यमी के सामने नए बाजार हों, भारतीय एमएसएमई वैश्विक मूल्य शृंखला में हों और भारत का निर्यात आयात की रफ्तार को पीछे छोड़ रहा हो. ब्रिक्स में 'आई' यानी इंडिया की वापसी हो चुकी है. अब सवाल यह है कि क्या यह 'आई' भारत की आर्थिक शक्ति का नया प्रतीक बनेगा?

## न्यूज कॉर्नर

### ब्रिक्स समिट भारत में तीसरी बार, इसे महत्वपूर्ण बनाना जरूरी : सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने शुक्रवार को कहा कि भारत को ब्रिक्स समिट का इस्तेमाल ऐसी लीडरशिप दिखाने के लिए करना चाहिए, जिसकी दुनिया उससे उम्मीद करती है. खुर्शीद ने कहा, ब्रिक्स का यहां होना कोई बड़ी बात नहीं है क्योंकि यह पहली बार नहीं है. इस सरकार के कार्यकाल में यह समिट तीसरी बार हो रही है. ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रेसिडेंसी एक देश से दूसरे देश को सौंपी जाती है. हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि इसे कैसे महत्वपूर्ण बनाया जाए. इस बात पर जोर देते हुए कि दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें हैं, कांग्रेस नेता ने पूछा: क्या भारत उन उम्मीदों पर खरा उतर पा रहा है? या भारत की अपनी समस्याएं और चिंताएं हैं, जिनकी वजह से हम दुनिया के मंच पर वह नहीं कर पा रहे हैं जो हम कर सकते हैं और जो हमें करना चाहिए? इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष को सुलझाने में भारत के संभावित योगदान को लेकर दुनिया को बहुत उम्मीदें हैं. उन्होंने कहा, आज, जब हमें एक ऐसा मंच मिला है जिसकी अध्यक्षता हम कर रहे हैं, तो हमारी तरफ से अपेक्षित लीडरशिप दिखाना बहुत महत्वपूर्ण होगा. अब, हम इसमें किस हद तक सफल होते हैं, इस पर समिट खत्म होने के बाद चर्चा की जाएगी.

### भारत और चीन को अपने मतभेदों को उपयुक्त तरीके से सुलझाना चाहिए : चीनी विदेश मंत्रालय

**बीजिंग:** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति शी चिनफिंग की भारत यात्रा से पहले, चीन ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देशों को अपने मतभेदों को उपयुक्त तरीके से सुलझाना चाहिए और अपने संबंधों को रणनीतिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए. राष्ट्रपति शी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए शनिवार को नयी दिल्ली पहुंचेंगे. यह लगभग सात साल में भारत की उनकी पहली यात्रा होगी. शनिवार को शिखर सम्मेलन से इतर उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी प्रस्तावित है. यह पूछे जाने पर कि चीन मोदी-शी की मुलाकात को किस नजरिए से देखता है, तो चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कजान और तियानजिन में हुई मुलाकातों के बाद यह लगातार तीसरा साल होगा, जब दोनों नेताओं की मुलाकात होगी. माओ ने कहा कि चीन, दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन के अनुरूप भारत के साथ काम करेगा. वह द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखेगा, संवाद और सहयोग मजबूत करेगा, ताकि मतभेदों को उचित तरीके से सुलझाया जा सके. उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अच्छे पड़ोसी और एक-दूसरे की मदद करने वाले साझेदार के रूप में आगे बढ़ना चाहिए.

### 3यमन के बाब अल मंदेब में एक द्वीप पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने किया कब्जा

**काहिरा:** यमन की अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने मायून द्वीप पर कब्जा कर लिया है. सरकारी सेना के बृहस्पतिवार को द्वीप से हटने के बाद हूती विद्रोहियों ने उसे अपने नियंत्रण में ले लिया. एक हूती अधिकारी ने भी पुष्टि की कि विद्रोही द्वीप पर मौजूद हैं. इस द्वीप को पेरिम के नाम से भी जाना जाता है और यह यमन के पश्चिमी तट से लगभग 3.5 किलोमीटर दूर है. दोनों अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर न करने की शर्त पर बात की. यह जलडमरूमध्य ईरान के नियंत्रण वाले होर्मुज जलडमरूमध्य का एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग है. हूती विद्रोहियों का कहना है कि उनका आगे बढ़ना सऊदी जहाजों को निशाना बनाने की कोशिश का हिस्सा है.

### दिल्ली इमारत हादसा: फरार पीजी संचालक शुभम त्यागी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत ढहने के मामले में फरार आरोपी और पीजी संचालक शुभम त्यागी ने शुक्रवार को पटियाला हाउस अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस ने यह जानकारी दी. इमारत ढहने की घटना में पांच छात्रों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने पांच मंजिला इमारत ढहने की परिस्थितियों के बारे में पूछताछ और आगे की जांच के लिए त्यागी को दो दिनों के लिए हिरासत में दिये जाने की मांग की है. पुलिस के अनुसार, त्यागी दक्षिणी पश्चिम दिल्ली की इमारत में 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) आवास का संचालन कर रहा था और उसने इसके मालिक से संपत्ति की एक मंजिल पट्टे पर ली थी. घटना के बाद से वह फरार था और पुलिस टीम उसकी तलाश के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रही थीं. इससे पहले, पुलिस ने पीजी संचालन में शामिल सुधांशु लवनीश को भी गिरफ्तार किया था. पुलिस ने कहा कि लवनीश का फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर के पास सत्य निकेतन स्थित इमारत रविवार को उस समय ढह गई, जब मरम्मत और विस्तार का काम चल रहा था. इससे पहले, पुलिस ने इमारत की मालकिन उर्मिला गुप्ता (75), उनके पति हरिराम गुप्ता (81) व बेटे महेश के साथ-साथ श्रमिक ठेकेदार सनोज कुमार और पेइंग-गेस्ट-आवास संचालक लवनीश को गिरफ्तार किया था.

### फर्जी पीएमओ आईडी मामला: रोहन पारिख समेत दो आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**मुंबई:** मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के जियो वर्ल्ड प्लाजा में फर्जी पीएमओ पहचान पत्र लेकर घुसने के दोनों आरोपियों को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी रोहन पारिख (24) और उसके सुरक्षा गार्ड दिलीप कुंडे (49) को पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया. न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद दोनों आरोपियों ने जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की. कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख तय की है. तब तक दोनों आरोपी जेल में ही रहेंगे. इससे पहले इस हाई प्रोफाइल मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला देते हुए दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेजा था. मुंबई क्राइम ब्रांच की सीआईयू यूनिट ने कोर्ट से आरोपियों की 4 दिन की कस्टडी की मांग की थी, जिसके बाद कोर्ट ने दोनों को 11 सितंबर तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में भेज दिया था. पुलिस को शक था कि इस फर्जीवाड़े के पीछे कोई बड़ा रैकेट हो सकता है, इसलिए गहन पूछताछ जरूरी थी. मामले की शुरुआत सोमवार रात को हुई थी, जब आरोपी रोहन पारिख जियो वर्ल्ड प्लाजा में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में घुसने की कोशिश कर रहा था.

### महाराष्ट्र में 12 घंटों में तीन सड़क हादसों में 21 लोगों की मौत

**मुंबई:** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर, भंडारा और नांदेड़ जिले में पिछले 12 घंटों में तीन सड़क हादसों में 21 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. इनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं. पुलिस के अनुसार पहली घटना अहिल्यानगर जिले के भलवानी शिवरा इलाके में हुई. यहां अहिल्यानगर-कल्याण हाईवे पर होटल संदीप के सामने बीती देर रात करीब 2 बजे आयशर टेम्पो और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई. भंडारा जिले के लाखनी-साकोली मार्ग पर पिंपलगांव के पास शुक्रवार सुबह एक आयशर टेम्पो और ट्रक की टक्कर हो गई. हादसे में छत्तीसगढ़ से नागपुर जा रहे मजदूर परिवारों के 9 लोगों की मौत हो गई. मृतकों में छह महिलाएं और तीन छोटे बच्चे शामिल हैं. ये लोग त्योहार मनाने नागपुर जा रहे थे. वाहनों में करीब 16 से 17 लोग सवार थे. सुबह नेशनल हाईवे पर पिंपलगांव के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई. मृतकों में अधिकांश महिलाएं करीब 35 वर्ष की हैं, जबकि एक महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है. तीनों मृत बच्चों की उम्र पांच वर्ष से कम है. इस हादसे में सोमनाथ वर्मा के परिवार के चार सदस्यों-उनकी मां, बहन, भाभी और भतीजी की भी मौत हो गई. हादसे में घायल तीन बच्चों को भंडारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य घायलों को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर सियासी घमासान विपक्ष ने उठाए सवाल तो भाजपा ने गिनाए फायदे

**नई दिल्ली:** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर देश की राजनीति में भी बहस तेज हो गई है. विपक्षी दलों के कुछ नेताओं ने जहां सम्मेलन के आयोजन को सकारात्मक बताते हुए इसके वास्तविक परिणामों पर सवाल उठाए हैं, वहीं भाजपा नेताओं ने इसे भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और कूटनीतिक प्रभाव का प्रमाण बताया है. इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) ने ब्रिक्स को लेकर राजनीति से बचने की अपील की है. मुंबई में एमसीपी (एसपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन अच्छी बात है, क्योंकि इसमें ब्राजील, रूस, चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के नेता एक मंच पर आ रहे हैं. हालांकि, इसके साथ-साथ देश के भीतर हो रहे विकास पर भी ध्यान देना जरूरी है. क्रास्टो ने केंद्र की भाजपा सरकार से देश की प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही. उन्होंने कहा कि सरकार को केवल जीडीपी के आंकड़ों में बढ़ोतरी या कमी के बड़े दावों तक सीमित नहीं रहना चाहिए. यह देखना चाहिए कि आम लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव कितना आया है. हालांकि, ब्रिक्स सम्मेलन को उन्होंने सकारात्मक कदम बताया.

पटना में मंत्री राम कृपाल यादव ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान बिहार के मखाना और सत्तू को बढ़ावा दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया. उन्होंने कहा कि बिहार से जुड़े इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने उपहार के तौर पर पेश किया जाना राज्य के लिए गर्व की बात है. बिहार के किसान चना उगाते हैं और उससे सत्तू तैयार होता है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी बेहतर मार्केटिंग होने से इसके बारे में दुनिया में संदेश जाएगा. मखाना को भी ऊर्जा देने वाला खाद्य पदार्थ बताते हुए उन्होंने इसके औषधीय गुणों का उल्लेख किया.




केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन में विभिन्न देशों से अंतरराष्ट्रीय मेहमानों का आना भारत के लिए निश्चित रूप से लाभदायक साबित होगा. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं. उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत बड़े नेताओं की भारत यात्रा को देश के बढ़ते सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि ब्रिक्स एक मजबूत संगठन है और इसमें भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है. ओडिशा के भाजपा नेता अमर पटनायक ने भी सम्मेलन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण भारत को अपनी आवाज के रूप में देख रहा है. उन्होंने कहा कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव और अस्थिरता के दौर में ब्रिक्स के भीतर होने वाली बातचीत का महत्व और बढ़ जाता है.

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के ब्रिक्स से जुड़े सवालों पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी. भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस के ही दो नेताओं के बयानों में विरोधाभास दिखाई देता है. उन्होंने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के ब्रिक्स के सकारात्मक आकलन का हवाला देते हुए कहा कि यह मंच आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक संबंध मजबूत करने का अवसर देता है. खंडेलवाल ने सवाल किया कि जब चिदंबरम वित्त मंत्री थे, तब ब्रिक्स जैसे सम्मेलन नहीं होते थे क्या? उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष में रहने के कारण चिदंबरम अब ऐसे आयोजनों पर सवाल उठा रहे हैं.

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने भी चिदंबरम पर निशाना साधते हुए कहा कि वे हर चीज में कमी निकालते हैं. उन्होंने कहा कि चिदंबरम और सलमान खुर्शीद जैसे नेता विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के महत्व को अच्छी तरह समझते हैं और ऐसे सम्मेलनों से होने वाले संभावित लाभों से परिचित हैं. टीएससी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि दिल्ली में ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं. रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया के शीर्ष नेता इसमें शामिल हो रहे हैं. उन्होंने माना कि उच्चस्तरीय बातचीत होगी, लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इससे किसी बड़े या खास नतीजे की उम्मीद नहीं है.

मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने कहा कि भारत को ब्रिक्स से किसी न किसी रूप में फायदा होगा. उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह समझना जरूरी है कि दुनिया भारत को किस नजर से देखती है और भारत दुनिया को किस तरह देखता है. दुबे ने कहा कि विभिन्न देशों के नेताओं के बीच बातचीत, परिचय और चर्चा जरूरी है. उन्होंने विपक्ष से भी ब्रिक्स को राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाने की अपील करते हुए कहा कि केवल विपक्ष में होने का मतलब यह नहीं है कि हर मुद्दे पर राजनीति की जाए.

## मुंबई में बिना पूछे कपड़े पहनने पर दोस्त ने कर दी पीट-पीटकर हत्या

**मुंबई:** मुंबई से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गोरेगांव में दो दोस्तों के बीच हुआ झगड़ा जानलेवा साबित हुआ. आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपने दोस्त को इसलिए पीट-पीटकर मार डाला क्योंकि उसने बिना इजाजत उसके कपड़े और दूसरी चीजें इस्तेमाल की थीं. गोरेगांव पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, मृतक की पहचान सूरज डोले (26) के तौर पर हुई है, जबकि आरोपी की पहचान बाबासाहेब उर्फ सुबोध वाघमारे (37) के तौर पर हुई है. आरोपी जानवरों की देखभाल करने का काम करता है और गोरेगांव वेस्ट में फुटपाथ पर रहता है. यह घटना 9 सितंबर को रात करीब 11.30 बजे इलाके में एसवी रोड पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के सामने किंग स्टूडियो के पास हुई. डोले के पिता शंकर डोले की शिकायत के अनुसार, डोले और वाघमारे के बीच बहस हो रही थी, तभी उनके दोस्त सुधांशु पांडे ने बीच-बचाव किया और



उनसे पूछा कि वे क्यों लड़ रहे हैं. बताया जा रहा है कि वाघमारे ने पांडे से कहा कि डोले अक्सर बिना इजाजत के उसके कपड़े और दूसरी चीजें इस्तेमाल करता था. उसने यह भी आरोप लगाया कि डोले ने बिना पूछे उसका कपड़ों वाला बैग ले लिया था और उसे वापस नहीं किया था. एफआईआर में कहा गया है कि बहस के दौरान डोले ने वाघमारे को अपशब्द कहा, जिसके बाद वाघमारे ने उस पर हाथों से हमला किया. फिर उसने फुटपाथ पर पड़ा एक पत्थर उठाया और डोले के चेहरे पर मारा, जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. बताया जा रहा है कि हमले के बाद वाघमारे मौके से भाग गया. बाद में डोले मृत पाया गया. गोरेगांव पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है.

एक अलग घटना में पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के पुणे के नारायण पेठ से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक 28 वर्षीय युवक का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया और उसके साथ मारपीट की गई. यह घटना तब हुई, जब दो लोगों ने युवक की अपनी एक महिला मित्र से बातचीत पर आपत्ति जताई.

## ब्रिक्स पर सवाल उठाने पर भाजपा ने कहा- इतिहास के आईने में झाके कांग्रेस

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जब दुनिया के कई बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत में मौजूद हैं, तब कांग्रेस के नेता पूछ रहे हैं कि ब्रिक्स से भारत को क्या मिलेगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने शासनकाल के दौरान भारत की आर्थिक और वैश्विक स्थिति को भी याद करना चाहिए.

प्रसाद ने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने आज अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और उसके लचीलेपन को रेखांकित किया है. आईएमएफ ने सेवाओं, विनिर्माण, व्यापार समेत विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति को भी स्वीकार किया है, जो भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है. ब्रिक्स सम्मेलन का जिक्र करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति भारत पहुंच चुके हैं. चीन के राष्ट्रपति कल दिल्ली पहुंचेंगे, जबकि ईरान के राष्ट्रपति भी भारत के लिए रवाना हो चुके हैं. दक्षिण अफ्रीका और मिस्र के राष्ट्रपति भी दिल्ली पहुंच चुके हैं. उन्होंने कहा कि दुनिया के एक बड़े



हिस्से के नेता इस समय दिल्ली में मौजूद हैं. ऐसे समय में कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता यह सवाल उठा रहे हैं कि ब्रिक्स से भारत को क्या हासिल होगा. उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब इतिहास के आईने में देखना चाहिए. प्रसाद ने कहा कि 2011, 2012 और 2013 में भारत की अर्थव्यवस्था को 'फ्रेंजाइल फाइव' देशों में शामिल किया गया था. उस समय गोल्डमैन सैक्स की ओर से भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर टिप्पणियां की गई थीं. उन्होंने दावा किया कि उस दौर में भारत में निवेश सूखने की बात कही जा रही थी और स्थिति इतनी खराब थी कि कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने ब्रिक्स में भारत की जगह इंडोनेशिया को शामिल करने का सुझाव तक दिया था.

## संजय आजाद और निशु आजाद पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल

**नई दिल्ली:** हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में संजय आजाद और उनकी नाबालिग बेटी निशु आजाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर एडवोकेट अमिता सचदेवा ने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल की है. चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने दाखिल की गई अपनी अर्जी में सचदेवा ने दिल्ली पुलिस को सेक्शन 196 (दुश्मनी बढ़ाना), 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और 353 (किसी सरकारी कर्मचारी को उसके ऑफिशियल काम करने से रोकने के लिए हमला या क्रिमिनल फोर्स का इस्तेमाल) के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की है. अर्जी में कहा गया है कि पिता-बेटी की जोड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की उनकी शिकायत पर दिल्ली पुलिस से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद उन्हें कोर्ट में यह अर्जी दाखिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा.

याचिका में आरोप लगाया गया है कि निश आजाद 11 के एक्स अकाउंट से भगवान शिव, भगवान श्री कृष्ण, मां सरस्वती और मां दुर्गा से



संबंधित कई पोस्ट किए गए थे. इसमें आरोप लगाया गया है कि पोस्ट में देवताओं का अपमान किया गया, हिंदू देवताओं को 'काल्पनिक' बताया गया और हिंदू धार्मिक ग्रंथों को हटाने की अपील की गई.

याचिका के अनुसार, ये पोस्ट 2023 के हैं और इनमें भगवान श्री कृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती और भगवान शिव से संबंधित पोस्ट शामिल हैं. 9 नवंबर, 2024 की एक पोस्ट में कथित तौर पर हिंदू देवताओं को काल्पनिक बताया गया था जबकि 19 दिसंबर, 2025 की एक और पोस्ट में कथित तौर पर हिंदू धार्मिक ग्रंथों को उड़ाने की बात कही गई थी.

## मध्य प्रदेश में हर साल एक लाख नौकरियां मिलेंगी: सीएम मोहन यादव

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में हर साल 1 लाख नई नौकरियां दी जाएंगी. भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है. इसी कड़ी में हमने 85 हजार से अधिक शासकीय सेवाओं में नौकरी दी गई है, हर वर्ष हम लगभग एक लाख नई नौकरियां प्रदान करेंगे. वहीं, लगभग ढाई लाख पदों पर पदोन्नतियां होंगी, इनमें से लगभग एक लाख पदों पर पदोन्नतियां हुई हैं. राज्य में बढ़ते निवेश की चर्चा करते हुए सीएम मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश दुनियाभर से सबसे तेज निवेश लाने की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बना है.



पिछले वर्ष भोपाल में सफल जीआईएस समिट के बाद अगले वर्ष पुनः भोपाल में समिट आयोजित होगी. राज्य की बदलती तस्वीर का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकाल में एक भी एयरपोर्ट नहीं शुरू हुआ. प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश में 5 से बढ़कर 8 एयरपोर्ट हो गए. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार को बाधित करने के प्रयासों के बावजूद भारत ने अपने हितों को सर्वोपरि रखते हुए मजबूती से कदम बढ़ाए हैं. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ा है. जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब अमेरिका ने उन्हें वीजा देने से इनकार किया था. आज वही भारत वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है. गुजरात को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का उनका विजन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है. उस समय रिफाइनरी को लेकर भी सवाल उठाए गए थे, लेकिन आज वही दूरदर्शिता देश के हित में साबित हो रही है.

## यूक्रेन पर रूस के हमले जारी, शॉपिंग मॉल के पास ड्रोन से किया हमला, पांच की मौत

**कीव:** यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने बताया कि रूस ने पावलोहराद में ड्रोन हमले कर कम से कम पांच लोगों की जान ले ली और 67 लोग घायल हो गए. यूक्रेनी मंत्री ने कहा कि शॉपिंग मॉल के पास दिनदहाड़े नागरिकों को निशाना बनाया गया, जो नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर किया गया आतंक है. यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, रूस ने पावलोहराद में ड्रोन हमले करके पांच लोगों की जान ले ली. हमलों में 67 लोग घायल हुए हैं. दिनदहाड़े ड्रोन हमलों में शॉपिंग मॉल के पास मौजूद आम नागरिकों को निशाना बनाया गया. इसे नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर किया गया आतंक फैलाने वाला हमला बताया गया है सिबिहा ने कहा कि रूस लगातार उन जगहों पर हमले कर रहा है, जहां उसे पता है



कि लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के कामों में व्यस्त होंगे. इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाना, डर फैलाना और यूक्रेनी समाज पर दबाव बनाना है. उन्होंने बताया कि पूरे यूक्रेन में हवाई हमलों की चेतावनियां लगातार जारी हैं. रूस लगातार बड़ी संख्या में ड्रोन लॉन्च कर रहा है और कुछ मामलों में तो सीधे उत्पादन केंद्रों से ही उन्हें भेजा जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि मॉस्को ऐसा इसलिए कर पा रहा है क्योंकि उसके पास अभी भी मिसाइलें, ड्रोन, उनके पुर्जे, पर्याप्त धन और बिना किसी डर के कार्रवाई करने की क्षमता मौजूद है. सिबिहा ने इस रणनीति को दबाव बनाने की नीति बताया. रूस का मानना है कि नागरिक क्षेत्रों पर लगातार हमले करके यूक्रेन के लोगों को थकाया जा सकता है और यूक्रेन को समझौते करने के लिए मजबूर किया जा सकता है. सिबिहा ने कहा कि यूक्रेन को तुरंत अतिरिक्त एयर डिफेंस सिस्टम और उन्हें चलाने के लिए जरूरी इंटरसेप्टर मिसाइलों की जरूरत है. साथ ही रूस के हथियार निर्माण उद्योग और उसे चलाने वाली आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) पर और सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए.

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में देश की बड़ी उपलब्धि, 80 लाख से ज्यादा एचपीवी वैक्सीन डोज लगी

**नई दिल्ली:** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक 80 लाख से अधिक एचपीवी वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं. यह अभियान फरवरी 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था. अभियान के तहत 14 वर्ष की किशोरियों को अभिभावकों की सहमति से सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वैच्छिक और मुफ्त सिंगल-डोज एचपीवी वैक्सीन दी जा रही है. भारतीय रजिस्ट्रार जनरल के 2021 के अनुमान के अनुसार, देश में हर साल करीब 1.2 करोड़ लड़कियां 14 वर्ष की आयु में पहुंचती हैं, जिन्हें इस पहल से लाभ मिलने की उम्मीद है.

स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि चार राज्यों में 100 फीसदी कवरेज दर्ज




किया गया है. इनमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और मिजोरम शामिल हैं जहां अपने चिन्हित लक्षित समूह का 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है. वहीं बिहार, आंध्र प्रदेश और असम में 90 प्रतिशत से अधिक कवरेज दर्ज किया गया है.

## न्यूज कॉर्नर

### आई से फर्जी वीडियो बनाकर आरपीएफ अधिकारी के परिवार को ब्लैकमेल करने वाली महिला गिरफ्तार

**झांसी:** कर्नाटक की 27 वर्षीय एक महिला को कथित तौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से फर्जी वीडियो बनाकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक अधिकारी और उसके परिवार को ब्लैकमेल करने तथा जबरन वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने इसकी जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक (नगर) सिमरन सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान कर्नाटक के हुब्बल्ली निवासी मरीना लाजरस उर्फ मरीना जसी के रूप में हुई है. पुलिस ने उसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया. अदालत में पेश किए जाने के बाद शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार, महिला ने एआई की मदद से कथित तौर पर फर्जी वीडियो तैयार किए और उन्हें आरपीएफ अधिकारी के परिवार को भेजकर ब्लैकमेल किया. आरोप है कि उसने परिवार को धमकाकर पहले करीब 40 हजार रुपये वसूल लिए थे और अब 15 लाख रुपये की और मांग कर रही थी. मामले में दो अगस्त को झांसी आरपीएफ कमांडेंट जितेंद्र शर्मा की पत्नी अंकिता भारद्वाज की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मरीना एआई से बनाए गए फर्जी वीडियो भेजकर परिवार को लगातार ब्लैकमेल कर रही थी. पुलिस ने बताया कि जितेंद्र शर्मा ने इससे पहले भी आरोपी महिला और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी.

### समय पर पंचायत चुनाव कराने के लिए पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर

**पटना:** बिहार में पंचायत चुनाव समय पर कराने को लेकर पटना हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई. अदालत ने मोहन प्रसाद चौरसिया एवं अन्य की ओर से दायर इस याचिका पर जस्टिस ए अभिषेक रेड्डी की एकलपीठ ने सुनवाई की. उच्च न्यायालय ने इस रिट याचिका पर सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को जबाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है. आवेदकों की ओर से अधिवक्ता एसबीके मंगलम और अवनीश ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के रवैये से क्षुब्ध होकर पंचायत चुनाव समय पर चुनाव कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. उन्होंने कोर्ट से अनुरोध करते हुए कहा, 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (ई) (1)(3) एवं पंचायती राज अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चुनाव की घोषणा निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में गठित पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल पूरा होने के पहले किया जाए.' याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में पूर्व में गठित पंचायती राज संस्थाओं कार्यकाल निकट भविष्य में पूरा होने वाला है. इन संस्थाओं का ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बडी भूमिका और योगदान होता हैं.

### संभल की एक मस्जिद में निर्माण के प्रयास में दो लोग हिरासत में, पुलिस बल तैनात

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चन्दौसी तहसील के एक गांव में कथित तौर पर मस्जिद के निर्माण का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गांव में पुलिस बल तैनात है और शांति है. एक अधिकारी ने बताया कि चंदौसी के विसरू गांव में गुरुवार की देर रात एक मस्जिद में निर्माण का प्रयास किया गया जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पुलिस को सूचित किया. इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत ले लिया. चंदौसी के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) आशुतोष तिवारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को यह सूचना मिली कि पूर्व से ही निर्मित और जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी एक मस्जिद में कुछ निर्माण कार्य हो रहा है. गांव वालों ने उस पर विरोध दर्ज कराया, जिसके चलते शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति आ गई. तिवारी ने बताया कि वहां पर मैंने पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और पुलिस बल के साथ दौरा किया और अब शांति व्यवस्था बरकरार है. उन्होंने कहा कि मस्जिद का मामला विवाद में है और यह अभी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें सुनवाई जारी है. उन्होंने कहा कि मामले में जांच चल रही है और जांच के बाद जो वैधानिक कार्रवाई होगी, की जाएगी.

### नवादा से अपहृत महिला की हत्या,तीन गिरफ्तार

**नवादा :** जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत छोटीपाली गांव से दो माह पूर्व लापता हुई महिला पूनम देवी के अपहरण मामले का नरहट पुलिस ने शुक्रवार को उद्भेदन कर लिया है. पुलिस के अनुसार, महिला की हत्या कर उसके शव को कोडरमा घाटी में फेंक दिया गया था. मामले में पुलिस ने तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. घटना में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया है. नवादा के नरहट पहुंचे रजौली एसडीपीओ केतन इंगोले ने बताया कि कांड के उद्भेदन में नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार और अनुसंधानकर्ता पूजा कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ के दौरान आरोपितों ने महिला की हत्या कर कोडरमा घाटी में शव फेंकने की बात स्वीकार की. एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से मृतका के कपड़े तथा कुछ मानव हड्डियां बरामद की हैं. एफएसएल की टीम मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटा रही है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया है. गिरफ्तार आरोपितों में चुन्नू सिंह, निवासी मनवां, हिसुआ थाना क्षेत्र, शशि चंद्र उर्फ टुल्लू सिंह, निवासी हादसा तथा विपिन उर्फ अंकित राज, निवासी बेलारू, हिसुआ थाना क्षेत्र शामिल हैं.

### मथुरा रेलवे स्टेशन के बाहर से पांच महीने के बच्चे के अपहरण के आरोप में दंपति गिरफ्तार

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यहां रेलवे स्टेशन के बाहर से पांच महीने के बच्चे का अपहरण करने के आरोप में मध्यप्रदेश के रहने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. भौगोलिक संदर्भ पुलिस ने बताया कि बच्चे को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया जबकि आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान संजीव और सीमा के रूप में हुई है. पुलिस क्षेत्राधिकारी (रिफाइनरी) प्रवीण तिवारी ने बताया कि दोनों को शुक्रवार सुबह करीब 7:10 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के बसिया गांव स्थित एक मंदिर से गिरफ्तार किया गया. पुलिस के अनुसार, दंपति पूजा-अर्चना के बाद लौट रहा था कि तभी दोनों पति-पत्नी को पकड़ लिया गया. अधिकारी ने बताया कि दोनों पिछले शनिवार को मथुरा आये थे और विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के बाद रेलवे स्टेशन पर ठहरे हुए थे. पुलिस के अनुसार, मुरैना के एक जिला अस्पताल में निजी दाई के रूप में काम करने वाली सीमा की शादी 2018 में हुई थी और संतान न होने के कारण उसका पति कथित रूप से उसे प्रताड़ित करता था.

### मिर्जापुर में हाई वोल्टेज करंट से छात्र की मौत; ग्रामीणों का बिजली विभाग पर फूटा गुस्सा

**मिर्जापुर:** मिर्जापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र स्थित जमुआरी गांव में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया. गांव में बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार अचानक घरेलू लाइन से छू गया, जिससे पूरे घर में तेज करंट दौड़ गया. मोबाइल चार्ज करने की कोशिश कर रहा 21 साल का छात्र अंकित सरोज इस हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया. झुलसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया. अंकित सहजानंद डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था और अपनी पढ़ाई लिखाई में काफी होशियार था. वह अपने परिवार की उम्मीदों का इकलौता सहारा था, जिसकी अचानक हुई मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में कई बार इस तरह अचानक वोल्टेज बढ़ जाता है, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जाता. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली के तारों की हालत लंबे समय से बेहद खराब और खतरनाक बनी हुई है. हाईटेंशन और घरेलू तारों के आपस में टकराने की घटनाएं इस इलाके में पहले भी कई बार हो चुकी हैं. लोगों ने बताया कि इससे पहले भी करंट लगने से गांव में कई मवेशियों और दो लोगों की जान जा चुकी है.

# बिहार में अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर :** बिहार में अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर है. वो राजनेता को भी निशाना बनाने से नहीं चूकते हैं. भागलपुर में शुक्रवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती उर्फ पप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी. बबरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज मोहल्ले में वारदात को अंजाम दिया गया. इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.

बताया जा रहा है कि उमा भूषण तांती बाइक से बाजार जा रहे थे. इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा किया और गोली मार दी. गोली उमा भूषण के कनपटी के पास लगी, जिससे वह सड़क पर ही अचेत होकर गिर पड़े. घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई. परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

दिनदहाड़े भाजपा नेता की हत्या की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही बबरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की. भागलपुर के सिटी एसपी अतुलेश झा भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया.

पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली और वारदात के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुट गई. घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे उउढत कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके. पुलिस के अनुसार, हत्या में शामिल आरोपियों की




गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की जा रही है. मृतक के परिजनों के मुताबिक, उमा भूषण तांती वर्ष 2025 से भाजपा मंडल अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे. इससे पहले शशि मोदी मंडल अध्यक्ष थे. मृतक के भतीजे अंकित ने आरोप लगाया कि गोली किशन ने मारी. हत्या के बाद राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है.

मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि वार्ड पार्षद शशि मोदी का भांजा किशन कुमार और उसका एक सहयोगी बाइक से पीछा किया और भाई साहब को पीछे से गोली मार दी. गोली कनपटी में लगी. गोली लगते ही वह सड़क पर अचेत होकर गिर पड़े. इसके बाद लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया. अरविंद ने बताया कि उमा भूषण वर्ष 2025 में मंडल अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे और इससे पहले शशि मोदी मंडल अध्यक्ष थे.घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा विधायक रोहित पांडेय भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि वर्तमान मंडल अध्यक्ष उमा भूषण तांती की सुबह गोली लगने से हत्या हुई है. वह बेहद सहज, शांत और शालीन स्वभाव के व्यक्ति थे. विधायक ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार उमा भूषण की किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी. उन्होंने कहा कि जिसने भी इस कुकृत्य को अंजाम दिया है, प्रशासन जल्द से जल्द उसका पता लगाकर गिरफ्तार करेगा. घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी भागलपुर पहुंचे. उन्होंने बिहार में अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा. पप्पू यादव ने कहा कि बाढ़ में इंसानों को जानवरों की तरह मारा जा रहा है और अब पंचायत चुनाव का समय आ रहा है, ऐसे में हर रोज हत्या होने की आशंका है. उन्होंने अधिकारियों, माफिया और नेताओं के गठजोड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल कुछ लोग सुरक्षित हैं, जबकि आम जनता लगातार परेशान है.

## भागलपुर में कोसी नदी का कहर, रेलवे लाइन बांध का 15 मीटर हिस्सा टूटा

### कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

**भागलपुर:** जले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत रंगरा चौक प्रखंड के बनिया इलाके में कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के तेज दबाव के कारण रेलवे लाइन बांध का करीब 15 मीटर हिस्सा टूट गया है. बांध टूटते ही बाढ़ का पानी बेहद तेज रफ्तार से गांवों की ओर बहने लगा है, जिससे आसपास के कई गांवों में बाढ़ का गंभीर खतरा पैदा हो गया है और स्थानीय ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है.


स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में रात के समय हुई भारी बारिश और तेज आंधी के बाद कोसी नदी के जलस्तर में अचानक और अत्यधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई. नदी के उफान के कारण रेलवे लाइन बांध पर पानी का दबाव लगातार बढ़ता चला गया, जिसके परिणामस्वरूप बांध का लगभग 15 मीटर का हिस्सा अचानक जमींदोज



हो गया. टूटे हुए हिस्से से पानी का सैलाब गांवों की तरफ तेजी से बढ़ रहा है. बाढ़ का पानी अब साधोपुर, मसूदनपुर, बैसी, भवानीपुर और नवगछिया-बनिया समेत आसपास के कई ग्रामीण इलाकों को अपनी चपेट में ले रहा है. पानी के इस विनाशकारी बहाव के कारण साधोपुर से बनिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का भी करीब आधा हिस्सा टूटकर बह गया है, जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका खड़ी हो गई है.

## बारिश से खराब सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाएं बरसात के बाद नवीनीकरण भी हो : सीएम योगी

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें आवागमन के योग्य बनाने और बरसात के बाद जरूरत के अनुसार उनका नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए हैं. शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बारिश अभी जारी है, इसलिए सड़कों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और बारिश से नए क्षतिग्रस्त मार्गों का भी सर्वे कराया जाए. आगामी पर्व-त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा. ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए. उन्होंने पर्वों से पहले आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के काम पूरे करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गड्ढामुक्ति का काम केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे. जहां सड़क तत्काल खराब स्थिति में है, वहां उसे अभी मोटरेबल बनाया जाए और बरसात समाप्त होने के बाद जरूरत के अनुसार स्थायी नवीनीकरण कराया जाए. बैठक में बताया गया कि अतिवृष्टि के साथ ही एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय मार्ग, रेलवे आदि की निर्माणाधीन परियोजनाओं के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से भी कई सड़कें क्षतिग्रस्त



हुई हैं. इन मार्गों का विभागवार सर्वे कराया जा रहा है. सर्वे के आधार पर क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढामुक्ति के विभागवार लक्ष्य तय किए जाएंगे. आगामी पर्वों को देखते हुए प्रदेश में 681 महत्वपूर्ण मार्ग चिन्हित किए गए हैं. इनमें गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान अधिक आवागमन वाले मार्ग शामिल हैं. इन मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर स्थिति में रखने की तैयारी है.

सीएम योगी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से भी उनकी कार्ययोजना की जानकारी ली. साथ ही मंडी परिषद, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई. उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया. विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि गड्ढामुक्ति अभियान में 09 विभागों के मार्ग शामिल हैं. इन विभागों के अधीन करीब 4.36 लाख किलोमीटर सड़कें हैं. वर्तमान लक्ष्य के तहत करीब 50 हजार किलोमीटर मार्गों को गड्ढामुक्त किया जाना है, जिसमें अब तक करीब 5,751 किलोमीटर पर काम पूरा किया जा चुका है. क्षतिग्रस्त मार्गों के सर्वे के बाद विभागवार लक्ष्य को अंतिम रूप दिया जाएगा. नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के कार्यों की भी समीक्षा की गई. विभाग के अनुसार नवीनीकरण के लिए करीब 30 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत के लिए करीब 5 हजार किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है. अब तक नवीनीकरण में करीब 14 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत में करीब 700 किलोमीटर की प्रगति बताई गई.

## सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट ने लगाई 6.41 करोड़ की वसूली पर अंतरिम रोक

**सहारनपुर / मेरठ :** सहारनपुर की विवादित कलेक्ट्रेट मस्जिद के ध्वस्तीकरण मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है. अदालत ने मस्जिद कमेटी से 6.41 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति वसूली के सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है. साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से ज़वाब तलब किया है. मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी. न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मस्जिद कमेटी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया. कमेटी ने प्रशासन की कार्रवाई और ध्वस्तीकरण से पहले की गई कानूनी प्रक्रिया को हाईकोर्ट में चुनौती दी है. हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद मामले में एक बार फिर कानूनी मोर्चे पर हलचल बढ़ गई है. आपको बता दें कि सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित इस विवादित मस्जिद को लेकर प्रशासन और मस्जिद कमेटी के दावे अलग-अलग रहे हैं. प्रशासन का कहना था कि कलेक्ट्रेट परिसर



की 315 वर्ग मीटर ज़मीन, खसरा संख्या-539 पर बना ढांचा अनधिकृत था. प्रशासन के अनुसार यह जमीन परिसर की पुरानी विश्रामशाला से संबंधित थी और बिना अनुमति धार्मिक ढांचे के रूप में इस्तेमाल की गई. वहीं मस्जिद कमेटी का दावा था कि यह मस्जिद 100 साल से अधिक पुरानी है और वक्फ में दर्ज संपत्ति है. ज़मीन के स्वामित्व और निर्माण की वैधता को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद लंबे समय से चल रहा था. मामले में मार्च 2025 में बजरंग दल के पूर्व प्रांतीय संयोजक विकास त्यागी की शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई शुरू की थी. इसके बाद प्रकरण प्रशासनिक और न्यायिक स्तर पर आगे बढ़ा. 16 जुलाई 2026 को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने विवादित ढांचे को हटाने का आदेश दिया था. इसके साथ ही मस्जिद कमेटी से 6.41 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति वसूलने के निर्देश भी दिए गए थे.

## जदयू का नाम 'जदयू-नीतीश' करने के सुझाव पर विचार, राजद ने जताई टूट की आशंका

**पटनाः** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी का नाम बदलकर 'जदयू-नीतीश' करने के सुझाव पर विचार किया जा रहा है और यह प्रस्ताव पार्टी के सर्वोच्च नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सम्मान में सामने आया है. जद यू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के एक वायरल वीडियो में उन्हें यह कहते सुना गया कि पार्टी का अस्तित्व और पहचान नीतीश कुमार की वजह से है और उसकी विचारधारा उनके राजनीतिक दर्शन पर आधारित है. उन्होंने पार्टी का नाम 'जदयू-नीतीश' करने पर विचार करने की बात कही. उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और मंत्री श्रवण कुमार से जब इस बारे में पूछा गया तो दोनों नेताओं ने इसका समर्थन किया . ये दोनों समता पार्टी के समय से ही नीतीश के करीबी रहे हैं. नालंदा के कुर्मी समुदाय से आने वाले श्रवण कुमार ने इस पर कहा, इससे बेहतर प्रस्ताव हो ही नहीं सकता. दोनों नेताओं ने उन्होंने जल्द औपचारिक प्रस्ताव लाने की मांग की और कहा कि यह सर्वसम्मति से पारित होगा. जदयू का गठन 2003 में शरद यादव के नेतृत्व



वाले जनता दल यूनाइटेड और समता पार्टी के विलय से हुआ था. शरद यादव 2016 तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे, जबकि नीतीश कुमार को पार्टी का वास्तविक नेता माना जाता रहा. 2016 में नीतीश राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और 2017 में शरद यादव अलग हो गए. नीतीश ने 2020 में अध्यक्ष पद छोड़ा और आरसीपी सिंह अध्यक्ष बने. केंद्र में मंत्री बनने को लेकर विवाद के बाद आरसीपी सिंह की जगह राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को अध्यक्ष बनाया गया.

## वाराणसी में फिर बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर, 12 घंटे में 9 सेंटीमीटर का उछाल

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है. पिछले कुछ दिनों तक स्थिर रहने के बाद, अब नदी के जलस्तर में दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही है. बीते 12 घंटों में गंगा का जलस्तर नौ सेंटीमीटर तक बढ़ चुका है. सेंट्रल वॉटर कमीशन के मुताबिक, गुरुवार रात 8 बजे वाराणसी में गंगा का जलस्तर 69.31 मीटर पर पहुंच गया. यह चेतावनी स्तर 70.262 मीटर से अभी भी लगभग 1 मीटर नीचे है, लेकिन लगातार हो रही बढ़ोतरी ने प्रशासन और घाटों पर रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है. फिलहाल गंगा में नावों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगी हुई है. जलस्तर बढ़ने का असर सीधे तौर पर घाटों पर दिख रहा है. कई छोटे घाट अभी भी पानी में डूबे हुए हैं, जिससे वहां दुकान लगाने वाले नाविकों और दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है. तीर्थयात्रियों के लिए भी मुश्किलें बढ़ गई हैं.



वाराणसी के नाविक शिवानंद साहनी ने आईएएनएस को बताया, घाटों पर दुकानदारों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और आने वाले तीर्थयात्रियों को भी परेशानी हो रही है, क्योंकि कपड़े बदलने के लिए कोई जगह नहीं बची है. बाढ़ की वजह से उपलब्ध जगह कम हो गई है, जिससे बहुत ज्यादा भीड़-भाड़ हो गई है और लोगों को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ रहा है.

## एमएलसी चुनाव के लिए आरजेडी ने अपने 6 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की

**पटना :** बिहार में अगले कुछ महीने में विधान परिषद का चुनाव होना है. इस बाबत पार्टियों में सरगर्मी तेज है. इधर राष्ट्रीय जनता



दल ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. शुक्रवार को इस बाबत पत्र भी जारी हो गया. पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. संजीव कुमार सिंह. पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दिलीप कुमार, कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नितेश कुमार, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अनिल कुमार झा, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रोफेसर जयराम यादव और तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. रश्मि विनायक गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है. आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल की ओर से जारी प्रत्याशियों के नामों की सूची में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि बाकी दो सीटों पर भी जल्द ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होगी.

## बिहार में मदरसा को किया गया सील, दो छात्राओं की मौत के बाद लिया गया फैसला

**सुपौल :** बिहार के सुपौल में दर्दनाक हादसा हुआ है. सदर थाना क्षेत्र के बसबिट्टी रोड वार्ड नंबर-19 स्थित निजी मदरसे में फूड प्वाइजनिंग की घटना में शुक्रवार को दूसरी छात्रा की भी मौत हो गई. शहर के अनंत प्रेरणा हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में इलाजरत हलीमा सादिया ने दम तोड़ दिया. इससे पहले सोमवार को उपचार के दौरान 10 वर्षीया अल्फिशा की मौत हो गई थी. जानकारी के अनुसार, सोमवार को मदरसे में आवासीय रूप से रहकर पढ़ाई करने वाली चार छात्राओं आफिया, सहाना खातून, हलीमा सादिया और अल्फिशा की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी.



चारों को बेहोशी की हालत में सुपौल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

मदरसा संचालक खलीउर रहमान के अनुसार, सोमवार को अल्फिशा की मां बच्ची से मिलने मदरसे पहुंची थीं. वह बच्ची के लिए मिठाई और समोसा देकर गई थीं.

## न्यूज कॉर्नर

### यूरोपीय आयोग ने भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए प्रस्ताव परिषद को सौंपा

**ब्रसेल्स:** यूरोपीय आयोग ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर और उसे अंतिम रूप देने के लिए अपना प्रस्ताव औपचारिक रूप से यूरोपीय परिषद को शुक्रवार को सौंप दिया. इसे महत्वाकांक्षी समझौते को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. परिषद से मंजूरी मिलने पर यह यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत, दोनों द्वारा अब तक किया गया सबसे बड़ा व्यापार समझौता होगा.भारत और ईयू ने जनवरी में एफटीए को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी. यह प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ भारत के आर्थिक संबंधों और व्यापारिक जुड़ाव में एक ऐतिहासिक पड़ाव है.आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि समझौते को मंजूरी मिलने और लागू होने के बाद बाजार तक पहुंच बेहतर होगी, शुल्क कम होंगे, अनावश्यक व्यापार बाधाओं का समाधान होगा तथा ईयू तथा भारत के बीच व्यापार एवं निवेश के लिए विश्वसनीय नियम उपलब्ध होंगे.ईयू और भारत के बीच पहले से ही हर साल 180 अरब यूरो से अधिक मूल्य की वस्तुओं व सेवाओं का व्यापार होता है, जिससे करीब आठ लाख ईयू रोजगार को समर्थन मिलता है.विज्ञप्ति के अनुसार, इस समझौते से भारत को होने वाले ईयू के 96 प्रतिशत वस्तु निर्यात पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा. कुल मिलाकर शुल्क में कमी से यूरोपीय उत्पादों पर हर साल करीब चार अरब यूरो के शुल्क की बचत होगी.व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा, अंतर-संस्थागत संबंध और पारदर्शिता मामलों के आयुक्त मारोश शेफकोविच ने बयान में कहा, ''यह समझौता दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं यानी दो अरब लोगों वाले बाजार और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब एक चौथाई हिस्सेको एक साथ लाता है.''उन्होंने कहा, ''शुरुआत से हमारा स्पष्ट ध्यान यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि कारोबारी और आम नागरिक इस ऐतिहासिक एफटीए के लाभ जल्द से जल्द महसूस कर सकें. समय महत्वपूर्ण है और इसी वजह से हम रिकॉर्ड समय में हस्ताक्षर और समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अपने प्रस्ताव परिषद को सौंपकर आगे बढ़ रहे हैं.''विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत-ईयू एफटीए ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख साझेदारों के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने की ईयू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.''परिषद की मंजूरी मिलने के बाद समझौते के अंतिम पाठ को लागू करने से पहले यूरोपीय संसद की मंजूरी भी लेनी होगी.

### मौद्रिक समीक्षा बैठक में वृद्धि, मुद्रास्फीति की स्थिति का नये सिरे से करेंगे आकलन: मल्होत्रा

**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अगले महीने अपनी बैठक में वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी.मल्होत्रा ने टीवी चैनल 'सीएनबीसी-टीवी18' को दिए साक्षात्कार में कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि बढ़ी हुई लागत का कितना बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जाता है.उन्होंने कहा, ''कच्चे तेल के दाम बढ़े हैं. भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई में 82 डॉलर प्रति बैरल थी जो अगस्त में बढ़कर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई. इसका निश्चित रूप से कुछ असर होगा, लेकिन यह फिर से लागत के उपभोक्ताओं तक पहुंचने पर निर्भर करेगा.'' मल्होत्रा ने कहा कि सरकार ने काफी हद तक इस झटके को अपने ऊपर लिया और उसका असर कम किया है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था इस स्थिति से अच्छी तरह निपटी है.उन्होंने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नजर रखेगा.मल्होत्रा ने कहा, ''जोखिम दोनों तरफ हैं एमपीसी करीब एक महीने में जब बैठक करेगी, तब वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी. मैं अपना आकलन नहीं बताना चाहता.''एमपीसी की अगली बैठक पांच से सात अक्टूबर, 2026 को होनी है.एफसीएनआर(बी) जमा के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि हाल में समाप्त हुई आरबीआई की विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत 127.22 अरब डॉलर की एफसीएनआर(बी) जमा जुटाई गईं. इनमें करीब 50 प्रतिशत जमा पांच साल की अवधि वाली हैं.उन्होंने कहा कि मजबूत प्रवाह दुनिया भर के निवेशकों के भारत के मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद में विश्वास को दर्शाता है और इससे कम समय में विदेशी पूंजी प्रवाह जुटाने की क्षमता भी प्रदर्शित होती है.मल्होत्रा ने कहा कि इस प्रवाह से विदेशी मुद्रा बाजार को स्थिर करने, वित्तीय स्थिरता और बाहरी क्षेत्र की मजबूती में मदद मिली है. इससे नकदी उपलब्ध हुई और बाजार धारणा में सुधार हुआ.उन्होंने कहा कि एफसीएनआर(बी) जमा में पांच साल की अवधि वाली जमाओं की हिस्सेदारी करीब 48.50 से 50 प्रतिशत है.

### बीओआई ने एफसीएनआर के जरिये 2.2 अरब डॉलर जुटाए, तीन महीने की कर्ज जरूरत होगी पूरी

**मुंबई:** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने एफसीएनआर(बी) जमा के जरिये 2.2 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए हैं. इससे बड़े जमा की जगह लेने में मदद मिलेगी और इतनी नकदी उपलब्ध होगी कि बैंक की करीब तीन महीने की कर्ज जरूरत पूरी हो सके.बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रजनीश कर्नाटक ने कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा के जरिये जुटाई गई नकदी से बैंक करीब एक तिमाही की कर्ज जरूरत पूरी कर सकेगा और इसे बड़े जमा पर उसकी निर्भरता भी कम होगी.कर्नाटक ने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन 2026 के दौरान अलग से बातचीत में कहा, ''हमने एफसीएनआर (बी) योजना के जरिये 2.2 अरब डॉलर की जमा जुटाई है, जो करीब 20,000 करोड़ रुपये के बराबर है. इससे बड़े जमा की जगह लेने में मदद मिलेगी. एफसीएनआर (बी) के जरिये जुटाई गई नकदी से एक तिमाही की कर्ज जरूरत पूरी हो जाएगी.''बैंक ने ये राशि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा घोषित विशेष एफसीएनआर(बी) जमा जुटाने की पहल के तहत जुटाई है.बैंक द्वारा जुटाई गई यह राशि महत्वपूर्ण है क्योंकि कर्ज की मांग के बीच बैंक अपनी नकदी की स्थिति मजबूत करने और जमा आधार में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं. एफसीएनआर(बी) जमा के जरिये जुटाई गई राशि बैंक के लिए स्थिर विदेशी मुद्रा वित्तपोषण का एक अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराएगी और उसकी कर्ज गतिविधियों को समर्थन देगी.कर्नाटक ने कहा कि एफसीएनआर(बी) जमा जुटाए जाने से बैंकों में पैदा हुई भारी अतिरिक्त नकदी के बावजूद बैंक अपने कर्ज वृद्धि लक्ष्य में बदलाव करने की संभावना नहीं रखता.उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''पूरे साल के लिए बैंक का कर्ज वृद्धि लक्ष्य 15-17 प्रतिशत है और हम इसी पर कायम रहेंगे.''आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर तक बैंकों में करीब 10.43 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी रहने का अनुमान है.

### खनन क्षेत्र अगले 20 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में 500 करोड़ डॉलर का योगदान देगा: फडणवीस

**नागपुर:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि देश का खनन क्षेत्र अगले 20 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में 500 अरब डॉलर का योगदान दे सकता है और इससे करीब तीन करोड़ नए रोजगार पैदा हो सकते हैं.फडणवीस ने 'द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया)' के 'नागपुर लोकल सेंटर' द्वारा आयोजित 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि विदर्भ क्षेत्र भारत की खनन आधारित आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा इंजन बनने और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने में अहम भूमिका निभाने की पूरी क्षमता रखता है.उन्होंने कहा, ''आज पूरी दुनिया ऊर्जा सुरक्षा की बात कर रही है, लेकिन ऊर्जा सुरक्षा अब सीधे तौर पर खनिज सुरक्षा से जुड़ गई है. बिना खनिज सुरक्षा के ऊर्जा सुरक्षा हासिल कर पाना अब संभव नहीं है.''फडणवीस ने कहा कि सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकी नई दुनिया की रूपरेखा तय कर रही हैं. ये तीनों क्षेत्र भारी मात्रा में बिजली और खनिजों पर निर्भर हैं उन्होंने दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का हवाला देते हुए कहा कि हर देश के लिए एक मजबूत खनन परिवेश विकसित करना और खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पाना बेहद जरूरी हो गया है.मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के कई अभियानों की वजह से देश तरक्की कर रहा है और महत्वपूर्ण खनिजों एवं दुर्लभ खनिजों का मिशन देश के खनन उद्योग की तस्वीर बदल रहा है.फडणवीस ने कहा कि भारत में कोयला, चूना पत्थर और लौह अयस्क का खनन पहले से प्रमुख रहा है, लेकिन आर्थिक विकास के लिए इस्पात, सीमेंट और ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की भी आवश्यकता बढ़ रही है.

## कच्चे तेल की धुन पर नाचा शेयर बाजार, निचले स्तर से शानदार रिकवरी के बावजूद लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स-निफ्टी

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की चाल के आधार पर कारोबार करता रहा. कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल की वजह से आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी. कच्चे तेल की कीमत जैसे जैसे बढ़ती गई, वैसे-वैसे शेयर बाजार की कमजोरी भी बढ़ती चली गई. हालांकि, भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे के करीब 108.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंचने के बाद कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आ गई, जिससे शेयर बाजार की चाल में भी सुधार होने लगा.इंट्रा-डे में सेंसेक्स 756.99 अंक की रिकवरी करने में सफल रहा. इसी तरह निफ्टी भी दिन के निचले स्तर से 216.70 अंक तक उछल गया. शाम तीन बजे के करीब कच्चे तेल की कीमत में आई हल्की तेजी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल एक बार फिर कमजोर पड़ गई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 593.43 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,309.16 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक 742.43 अंक यानी 0.99 प्रतिशत फिसल कर 74,160.16 अंक के स्तर तक चला गया. इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा.बाजार में शेयरों की लगातार हो रही खरीदारी के कारण आज का कारोबार खत्म होने के कुछ देर पहले यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 756.99 अंक की रिकवरी कर 14.56 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ हरे निशान में 74,917.15 अंक के स्तर तक पहुंच गया. हालांकि, आखिरी 10 मिनट के कारोबार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 135.39 अंक लुढ़क कर 120.83 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,781.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 207.50 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूट कर 23,270.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से यह



सूचकांक 246.40 अंक यानी 1.05 प्रतिशत फिसल कर 23,231.40 अंक के स्तर तक आ गया. इसके बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार से कच्चे तेल की कीमत में रिकवरी होने की खबर आते ही निफ्टी की चाल में भी सुधार होने लगा.कच्चे तेल की कीमत में रिकवरी की खबर से उत्साहित निवेशकों ने बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी का रुख बन गया. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 216.70 अंक सुधर कर 23,448.10 अंक के स्तर तक पहुंच गया. इस स्तर पर एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से निफ्टी करीब 50 अंक फिसल कर 79.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,398.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों की लगातार बिकवाली होती रही. बिकवाली के दबाव की वजह से बीएसई का मेटल इंडेक्स 2.40 प्रतिशत टूट गया. इसी तरह रियल्टी इंडेक्स ने भी दो प्रतिशत से अधिक का गोता लगाया. इसके अलावा ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए.दूसरी ओर, बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी के सपोर्ट से आज लगातार तेजी का रुख बना रहा. चौतरफा बिकवाली का माहौल होने के बावजूद निफ्टी का बैंकिंग इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह निफ्टी के आईटी इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज ब्रॉडर मार्केट में बने बिकवाली के दबाव की वजह से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी आ गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 481.56 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 485.07 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया.आज दिन भर के कारोबार के दौरान एनएसई में 3,226 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,220 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,006 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में, 37 शेयर लाल निशान में और एक शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए.

आज पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचडीएफसी बैंक 2.08 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 1.97 प्रतिशत, टेक महिंद्रा एक प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 0.73 प्रतिशत और विप्रो 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 3.21 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.99 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 2.17 प्रतिशत, टाटा स्टील 2.02 प्रतिशत और ओएनजीसी 2.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## सीतारमण ने एआई सुरक्षा मानकों, उद्योग मंच की वकालत की, तकनीक के वैश्विक विस्तार पर जोर



**मुंबई:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) के वित्त और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग के मद्देनजर मजबूत जवाबदेही और सुरक्षा उपायों का आह्वान किया.उन्होंने आगाह किया कि नियामकों और कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तेजी से हो रहे नवाचार आगे चलकर प्रणालीगत जोखिम पैदा न करें.उन्होंने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई वित्तीय निर्णयों और लेनदेन को गति दे सकता है, लेकिन यह धोखाधड़ी, साइबर हमलों और अन्य खामियों को भी अभूतपूर्व गति से फैलाने का कारण बन सकता है.वित्त मंत्री ने कहा, एआई निर्णय लेने में सहायता कर सकता है, लेकिन अंतिम जिम्मेदारी इंसानों और संस्थानों की ही होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि एआई-संचालित निर्णय के परिणाम जितने गंभीर होंगे, समीक्षा, व्याख्या और अपील की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी.

सीतारमण ने कहा कि नियामकों, कंपनी बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन को यह समझना चाहिए कि एआई का उपयोग कहां किया जा रहा है, यह किन निर्णयों को प्रभावित करता है, यह किस आंकड़ों पर निर्भर करता है और यदि तकनीक विफल हो जाती है तो क्या परिणाम हो सकते हैं.उन्होंने कहा, उच्च जोखिम वाले उपयोगों में इसके इस्तेमाल से पहले और उनके पूरे जीवन चक्र के दौरान उच्च स्तर की जांच होनी चाहिए.सीतारमण ने एंथ्रोपिक के एक शोधकर्ता के इस्तीफे का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या उनकी चेतावनी की बारीकी से जांच करने का कोई आधार बनता है. उन्होंने कहा, मैं यह बात दहशत पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि व्यापक मानवता के प्रति संस्थागत जवाबदेही पर जोर देने के लिए उठा रही हूं.एंथ्रोपिक के एक शोधकर्ता ने इस आशंका से इस्तीफा दिया था कि खुद को बेहतर बनाने वाले एआई मॉडल का अनियंत्रित विकास अंततः मनुष्यों को नुकसान पहुंचा सकता है.उन्होंने कहा, जब तक ये सुरक्षा उपाय तेजी से लागू नहीं होते और लगातार अद्यतन नहीं होते, तब तक एआई के बेलगाम होने का खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा. यह एक ऐसा जोखिम होगा, जिसे सहन नहीं किया जा सकता.सीतारमण ने कहा, दक्षता और सुरक्षा प्रतिस्पर्धी उद्देश्य नहीं होने चाहिए. बेहतर संस्थागत डिजाइन को इन्हें एक-दूसरे का पूरक बनाना चाहिए.वित्त मंत्री ने भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के विदेशों में बढ़ते विस्तार के बीच एक एकीकृत उद्योग मंच पर विचार करने का प्रस्ताव रखा, जो देश के व्यापक प्रौद्योगिकी क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय विनियामक चर्चाओं में एक सामूहिक आवाज दे सके.उन्होंने कहा कि एआई, फिनटेक और डिजिटल मंच सीमाओं से परे काम करते हैं, जबकि डेटा, लाइसेंसिंग, साइबर सुरक्षा, कराधान, उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय विनियमन को नियंत्रित करने वाले कानून काफी हद तक राष्ट्रीय स्तर के बने हुए हैं.सीतारमण ने कहा, वैश्विक बनने की आकांक्षा रखने वाली किसी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए सीमा पार नियमों से निपटना अब कोई छोटा मामला नहीं रह गया है. इसे उसकी वैश्विक वृद्धि रणनीति का हिस्सा बनना होगा. उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मंच विदेशी सरकारों और नियामकों के साथ संवाद कर सकता है, उन क्षेत्रों की पहचान कर सकता है.

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली:** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 1,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है. इसी तरह सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी की कीमत में आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की जोरदार उछाल आया है.भाव में बदलाव होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट



सोना आज 1,55,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है.

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,55,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,55,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,55,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,55,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## गोयल ने ब्रिक्स देशों से भुगतान प्रणालियों को जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने किया आग्रह

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से अपनी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दुनिया भर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाने का शुक्रवार को आग्रह किया.वाणिज्य मंत्री ने नई दिल्ली में 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026' के उद्घाटन सत्र में कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है. भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सालाना 250 अरब से अधिक लेनदेन का आंकड़ा पार कर चुका है, जो दुनियाभर में लेनदेन की संख्या के हिसाब से आधे से अधिक है.उन्होंने कहा, ''आज यूपीआई को 11 देशों में स्वीकार किया जाता है और मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों तथा साझेदार देशों से आग्रह करूंगा कि वे हमारी इस भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ें, एक-दूसरे की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करें, डिजिटल व्यापार को वैश्विक बनाएं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए मिलकर काम करें.''गोयल ने कहा कि साझेदार देशों के बीच व्यापार गहरा एवं मजबूत होना चाहिए तथा आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता होनी चाहिए, ताकि किसी भी समय व्यापार सदस्य के देशों में से किसी की वृद्धि और लोगों के कल्याण में बाधा न बने. गोयल ने ब्रिक्स देशों से कहा कि सदस्य देशों को डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए अपने पेमेंट सिस्टम को लिंक करना चाहिए.

## फ्लिपकार्ट मिनट्स ने दर्ज की चार गुना वृद्धि, नेटवर्क 150 से ज्यादा शहरों तक पहुंचा

**सालाना आधार पर 4 गुना वृद्धि, 150+ शहरों में 1200 माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर**

**नई दिल्ली:** देश के ऑनलाइन खुदरा बाजार में फ्लिपकार्ट की क्विक कॉमर्स पेशकश फ्लिपकार्ट मिनट्स ने लांचिंग के बाद तेजी से विस्तार करते हुए सालाना आधार पर चार गुना वृद्धि दर्ज की है. पिछले दो वर्षों में प्लेटफॉर्म का नेटवर्क बढ़कर 150 से अधिक शहरों में लगभग 1,200 माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर तक पहुंच गया है.इस प्लेटफॉर्म ने शुरुआत से अब तक चार लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित किए हैं. कंपनी ने कहा कि इस वृद्धि में टियर 2+ बाजारों की अहम भूमिका देखने को मिल रही है. इसमें अंबाला, बाराबंकी, भागलपुर, दुर्गापुर, कानपुर, रुड़की, सिलीगुड़ी, सलेम और तिरुप्पुर जैसे शहरों में ग्राहक आधार सालाना आधार पर करीब 25 गुना बढ़ा है. इन बाजारों में मांग अब रोजमर्रा की जरूरतों तक सीमित नहीं है. कोरियन नूडल्स, सॉस और रेडी-टू-ईट मील्स जैसे उत्पादों के साथ-साथ प्रीमियम स्किनकेयर और पर्सनल केयर कैटेगरी में भी मजबूत मांग देखने को मिल रही है.

कंपनी ने कहा कि फ्लिपकार्ट मिनट्स पर जेन जेड (ऋशाप न) सबसे तेजी से बढ़ने वाला ग्राहक वर्ग बनकर उभरा है. पिछले 12 महीनों में इस वर्ग का ग्राहक आधार सालाना आधार पर करीब पांच गुना बढ़ा है. ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, गेमिंग, वियरेबल्स, फ्रेगरेंस, हेल्थ एवं न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग जैसी कैटेगरी में 45 फीसदी से अधिक ऑर्डर जेन जेड ग्राहकों द्वारा किए जाते हैं. इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर गॉरमेट कैटेगरी के हर तीन में से एक ऑर्डर जेन जेड ग्राहक करते हैं. कंपनी के मुताबिक ये आंकड़े दिखाते हैं कि यह पीढ़ी क्विक कॉमर्स का इस्तेमाल रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर प्रीमियम और लाइफस्टाइल से जुड़ी अन्य श्रेणियों तक कहीं अधिक व्यापक उत्पादों की खरीदारी के लिए कर रही है.कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख कुणाल गुप्ता ने कहा कि पिछले दो साल में फ्लिपकार्ट मिनट्स महज सुविधा प्रदान करने वाली सेवा से आगे बढ़कर खरीदारी के एक व्यापक प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है. ग्राहक अब रोजमर्रा की जरूरतों के अलावा कई अन्य तरह के उत्पादों की खरीदारी के लिए भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि खरीदारी का यह रुझान बड़े शहरों से बाहर भी तेजी से बढ़ रहा है. साथ ही जेन जेड के ग्राहक प्लेटफॉर्म पर नई श्रेणियों के उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं और खरीदारी के नए अवसर भी तैयार कर रहे हैं.

कंपनी ने बताया कि रोजमर्रा की जरूरतों और फल-सब्जियों के अलावा फ्लिपकार्ट मिनट्स पर प्रीमियम और एस्पिरेशनल कैटेगरी में भी मजबूत वृद्धि देखने को मिल रही है.

पिछले एक साल के भीतर लॉन्च की गई गॉरमेट और स्पेशियलिटी ग्रॉसरी कैटेगरी में आठ गुना वृद्धि हुई है. इसमें कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल, इम्पोर्टेड चीज, एवोकाडो की अंतरराष्ट्रीय किस्मों और कोरियन रेडी-टू-ईट मील्स की मांग देखने को मिल रही है. मेन्स ग्रूमिंग कैटेगरी सालाना आधार पर करीब 6 गुना बढ़ी है, जबकि पेट फूड कैटेगरी





में 5 गुना वृद्धि हुई है. यह क्विक कॉमर्स के जरिए ग्राहकों द्वारा खरीदे जा रहे उत्पादों की बढ़ती विविधता को दर्शाता है.फ्लिपकार्ट ने कहा कि अगस्त 2024 से अब तक फ्लिपकार्ट मिनट्स ने करीब 500 डी2सी ब्रांड्स का पार्टनर इकोसिस्टम तैयार किया है, जिससे इन ब्रांड्स को हाइपरलोकल मांग और नए ग्राहक वर्गों तक पहुंचने का अवसर मिला है. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ साझेदारी के जरिए प्लेटफॉर्म ने हजारों किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से भी जोड़ा है. इससे किसानों को नए बाजारों तक पहुंचने और अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिली है.फ्लिपकार्ट मिनट्स अधिक सस्टेनेबल डिलीवरी नेटवर्क बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है. अब लास्ट-माइल डिलीवरी का बढ़ता हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए पूरा किया जा रहा है और माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर्स में बैटरी-स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जा रहा है. प्लेटफॉर्म ने प्रमुख फल एवं सब्जी कैटेगरी में हल्की कम्पोस्टेबल और बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग भी शुरू की है, जिससे वर्जिन प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम किया जा रहा है.

## क्रूड ऑयल के तीखे हुए तेवर, बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगातार रॉकेट की रफ्तार से ऊपर चढ़ रही है. ब्रेंट क्रूड आज 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया. इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 105 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के काफी करीब पहुंच गया. कच्चे तेल की कीमत में आई इस जोरदार तेजी से भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका बन गई है. माना जा रहा है कि कच्चे तेल की कीमत में आए इस उछाल के कारण महंगाई बढ़ने के साथ ही रुपये के कमजोर होने की आशंका भी बनी हुई है.

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सीधे सैन्य संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट में ऑयल टैंकर्स पर हुए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल पिछले चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गया है. भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है. मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि एक प्रमुख ऑयल इंपोर्टर देश होने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी का सीधा असर शेयर बाजार, भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत और घरेलू बाजार पर नजर आने लगा है.टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि कच्चे तेल के महंगे होने का सबसे पहला और बड़ा झटका भारतीय मुद्रा को लगा है. ऑयल इंपोर्ट बिल का भुगतान करने के लिए भारतीय तेल कंपनियों को डॉलर की मांग में भारी बढ़ोतरी करना पड़ा है.



डॉलर की मांग में आई तेजी के कारण डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया रिकॉर्ड कमजोरी के साथ 95.80 के स्तर तक गिर गया.


हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक लगातार अपने विदेशी मुद्रा भंडार से मुद्रा बाजार में डॉलर जारी करके रुपये को संभालने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यदि क्रूड की कीमत इसी स्तर पर बनी रहीं, तो रुपये पर दबाव और अधिक बढ़ सकता है. बड़ी बात तो ये है कि अगर रिजर्व बैंक ने मुद्रा बाजार में डॉलर का प्रवाह ज्यादा बढ़ाया तो इससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है.वैष्णव का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की वजह से बने तेल संकट का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी साफ साफ नजर आ रहा है. उच्च लागत और मार्जिन घटने के डर से कई प्रमुख सेक्टर्स में जबरदस्त बिकवाली का दबाव बना हुआ है. आज भी बीएसई का सेंसेक्स इंट्रा-डे में 740 अंक से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया था.

बाद में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार की स्थिति को कुछ हद तक सहारा भी दिया. हालांकि कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों को सीधा फायदा भी मिल रहा है.इसी तरह खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रविचंदर खुराना का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी से देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली हैं.

इसकी वजह से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी, पीएनजी और एलपीजी के भाव में बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है. इसी तरह कच्चे तेल की कीमत में होने वाली बढ़ोतरी हवाई जहाज के ईंधन के रूप में इस्तेमाल वाले एयर टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) को और महंगा कर सकती है, जिसका निगेटिव असर पहले से ही दबाव का सामना कर रहे देश के एविएशन सेक्टर पर पड़ सकता है.एक्सपर्ट्स का मानना है कि कच्चे तेल की कीमत में हुई बढ़ोतरी से पेंट और प्लास्टिक उद्योग पर दोहरी मार पड़ सकती है.

## न्यूज कॉर्नर

### एवीसी वॉलीबॉल चैंपियनशिप: भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से सीधे सेटों में हारा



**फुकुओका:** भारत को एवीसी पुरुष वॉलीबॉल महाद्वीपीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा. मौजूदा चैंपियन जापान ने शुक्रवार को भारत को 3-0 से हराकर लगातार सातवीं बार प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई. जापान ने भारत को 25-17, 25-15, 25-19 से शिकस्त दी. दस बार की चैंपियन जापानी टीम के लिए रैन ताकाहाशी ने 14 अंक, यूजी निशिदा ने 12 अंक, कप्तान युकी इशिकावा ने 12 अंक और लैरी एबवाडे-डैन ने नौ अंक जुटाए. भारत की ओर से कप्तान और विपक्षी स्पाइकर सी. जेरोम विनीत ने सर्वाधिक 11 अंक बनाए, जबकि आउटसाइड हिटर चिराग यादव ने छह अंक का योगदान दिया. ड्रैगन मिहाइलोविच के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम ने 2019 के बाद पहली बार प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी. भारत ने पूल-बी के अपने अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराया था. ओमान को अपने अंतिम ग्रुप मैच में बहरीन से हार मिली, जिसके बाद भारत ने अंतिम-8 में स्थान पक्का किया. भारत को पूल चरण के शुरुआती दोनों मुकाबलों में ईरान और चीन के खिलाफ हार मिली थी. हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद भारतीय टीम प्रारंभिक चरण की संयुक्त रैंकिंग में आठवें स्थान पर रही और क्वार्टर फाइनल में पहुंची. भारत का अगला मुकाबला आइची-नागोया एशियाई खेलों में होगा, जिसका आयोजन जापान में किया जाएगा.

### न्यूजीलैंड टेस्ट में केएल राहुल के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें : तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट



**नयी दिल्ली:** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का कहना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में के एल राहुल भारत के प्रमुख बल्लेबाज साबित होंगे. राहुल की बल्लेबाजी के कायल बोल्ट का मानना है कि वह श्रृंखला के प्रमुख खिलाड़ियों में होंगे. टेस्ट क्रिकेट में 317 विकेट ले चुके 37 वर्ष के बोल्ट ने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग द्वारा कराये गए बोल्ट के इंटरव्यू में कहा, ''मैं केएल राहुल की बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक हूं. वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्षक्रम का प्रमुख खिलाड़ी हैं. जायसवाल भी टीम में है . दो शानदार बल्लेबाजों को खेलते देखना रोचक होगा.'' उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम जब भी न्यूजीलैंड में टेस्ट क्रिकेट खेलने आती है तो देखने में मजा आता है.'' यह दौरा फरवरी मार्च की बजाय अक्टूबर नवंबर में हो रहा है जब मौसम काफी ठंडा होगा और बल्लेबाजों को दिक्कत आ सकती है. बोल्ट ने कहा, ''अक्टूबर के अंत में यह दौरा होगा लिहाजा मौसम काफी ठंडा रहने वाला है. उम्मीद है कि विकेटों पर घास रहेगी जिससे हमारे गेंदबाजों को मदद मिलेगी.'' न्यूजीलैंड के लिये कई साल तक बोल्ट और टिम साउदी नयी गेंद संभालते रहे लेकिन बोल्ट का मानना है कि मौजूदा गेंदबाजों के पास भी इतनी विविधता और काबिलियत है कि वे अपनी खुद की पहचान बना सकते हैं. उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारी गेंदबाजी काफी संतुलित है . हमारे पास विल ओ राउरकी के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज है जबकि काइल जैमीसन के पास स्विंग है और मैट हेनरी सटीक गेंदबाजी करते हैं.''

### ड्रेसिंग रूम की जानकारी लीक होने के मामले में रिजवान और इमाम से करीब चार घंटे पूछताछ



**लाहौर:** ड्रेसिंग रूम की कथित जानकारी लीक होने के मामले में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की शिकायत पर पाकिस्तान की राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने अनुभवी खिलाड़ियों मोहम्मद रिजवान और इमाम-उल-हक से करीब चार घंटे तक पूछताछ की. यह घटनाक्रम इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट दौरे पर पाकिस्तान के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच हुआ है. अनुशासन संबंधी मामलों के कारण रिजवान और इमाम समेत सात खिलाड़ियों तथा सहयोगी स्टाफ के दो सदस्यों को दौरे से वापस भेज दिया गया है. दोनों खिलाड़ी अभी जांच के दायरे में हैं इसलिए शनिवार से शुरू होने वाले देश के प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे. इस अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान टीम के सुरक्षा प्रबंधक ने दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के मोबाइल फोन पहले ही एनसीसीआईए को सौंप दिए हैं. पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और एनसीसीआईए उनके मंत्रालय के अधीन काम करती है. पीसीबी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि एनसीसीआईए ड्रेसिंग रूम से कथित जानकारी लीक होने के मामले की जांच कर रही है. हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अभी जारी है और इस मामले में फिलहाल कोई अतिरिक्त टिप्पणी नहीं की जाएगी. यह पहली बार है जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ किसी साइबर एजेंसी में शिकायत दर्ज कराई है. रिजवान और इमाम दोनों ने एनसीसीआईए के सवालों के लिखित जवाब देने के लिए और समय मांगा है. पीसीबी पहले ही घोषणा कर चुका है कि उसने ''अनुशासन और आचरण से संबंधित मीडिया रिपोर्टों के बाद आंतरिक अनुशासनात्मक जांच शुरू की है, जिसकी फिलहाल आंतरिक स्तर पर समीक्षा की जा रही है.'' एक सूत्र के अनुसार दोनों खिलाड़ियों ने कथित तौर पर एनसीसीआईए को अपने मोबाइल उपकरणों की फोरेंसिक जांच कराने की अनुमति देने की बात कही है. सूत्र ने कहा, ''जांच का मुख्य मुद्दा इंग्लैंड शृंखला के दौरान ड्रेसिंग रूम से कथित तौर पर जानकारी लीक होने पर रहेगा.''

### पांव में खिंचाव के कारण युकी भांबरी का कोरिया के खिलाफ डेविस कप में खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली:** अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना संदिग्ध है. भांबरी बृहस्पतिवार की रात को कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए. इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है. इस मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली टीम आठ टीमों के एलीट डेविस कप फाइनल में अपनी जगह पक्की करेगी. भांबरी ने इसे मामूली मोच बताया. इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि इस महीने के आखिर में शुरू वाले एशियाई खेलों में उनकी भागीदारी को कोई खतरा नहीं है. भांबरी ने पीटीआई से कहा, ''अमेरिकी ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था. यह मामूली चोट है. मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है.'' भांबरी की स्थिति पर प्रतिदिन नजर रखी जा रही है. वह अपनी फिटनेस का आकलन करने के लिए देबाशीष दास और यश पांडे सहित भारतीय डेविस कप टीम के सहयोगी स्टाफ के संपर्क में हैं. उन्होंने कहा, ''अभी भी दर्द है. हमें दिन प्रतिदिन इसका आकलन करना होगा. देखते हैं कि आगे क्या होता है.'' इस चोट से हालांकि भांबरी की एशियाई खेलों में भागीदारी खतरे में पड़ने की उम्मीद नहीं है. उन्होंने कहा, ''मैं निश्चित रूप से एशियाई खेलों में भाग लूंगा. तब तक मैं पूरी तरह फिट हो जाऊंगा. यह देखना बाकी है कि मैं डेविस कप में खेल पाऊंगा या नहीं.'' यदि भांबरी समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं तो भारत युगल में वैकल्पिक संयोजनों पर विचार कर सकता है. इसमें एन श्रीराम बालाजी और एकल विशेषज्ञ दक्षिणेश्वर सुरेश की जोड़ी बनाना भी शामिल है. सिद्धार्थ रावत और अर्नव पपार्कर टीम में रिजर्व खिलाड़ी हैं, लेकिन वे एकल में खेलते हैं. अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के सूत्रों के अनुसार कप्तान रोहित राजपाल के अनुरोध पर बाएं हाथ के खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर को सोल में टीम से जुड़ने के लिए कहा जा चुका है. उनके पास कोरिया का वीजा भी है.

जूनियर पुरुष एशिया कप

# मलेशिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचा भारत



**मोकी/चीन:** गत चैंपियन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 3-1 से हराकर एएचएफ जूनियर पुरुष एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारत अब लगातार चौथी बार खिताब जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है. भारत की जीत में कप्तान और ड्रैग फ्लिकर अनमोल एक्का ने अहम भूमिका निभाई. उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए और टूर्नामेंट में अपने गोलों की संख्या 16 तक पहुंचा दी. अनमोल फिलहाल टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं. गोलकीपर विवेक लाकड़ा भी भारत की जीत के नायक रहे. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. उन्होंने कई शानदार बचाव किए और 53वें मिनट में मलेशिया को मिले पेनल्टी स्ट्रोक को भी बेहतरीन अंदाज में रोककर भारत की बढ़त कायम रखी. भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया. अजीत यादव ने शुरुआती दो मिनट में दो बार गोल करने के मौके बनाए. भारत को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन मलेशियाई गोलकीपर अम्स्यार मोहामद आदिब ने शानदार बचाव करते हुए टीम को संकट से बाहर रखा. पहला क्वार्टर गोलरहित रहा. भारत ने 16वें मिनट में मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर खाता खोला. कप्तान अनमोल एक्का ने जोरदार और नीची ड्रैग फ्लिक लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई. मलेशिया ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन विवेक लाकड़ा और भारतीय रक्षापंक्ति ने लगातार उसके हमलों को नाकाम किया. तीसरे क्वार्टर में लाकड़ा ने शानदार डबल सेव किया. इस दौरान भारत को दो बार 10 खिलाड़ियों के साथ भी खेलना पड़ा, लेकिन मलेशिया इसका फायदा नहीं उठा सका. चौथे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त मजबूत की. 51वें मिनट में सुखविंदर ने शानदार मूव को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया. इसके दो मिनट बाद लाकड़ा ने पेनल्टी स्ट्रोक रोककर मलेशिया को वापसी का मौका नहीं दिया. 54वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला. मलेशिया ने वीडियो रेफरल लिया, लेकिन रेफरल गंवा दिया और पेनल्टी कॉर्नर बरकरार रहा. अनमोल ने एक बार फिर शानदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत की बढ़त 3-0 कर दी. अंतिम मिनटों में मलेशिया ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन लाकड़ा और भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला किया. 58वें मिनट में लाकड़ा ने एक और शानदार डाइव लगाकर गोल बचाया. हालांकि, मैच खत्म होने से 24 सेकंड पहले मलेशिया को आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला और एम राहुल ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया. इसके बाद भारत ने कोई गलती नहीं की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. चार बार की लगातार चैंपियन बनने की कोशिश कर रही भारतीय टीम का फाइनल में सामना पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा. भारत अब तक छह बार एएचएफ जूनियर एशिया कप का खिताब जीत चुका है.

## मदप्पा ने जीता चेन्नई ओपन गोल्फ खिताब





**चेन्नई:** भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा ने शुक्रवार को यहां अंतिम दौर में बिना बोगी के आठ अंडर 64 का कार्ड खेलकर एक करोड़ पुरस्कार राशि के चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया. कोलकाता के मदप्पा ने वापसी करते हुए बीती रात शीर्ष पर चल रहे अजीतेश संधू की तीन शॉट की बढ़त समाप्त की. अठाईस वर्षीय मददप्पा (72-67-63-64) इस तरह 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की. उन्होंने कुल 22 अंडर 266 का स्कोर बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता. वह 2018 में एशियाई टूर पर खिताब जीतने वाले युवा भारतीय गोल्फर बने थे. इस जीत से वह 23,90,042 रुपये की कमाई से 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 44वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए और डीपी विश्व भारत चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया. चंडीगढ़ के संधू (65-66-68-68) ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला और उन्हें 10 लाख रूपये मिले जिससे वह 33,47,375 रूपये की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में 21वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए. नोएडा के अमरदीप मलिक (67-68-69-67) 33,75,548 की कमाई से 19वें से 14वें स्थान पर पहुंच गए. दिल्ली के राशिद खान (66-68-72-66) ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर चौथा स्थान हासिल किया. उन्होंने 52,70,309 की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना छठा स्थान मजबूत किया.

## वियतनाम ओपन में तन्वी शर्मा ने मालविका बंसोड़ को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचीं



**हो ची मिन्ह सिटी:** शीर्ष वरीय तन्वी शर्मा ने शुक्रवार को हमवतन सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ को कड़े मुकाबले में हराकर वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. विश्व की 27वें नंबर की तन्वी ने मालविका को 21-18, 15-21, 21-14 से शिकस्त दी. तीसरी वरीय ईशारानी बरुआ ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग को 21-15, 21-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई. मालविका ने पहले गेम में तेज शुरुआत की और तन्वी के खिलाफ 13-6 की आरामदायक बढ़त बना ली. इसके बाद तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए अगले 13 में से 10 अंक हासिल किए और स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया. दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए तन्वी ने पहला गेम 21-18 से अपने नाम किया. दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और बढ़त लगातार बदलती रही. हालांकि, इस बार मालविका ने अंतिम चरण में बेहतर खेल दिखाया और 21-15 से गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया. तीसरे गेम में भी शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन मध्यांतर के बाद तन्वी ने अपनी गति बढ़ाई और बढ़त बना ली. इसके बाद उन्होंने मालविका को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-14 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. सेमीफाइनल में तन्वी का सामना थाईलैंड की टोनरुग साहेंग और सारुनराक वितिदसर्न के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा. ईशारानी का सामना रक्षिता श्री या मानसी सिंह में से किसी एक से होगा.

## सबालेंका खिताबी हैट्रिक से एक जीत दूर, फाइनल में रायबाकिना से भिड़ेंगी



**न्यूयॉर्क:** एरिना सबालेंका जानती हैं कि अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बाद वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी नहीं रह जाएगी लेकिन उनका लक्ष्य अब एलेना रायबाकिना को हराकर वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरा करना होगा. रायबाकिना फाइनल में हारने पर भी सोमवार को शीर्ष रैंकिंग हासिल कर लेगी. रायबाकिना ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान अपने नाम पर सुनिश्चित कर दिया था लेकिन उनके लिए महिला एकल का खिताब जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध दिखती हैं. अमेरिकी ओपन में महिला वर्ग में आखिरी बार सेरेना विलियम्स ने 2012 से लेकर 2014 तक चैंपियन बनकर खिताबी हैट्रिक पूरी की थी. सबालेंका ने कहा, ''मैं फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी. मैं निश्चित रूप से खिताब जीतने के लिए बेताब हूं.'' रायबाकिना ने सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर महिला टेनिस की शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का रास्ता साफ किया. सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया. पहले सेट में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन सबालेंका को दूसरा सेट जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई. सबालेंका इस समय डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक जबकि रायबाकिना नंबर दो पर हैं. सबालेंका के शनिवार को होने वाले फाइनल में जीत हासिल करने पर भी सोमवार को यह स्थिति बदल जाएगी. सबालेंका लगातार 99 सप्ताह से शीर्ष पर बनी हुई हैं. रायबाकिना ने सत्र की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की, जिसके फाइनल में उन्होंने सबालेंका को हराया था. सबालेंका का इसके बाद प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिससे रायबाकिना को लगातार आगे बढ़ने का मौका मिलता रहा. सबालेंका ने कहा, ''शीर्ष पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है. नंबर एक स्थान पर बने रहना मेरा लक्ष्य था लेकिन अब मैं कुछ खास नहीं कर सकती. सत्र के बीच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. एलेना में बहुत अच्छा खेल दिखाया और मुझसे नंबर एक स्थान छीन लिया.'' दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अधिक संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें गॉफ ने अंतिम दो सेटों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की कोशिश की, लेकिन रायबाकिना ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया. गॉफ ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट आसानी से जीत लिया. इसके बाद हालांकि रायबाकिना ने अच्छी वापसी की और अंतिम दो सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई. रायबाकिना ने कहा ''मैंने गहरी सांस ली, खुद से सकारात्मक बातें करने की कोशिश की और खुद से कहा कि मुझे लड़ना होगा और अच्छा टेनिस खेलने की कोशिश करनी होगी.'' गॉफ दूसरे सेट में 4-1 से पीछे चल रही थीं लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दिया. रायबाकिना ने हालांकि अगले दो गेम जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक पहुंचा दिया. तीसरे सेट में रायबाकिना 5-3 से आगे थी और मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन गॉफ ने ब्रेक लेकर खुद को एक और मौका दिया लेकिन वह अपनी सर्विस नहीं बचा पाई.

## आईएसएसओ शतरंज खेलों का अहमदाबाद में आगाज, प्रज्ञानानंद और हर्ष सांघवी ने युवा खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह




**अहमदाबाद:** अदाणी इंटरनेशनल स्कूल, अहमदाबाद में आईएसएसओ शतरंज खेलों का शुक्रवार को आगाज हुआ. दो दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 102 इंटरनेशनल स्कूलों के 427 युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. प्रतियोगिता 11 और 12 सितंबर को आयोजित की जा रही है. प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग मुकाबले हो रहे हैं. इन खेलों के जरिए विद्यार्थियों को देशभर के अपने हमउम्र खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है. उद्घाटन के मौके पर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद भी मौजूद रहे. उन्होंने युवा खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें आत्मविश्वास तथा उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया. प्रज्ञानानंद के साथ गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने भी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और युवा प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धी खेलों के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया. हर्ष सांघवी ने कहा, प्रतिभाओं की शुरुआती पहचान करना और स्कूल स्तर पर उन्हें निखारने तथा विकसित करने के लिए सही मंच उपलब्ध कराना भारत के खेल भविष्य के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है. आईएसएसओ शतरंज खेल जैसी प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करने, अनुभव हासिल करने और अपने खेल सफर में अगले कदम की ओर बढ़ने का अवसर देती हैं. ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि देशभर के स्कूलों से इतने युवा खिलाड़ी एक साथ आए हैं और उन्हें इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिल रहा है. इस तरह की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को दबाव में अपना खेल विकसित करने और प्रतिस्पर्धी माहौल में खुद को ढालने में मदद करती हैं. मैं उम्मीद करता हूं कि सभी खिलाड़ी इस अनुभव का आनंद लेंगे, हर मुकाबले से सीखेंगे और कड़ी मेहनत करते हुए शतरंज के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाएंगे. मैं यहां उनका उत्साह बढ़ाने के लिए आकर खुश हूं और सभी को शुभकामनाएं देता हूं. दो दिवसीय प्रतियोगिता में चार आयु वर्गों में लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं. प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में रणनीतिक सोच, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता और चुनौतियों से जूझने की क्षमता विकसित करने के साथ-साथ उन्हें उच्च स्तर की अंतर-स्कूल प्रतियोगिता का अनुभव देना है. आईएसएसओ की संस्थापक आकांक्षा थपक ने कहा, 102 स्कूलों के 427 खिलाड़ियों की भागीदारी स्कूल स्तर पर प्रतिस्पर्धी शतरंज में बढ़ती रुचि को दर्शाती है. ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद का खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए हमारे बीच मौजूद रहना इस आयोजन के उद्घाटन को और खास बनाता है. हम आईएसएसओ और युवा छात्रों के लिए सार्थक खेल अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों में लगातार सहयोग के लिए अदाणी समूह के आभारी हैं. आईएसएसओ के खेलों को अदाणी समूह का समर्थन प्राप्त है, जो स्कूल विद्यार्थियों के लिए खेल के सार्थक अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों में लगातार सहयोग करता रहा है.

## डब्ल्यूएसपीएस विश्व चैंपियनशिप: सृष्टि अरोड़ा और मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता कांस्य




**चांगवोन:** भारतीय जोड़ी सृष्टि अरोड़ा और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता मनीष नरवाल ने शुक्रवार को चांगवोन में चल रही डब्ल्यूएसपीएस विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीत लिया. फाइनल में सृष्टि ने 195.3 अंक का स्कोर किया, जबकि मनीष ने 208.7 अंक हासिल किए. भारतीय जोड़ी का कुल स्कोर 404.0 रहा और उसने तीसरा स्थान हासिल किया. चीन की डांग युहोंग और हुआंग शिंग की जोड़ी ने 472.1 अंक के संयुक्त विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता. दक्षिण कोरिया की मून एइक्युंग और जो जियोंगदू ने 466.0 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया. इससे पहले सृष्टि और मनीष ने क्वालीफिकेशन में कुल 565 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी. सृष्टि ने 279 अंक, जबकि मनीष ने 286 अंक का योगदान दिया. एक अन्य भारतीय जोड़ी भक्ति शर्मा और रुद्रांश खंडेलवाल क्वालीफिकेशन में 557 अंक के साथ 10वें स्थान पर रही और फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी.

## भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टी20 मैच से देश में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा : जापान के कप्तान




**नयी दिल्ली:** जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है. भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी और सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला आइची-नागोया में एशियाई खेलों से पहले होगा. कादोवाकी-फ्लेमिंग के लिए एशियाई खेलों में भारत के साथ अफगानिस्तान और नेपाल की मेजबानी करना इस बात का प्रमाण है कि जापान में क्रिकेट ने कम समय में कितनी प्रगति की है. उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, ''यह बेहद रोमांचक है. और मुझे लगता है कि अफगानिस्तान और नेपाल जैसे देशों का जापान आना यहां क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा विकास है. कुछ साल पहले तक हमने शायद सोचा भी नहीं होगा कि इसे आयोजित करना संभव होगा.'' हालांकि यह मौका ऐतिहासिक होगा लेकिन जापान के कप्तान का कहना है कि उनकी टीम सिर्फ इस मौके का जश्न मनाने के लिए मैदान पर नहीं उतरेगी. उन्होंने कहा, ''भारत के खिलाफ खेलने का मौका जितना भी रोमांचक होगा, हम सिर्फ इस मौके का जश्न मनाने के लिए नहीं उतर रहे हैं. हम यह दिखाने के लिए उतरेंगे कि पुरुष टीम के रूप में हम क्या कर सकते हैं. निश्चित रूप से भारत जैसी टीम के पास तेज गेंदबाजी, बल्लेबाजी और स्पिन हर विभाग में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं.'' उन्होंने कहा, ''इसलिए विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और उस प्रारूप में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम को खेलते हुए देखना हमारे लिए शानदार अनुभव होगा.'' जापान के लिए यह मुकाबला केवल भारत के स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने तक सीमित नहीं है. कादोवाकी-फ्लेमिंग ने कहा, ''उम्मीद है कि यह पूर्ण सदस्य देशों के खिलाफ खेलने और प्रतिस्पर्धा करने के लंबे इतिहास की दिशा में पहला कदम होगा.'' सत्रह वर्षीय हारा-हिंजे भारत की युवा प्रतिभाओं से वाकिफ हैं. जापान ने 2024 अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप चरण में भारत का सामना किया था जिसमें आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी मौजूद थे. हारा-हिंजे ने कहा, ''हम उस मैच में काफी रोमांचित थे. हमने इन खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते हुए काफी कुछ सीखा. तभी हमने देखा कि वे कितने बेहतरीन हैं.''

## न्यूज कॉर्नर

### नगर निगम के चुनाव में दिखा उत्साह : अभी तक 56.42 प्रतिशत मतदान

**जोधपुर:** शहर की सरकार यानी नगर निगम के 100 वार्डों के पार्षदों का चुनाव शुक्रवार को हुआ. मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम छह बजे तक चलेगा. जोधपुर नगर निगम के सौ वार्डों में मतदान के लिए 729 बूथ बनाए गए हैं. इन 100 वार्डों में 385 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, इनमें भाजपा-कांग्रेस के 100-100 और बाकी 185 अन्य दलों बीएसपी, रालोपा, आप समेत निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं. मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर मामूली झड़प और फर्जी वोटिंग की भी सूचनाएं आई.नगर निगम के चुनाव में आज सुबह से मतदाताओं में उत्साह देखा गया. यहां अलग अलग वार्डों में सुबह से मतदान केंद्रों पर लोगों की लाइन लग गई. इसमें परिवार के लोग बुजुर्गों को भी मतदान करवाने पहुंचे. कोई व्हील चेयर पर तो कोई हाथ पकड़कर परिवार के बुजुर्गों को मतदान करवाने लेकर आए. निर्वाचन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सुबह दस बजे तक 19.97, 43.51 और अभी तक 56.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. नगर निगम जोधपुर क्षेत्र में कुल 7,12,168 पंजीकृत मतदाता हैं. इनमें से अभी तक 4,01,822 मतदाता मतदान कर चुके थे.

### रामदेवरा जा रहे 3 जातरुओं को बोलेरो कैंपर ने कुचला

**जोधपुर:** शेरगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार रात भूंगरा मेगा हाईवे पर बोलेरो कैंपर ने तीन श्रद्धालुओं को कुचल दिया, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई. वे पैदल रामदेवरा जा रहे थे. हादसे के बाद आज ग्रामीणों ने जातरुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाने के बाहर धरना दिया और विरोध जताया.शेरगढ़ थानाधिकारी खेताराम सियोल ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे तेना-नाथासर गांव से पांच श्रद्धालु पैदल रवाना हुए थे. मेगा हाईवे पर पहुंचते ही एक अनियंत्रित बोलेरो कैंपर गाड़ी ने तीन श्रद्धालुओं को चपेट में ले लिया. हादसे में नाथासर तेना निवासी नरेश (25) पुत्र चंद्राराम, अंबाराम (29) पुत्र कुंभाराम और भानाराम (25) पुत्र अनोपाराम की मौत हुई है. जानकारी के अनुसार नरेश अंबाराम का भतीजा है और भानाराम पड़ोसी है. तीनों मजदूरी करते थे. पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है, वहीं घटना की जांच शुरू कर दी है. इधर घटना की सूचना मिलने के बाद आज सुबह शेरगढ़ थाने के बाहर लोग जुटना शुरू हो गए.उल्लेखनीय है कि गत 8 सितंबर को आगोलाई से आगे हुलसेसर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसमें सवार करीब 14 लोग घायल हो गए थे. इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे. सभी रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे. इस दौरान आगोलाई के पास ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रॉली पलट गई थी.

### फर्जी वोटिंग के आरोप पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्कामुक्की, भाजपा कार्यकर्ता घायल

**उदयपुर:** उदयपुर नगर निगम वार्ड-29 में शुक्रवार को मतदान के दौरान फर्जी वोटिंग के आरोप को लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया. अग्रसेन नगर स्थित मतदान केंद्र पर दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी के बाद धक्कामुक्की हुई. इस दौरान एक कांग्रेस प्रत्याशी समर्थक का टीशर्ट फट गया, जबकि भाजपा कार्यकर्ता गौरव अग्रवाल के आंख के ऊपर चोट लग गई, जिससे खून निकल आया. घटना के बाद दोनों पक्षों ने सूरजपोल थाने पहुंचकर शिकायत दी.कांग्रेस प्रत्याशी नीना अग्रवाल ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से फर्जी वोटिंग कराई जा रही थी. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक संदिग्ध वोटर को लेकर आपत्ति जताई, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं से बहस शुरू हो गई. देखते ही देखते मामला धक्कामुक्की तक पहुंच गया. वहीं भाजपा कार्यकर्ता गौरव अग्रवाल ने सूरजपोल थाने पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई. कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि मतदान केंद्र के पास गली में निर्माण कार्य चल रहा है और एक मकान के बाहर बल्लियां लगी हुई थीं. बहसबाजी के दौरान गौरव अग्रवाल उन्हीं बल्लियों से टकरा गए, जिससे उनके सिर में चोट लगी.घटना की सूचना मिलने पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंचे. वहीं, देहात कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा भी अग्रसेन नगर बूथ पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली. मीणा ने आरोप लगाया कि भाजपा बोर्ड बनाने के लिए फर्जी वोटिंग जैसे हथकंडे अपना रही है और गुंडागर्दी पर उतर आई है. घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से सूरजपोल थाने में शिकायत दी गई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### पति ने पत्नी और तीन बेटियों को उतारा मौत के घाट

**जयपुर:** करधनी थाना इलाके में गुरुवार रात एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या से सनसनी फैल गई. पति ने पत्नी और तीन बेटियों की सिर व चेहरे पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी शुक्रवार सुबह अपने बुजुर्ग पिता को चाय पिलाकर घर से फरार हो गया. पुलिस को हत्या में इस्तेमाल पत्थर भी मिल गया है. पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गोविंद वाटिका स्थित प्लॉट नंबर ए-169 में हत्या की सूचना मिली. पुलिस के अनुसार राहुल झा ने पत्नी गीता झा और बेटियों नंदनी (23), राधिका (18) व गौरी (14) की हत्या की. गीता का शव मकान की पहली मंजिल के कमरे में, जबकि तीनों बेटियों के शव ग्राउंड फ्लोर के दो कमरों में मिले. प्रारंभिक जांच में आशंका है कि आरोपी ने रात में सोते समय वारदात को अंजाम दिया.पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दूध वाले से दूध लिया. इसके बाद पिता लक्ष्मीनाथ झा के लिए चाय बनाई और उन्हें चाय पिलाई. तैयार होकर वह घर से निकल गया और इसके बाद वापस नहीं लौटा. पिता ने कमरों में खून देखा तो पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी.पड़ोसियों के अनुसार राहुल झा शेयर ट्रेडिंग का काम करता था. पत्नी गीता मकान की पहली मंजिल पर ही बुटीक चलाती थी, जबकि तीनों बेटियां पढ़ाई कर रही थीं. नंदनी पढ़ाई के साथ निजी नौकरी भी करती थी. राहुल करीब तीन दिन पहले गुजरात से लौटा था. एक पड़ोसी महिला के मुताबिक राहुल ने तीन दिन पहले उससे 50 हजार रुए उधार मांगे थे, जिसमें उसने 25 हजार रुपए दिए थे. पुलिस के अनुसार आरोपी ने यह मकान करीब छह साल पहले खरीदा था. वारदात का पता चलते ही रिश्तेदार और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर किसी को अंदर जाने से रोक दिया और मौके से साक्ष्य जुटाए. आरोपी के भाई संजय कुमार झा और भतीजे राज ने बताया कि राहुल और गीता के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था. राहुल तीन दिन पहले घर आया था और उस समय परिवार ने साथ बैठकर खाना भी खाया था. तब किसी तरह के विवाद की जानकारी नहीं मिली थी. पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है. आरोपी की तलाश के साथ हत्या के कारणों और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है.

### नूंह: नाबालिग छात्रा के अपहरण में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**नूंह:** नूंह जिले की फास्ट ट्रैक स्पेशल पॉक्सो अदालत ने नाबालिग छात्रा के अपहरण से जुड़े मामले में आरोपी राम किशोर को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने दोषी पर कुल 33 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. इसके साथ ही पीड़िता के पुनर्वास एवं सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह को चार लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है.मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक स्पेशल पॉक्सो कोर्ट, नूंह के न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव तिंजन की अदालत में हुई.वर्ष 2023 में एक गांव निवासी 15 वर्षीय छात्रा स्कूल जाने के बाद घर वापस नहीं लौटी थी. परिजनों की शिकायत पर महिला थाना नूंह में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी.मामले की जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और अदालत में पेश किए गए गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया. अदालत ने दोषी को विभिन्न धाराओं के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और कुल 33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई. अदालत ने अपने आदेश में पीड़िता को हुए शारीरिक एवं मानसिक आघात को ध्यान में रखते हुए उसके पुनर्वास और सहायता को आवश्यक बताया. इसी के तहत पीड़िता को चार लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि देने का निर्देश दिया गया है. आदेश के अनुसार मुआवजा राशि का 75 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंक में तीन वर्ष की अवधि के लिए सावधि जमा के रूप में रखा जाएगा, जबकि शेष 25 प्रतिशत राशि पीड़िता को तत्काल आवश्यकताओं एवं खर्चों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी.

# 55 साल राज करने वाली कांग्रेस बताए, कितने गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला:नायब सैनी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने लगभग 55 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन वह आज भी यह नहीं बता सकती कि उसके शासनकाल में कितने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया. इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए लागू की गई नीतियों और योजनाओं के परिणामस्वरूप लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी रेखा से बाहर आए हैं.



पंचकूला में 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का मुकाबला करने के लिए न कोई नीति है, न मुद्दा और न ही कोई ठोस एजेंडा. इसलिए कांग्रेस के नेता बाहर से लिखी स्क्रिप्ट लेकर प्रधानमंत्री को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, लेकिन देश की जनता प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की निरंतर सेवा, त्याग और तपस्या की साक्षी है.

कांग्रेस को प्रधानमंत्री के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और अपने लंबे शासनकाल के दौरान गरीब, महिला और युवा के लिए किए गए कार्यों पर विचार करना चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में गरीब और गरीब होता गया. कांग्रेस के पास गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के आंकड़े तो थे, लेकिन वह आज भी यह नहीं बता सकती कि उसके शासनकाल में कितने गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब को पक्की छत देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब-कल्याण की सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा है. हरियाणा में गरीब परिवारों को लगभग 1 लाख 60 हजार मकान बनाकर दिए गए हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि 55 वर्षों तक देश पर शासन करने वालों को गरीब माताओं, बहनों और बेटियों की पीड़ा दिखाई नहीं दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में लगभग 12 करोड़ शौचालय बनवाकर महिलाओं को 'इज्जत घर' देने का काम किया.

उन्होंने कहा कि आज चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस इसके परिणाम देख रही है. देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसलिए स्नेह करती है, क्योंकि उन्होंने गरीब, महिला और युवा के जीवन में आए बदलाव को स्वयं देखा और अनुभव किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा में 12,500 से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं और 19 यूनिकॉर्न उभर चुके हैं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुद्दों से खाली कांग्रेस के पास अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहने के अलावा कुछ नहीं बचा है.एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में सत्ता में आने से पहले वहां की सरकार ने प्रदेश को नशामुक्त करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज नशे के खिलाफ उनकी लड़ाई की हकीकत सबके सामने है.

### ढाई महीने तक दुष्कर्म व भाइयों को जान से मारने की धमकी, छह पर केस दर्ज

**नूंह:** रोजका मेव थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती ने मकान मालिक समेत छह लोगों पर करीब ढाई महीने तक जबरन दुष्कर्म करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता ने आरोपियों पर नशीली दवा देकर बेहोश करने, मोबाइल फोन कब्जे में लेने तथा उसके दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं. शिकायत के आधार पर महिला थाना नूंह पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस को दी शिकायत के अनुसार युवती अपने दो भाइयों के साथ रोजका मेव क्षेत्र स्थित एक कंपनी में काम करती है और एक गांव में मकान मालिक रफीक के किराये के कमरे में रहती है. युवती का आरोप है कि करीब ढाई महीने पहले रफीक ने उसे धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. इसके बाद रफीक के बेटे तत्बू ने भी कथित रूप से उसके साथ जबरदस्ती की. शिकायत में युवती ने आरोप लगाया कि इसके बाद अरमान, मोनू और अमित ने भी बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया. वहीं, अमित की पत्नी सीमा पर भी युवती ने नशीली दवा देने में सहयोग करने का आरोप लगाया है. पीड़िता के अनुसार सीमा उसे पेय पदार्थ में ऐसी गोली मिलाकर देती थी, जिसकी जानकारी उसे नहीं होती थी. बाद में उसे पता चला कि पेय में नशीली दवा मिलाई जा रही थी. युवती का आरोप है कि सीमा उसका मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लेती थी और रात के समय आरोपियों को फोन कर कमरे पर बुलाती थी. इसके बाद कॉल रिकॉर्ड और नंबर भी डिलीट कर दिए जाते थे.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे लगातार धमकाते थे और कहते थे कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानी तो उसके दोनों भाइयों को जान से मार देंगे. शिकायत में सात सितंबर की रात करीब 11:30 बजे मजूद उर्फ मकसूद पर भी कमरे में आकर उसके साथ जबरदस्ती करने का आरोप लगाया गया है. महिला थाना नूंह पुलिस ने शिकायत के आधार पर रफीक, तत्बू, अरमान, मोनू, अमित और मजूद उर्फ मकसूद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी.

## सरकारी मशीनरी से लोकतंत्र पर प्रहार कर रही भाजपा: डोटासरा

**जयपुर:** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर निकाय चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और प्रत्याशियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में भी गुजरात मॉडल लागू करना चाहती है, जिसका मतलब जनप्रतिनिधियों को डराना-धमकाना, दबाव में लाना और भाजपा में शामिल करना है. डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार के कामकाज के आधार पर वोट मांगने के बजाय प्रशासन का दुरुपयोग कर निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को डराने-धमकाने में जुटी है. उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा को ऐसा क्या डर है कि प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी और खरीद-फरोख्त की जा रही है.

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के प्रति आम जनता में रोष है और कांग्रेस निकाय चुनाव में जीत की स्थिति में है. इसी कारण भाजपा हार के डर से बौखला गई है और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है. डोटासरा ने कहा कि सभापति का चुनाव 21 सितंबर को होना है, इसके बावजूद भाजपा सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर अधिकारियों के माध्यम से अभी से प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी करवा रही है.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जिला अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निकाय चुनाव में जीत की संभावना रखने वाले निर्दलीय और अन्य प्रत्याशियों को चिन्हित किया जाए तथा उन पर दबाव बनाकर भाजपा की बाड़ेबंदी में पहुंचाया जाए.

डोटासरा ने इसे लोकतंत्र और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस कथित अलोकतांत्रिक षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी. उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जनता अपने मताधिकार से फैसला करेगी और किसी भी प्रकार के दबाव अथवा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

### ट्रक के नीचे आने से ड्राइवर की मौत

**फरीदाबाद:** चंदावली नहर पुल पर ट्रक चढ़ाते समय हुए हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि गुरुवार रात्रि चंदावली नहर पुल पर ट्रक को चढ़ाते समय वह अचानक बंद हो गया और पीछे की तरफ जाने लगा. ट्रक को रोकने के लिए ड्राइवर नीचे उतरा और पहिये के पास लकड़ी का सहारा लगाने लगा.

इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गया. पहिया उसके ऊपर से गुजरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है. मृतक की पहचान सुनपेड़ गांव निवासी 43 वर्षीय इंद्रजीत कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, इंद्रजीत कुमार ट्रक ड्राइवर था. उसके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं. हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे. वहां इंद्रजीत मृत अवस्था में मिला. हादसे के बाद ट्रॉला उसकी बॉडी से कुछ दूरी पर खड़ा था. मृतक के बड़े भाई रोहताश ने बताया कि पुलिस ने उन्हें फोन कर हादसे की जानकारी दी थी. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इंद्रजीत ट्रॉला लेकर नहर पुल पर चढ़ रहा था.

## शेखावत ने धर्मपत्नी नोनद कंवर और बेटी सुहासिनी के साथ किया मतदान



**जोधपुर:** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री एवं जोधपुर सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को जोधपुर नगर निगम चुनाव में रातानाडा स्थित पुलिस लाइन के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

केंद्रीय मंत्री शेखावत सुबह करीब 9.20 बजे धर्मपत्नी श्रीमती नोनद कंवर एवं बेटी सुहासिनी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे.

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सबसे पहले मतदान किया. इसके बाद उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नोनद कंवर एवं बेटी सुहासिनी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान के बाद शेखावत ने कहा कि पूर्व में देश और प्रदेश की सरकार चुनने के लिए मतदान किया था, आज अपने शहर की सरकार चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग किया है. उन्होंने कहा कि शहर के बेहतर भविष्य और सुशासन के लिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाए. उन्होंने जोधपुरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया.

### सोनीपत में दो करोड़ रंगदारी बाद फायरिंग, मुठभेड़ में दो बदमाश काबू

**सोनीपत:** सोनीपत में दो करोड़ की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के बाद खरखौदा में खांडा रोड स्थित कार्यालय पर फायरिंग करने वाले दो युवकों को पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया. हरसाना गांव की सीमा में गुरुवार की रात को राष्ट्रीय राजमार्ग-334बी पर हुई मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी. पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया. घायल आरोपियों की पहचान भटाना निवासी, हाल सोनीपत निवासी अंकित और लहराड़ा निवासी हर्ष के रूप में हुई है. दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरखौदा में भर्ती कराया गया.

एसीपी राजपाल सिंह ने बताया कि बीती रात खरखौदा के वार्ड नंबर-1 निवासी दीपक के मोबाइल पर फोन आया. फोन करने वाले ने खुद को नंदू के मुकदमे में बताया और दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी. रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई. अगली कॉल में रकम देने की जगह बताने की बात कही गई.

# पोलिंग बूथ में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पैर छूने पर विवाद

**जोधपुर:** राजस्थान नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान के दौरान जोधपुर के वार्ड नंबर 82 में एक मामला चर्चा में आ गया. पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत महामंदिर स्थित वर्धमान जैन स्कूल मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे थे. इसी दौरान कुछ लोगों ने गहलोत के पैर छू लिए. मतदान केंद्र पर हुई इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला राजनीतिक विवाद में बदल गया.दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी पत्नी सुनीता गहलोत, बेटे वैभव गहलोत और बहू हिमांशी गहलोत के साथ महामंदिर क्षेत्र स्थित वर्धमान जैन विद्यालय के पोलिंग बूथ पर अपना वोट डालने पहुंचे थे.



थोड़ी देर बाद पोलिंग बूथ के अंदर गहलोत के पैर छूने का एक वीडियो सामने आया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने तुरंत इसे मुद्दा बनाते हुए आरोप लगाया कि ड्यूटी पर तैनात पोलिंग पार्टी के सरकारी कर्मचारी ने पूर्व सीएम के पैर छूकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है. भाजपा राजस्थान के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत ने मामले को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जोधपुर और राज्य निर्वाचन आयोग को शिकायत भेजी. भाजपा ने संबंधित पोलिंग कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए.हालांकि, जिला निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई त्वरित प्राथमिक जांच में यह पूरा मामला कुछ और ही निकला और बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार पाए गए. जिला निर्वाचन अधिकारी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई गहन पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज के सत्यापन के बाद यह साफ हो गया है कि मतदान केंद्र पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पैर किसी एक व्यक्ति ने नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग लोगों ने छुए थे. सबसे बड़ी बात यह है कि पैर छूने वाले इन तीन लोगों में से कोई भी चुनाव ड्यूटी पर तैनात सरकारी पोलिंग कर्मचारी नहीं था. सेक्टर ऑफिसर नरेंद्र सिंह की ओर से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से भेजी रिपोर्ट में बताया कि तीन लोगों ने पूर्व सीएम के पैर छुए थे. इनमें एक वोटर है, दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश बागोरिया का बूथ एजेंट है. तीसरा व्यक्ति निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश बागोरिया का चुनाव अभिकर्ता हिम्मत सिंह सोलंकी है. पोलिंग पार्टी के किसी भी सदस्य की ओर से पूर्व सीएम के पैर नहीं छुए गए हैं. जिला निर्वाचन आयोग ने प्राथमिक जांच के बाद स्पष्ट कर दिया है कि आचार संहिता या चुनाव नियमों का ऐसा कोई उल्लंघन नहीं हुआ है, जिसमें किसी सरकारी कर्मचारी की संलिप्तता हो.

जांच रिपोर्ट में प्रशासनिक क्लीयरेंस मिलने के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर कड़ा हमला बोला है. जोधपुर जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने कहा कि बीजेपी चुनाव में अपनी संभावित हार को देखते हुए बौखलाहट में झूठी और भ्रामक खबरें फैला रही है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अशोक गहलोत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं और जोधपुर उनका गृह क्षेत्र है. उन्हें एक बुजुर्ग, पिता तुल्य जननायक और पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में हर वर्ग से प्यार और सम्मान मिलता है. किसी निर्दलीय प्रत्याशी के एजेंट या आम वोटर द्वारा सम्मान में पैर छूना एक भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, जिसे बीजेपी ने गलत रंग देने की नाकाम कोशिश की.

### सोनीपत में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी ने फंदा लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिला

**सोनीपत:** सोनीपत जिला के गांव दातौली में शुक्रवार को हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी जय सिंह ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी. सूचना मिलने पर बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है.जय सिंह करीब दो साल पहले हरियाणा पुलिस में ईएसआई पद से सेवानिवृत्त हुए थे. इसके बाद वह गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे. उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं. पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में जय सिंह ने गांव के ही सत्ता पर 22 लाख रुपये वापस नहीं करने का आरोप लगाया है. नोट में लिखा है कि उन्होंने सत्ता को 22 लाख रुपये दिए थे. रुपये वापस मांगने पर वह आनाकानी करने लगा. आरोप है कि रुपये मांगने उसके घर जाने पर जय सिंह के साथ मारपीट की गई और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई. सुसाइड नोट में इन्हीं परिस्थितियों से परेशान होकर जान देने की बात लिखी गई है.बड़ी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

## सुडोकू–60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | | 3 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 5 | | 9 | 6 | 3 |
| | | | 4 | | 2 | | 1 | 7 |
| | 4 | | 6 | 3 | | 1 | | |
| | | 8 | | | | 4 | | 2 |
| | | 9 | | 2 | 4 | | 3 | |
| 5 | 8 | | 1 | | 3 | | | |
| 4 | 9 | 7 | | 8 | | 3 | | |
| | | | 9 | | 5 | | 8 | 4 |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू 59 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 83



● **बाएं से दाएं**

1. मतलब, धन, 3. महत्वपूर्ण नियम/विधान, रेगुलेशन, 5. उधाड़ना, उठाना, तत्पर करना, 6. चाचा, मोर की बोली, 7. तैयार रुपया, तत्काल भुगतान हेतु दिया जाने वाला धन, 9. पान, पान का बीड़ा, 10. सख्त सजा, 11. मेल, एक्य संगठन, 13. निषेध, मनाही, 15. श्याम, कृष्ण, कारा, 17. एकदम सच, पूरी तरह ठीक, 19. श्राद्ध, पितृपक्ष, 20. अधिकार,

● **उपर से नीचे**

1. अन्न-त्याग, 2. नासिका, 3. लोप, तबाही, हानि, 4. समय-जो अनंत और अखंड है, महादेव, 5. निर्माण स्तर, प्रति व्यक्ति निर्माण दर, 6. वश, 8. जो घना न हो, दुर्लभ, पतला, 9. शिव नृत्य, 11. अचानक, 12. अंश, कौशल, 14. निवासी, 16. बेटा जो नाम रोशन करे, 18. सर्वदा, हमेशा,

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | न | मि | ना | ना | | स | ह | न |
| ला | | | दा | | क | म | ला | |
| व | र | दा | न | | | | ह | स्त |
| ट | | न | | अ | नु | प | ल | ब्ध |
| | | वी | | | | र | | |
| क | म | र | ब | न्द | | मा | | स |
| रा | ह | | | | अ | णु | ब | म |
| | का | य | र | | स | | | द |
| अ | ना | म | | प्र | त्य | क्ष | द | र्शी |

**कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा 'त्रि-दिवसीय गौ-महिमा कथा का हुआ भव्य शुभारंभ**

# ऐसा लगता है कि बंगाल इसी वर्ष स्वतंत्र हुआ है : गोविंददेव गिरि जी महाराज



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** 141 वर्षों से गौ-सेवा को समर्पित देश की अग्रणी संस्था 'कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी' द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय गौ कथा ज्ञान-यज्ञ के दुर्लभ आयोजन का भव्य शुभारंभ आज 22, गुरूसदय रोड, कोलकाता स्थित इस्कॉन बैंक्वेट हॉल में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास) अयोध्या के महासचिव और श्रीकृष्ण जन्मभूमि, मथुरा के उपाध्यक्ष तथा प्रखर राष्ट्र शिरोमणि संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरि जी महाराज के व्यासत्व और महानगर के सुपरिचित उद्योगपतियों, समाजसेवियों व समर्पित गोभक्तों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ. मुख्य यजमान श्री श्याम सुंदर अनुराग चौधरी (हिमाद्रि ग्रुप), सोसाइटी के ट्रस्टी पद्मश्री प्रहलादराय अग्रवाल, सजन कुमार बंसल, विश्वनाथ सेकसरिया, सुरेश मानकसिया, आज के दैनिक यजमानों निर्मल गोयल, गोपाल टांटिया, दीपक अग्रवाल, प्रदीप रावलवासिया, बिरम प्रकाश सुल्तानिया, बिमल केजरीवाल व प्रसाद यजमान सुरेन्द्र प्रसाद पटवारी सहित कुंज बिहारी अग्रवाल, बनवारीलाल सोती, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश बंसल, संयोजक देवकीनंदन तोदी सहित अनेक गणमान्य लोगों द्वारा व्यासीठ के विधिवत पूजन-अर्चन के मध्य सोसाइटी की ओर से सुरेन्द्र चमड़िया और राजकमल बाँगड द्वारा गो-वंदना गीत के साथ इस आयोजन का श्रीगणेश हुआ. श्रद्धेय श्री गोविंददेव जी महाराज ने सनातन संस्कार-बोध के साथ गौसेवा, गौ-संवर्द्धन तथा गौ-संरक्षण हेतु संकल्पित 'गौ महिमा- कथा' के प्रथम दिवस अपनी ओजस्वी अमृतमयी वाणी से कहा कि मैंने गो-कथा आपकी ही व्यवस्था में पहले भी की है और आज भी कर रहा हूँ पर आज पश्चिम बंगाल का वातावरण कुछ और है और मुझे तो ऐसा लगता है कि 1947 में सारा देश स्वतंत्र हुआ था लेकिन पश्चिम बंगाल इस वर्ष स्वतंत्र हुआ है. महाराजश्री ने कहा कि एक और संयोग है कि इस बार कथा के शुभारंभ का जो दिन आपने चुना है वो भी बड़ा विलक्षण दिन है क्योंकि 133 साल पहले आज के ही दिन 11 सितम्बर 1893 को भारत माता और इस बंगाल के एक सुपुत्र स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका के शिकागो में अपनी सनातन की ध्वजा रोप दी . मैं इस दिन को बड़ा ही महत्वपूर्ण और भारत के सांस्कृतिक परिवर्तन का दिन मानता हूँ. इसी दिन से विश्व का भारत को देखने का दृष्टिकोण ही बदल गया. इससे पूर्व सारा संसार भारत को एक अनाड़ी देश समझता था लेकिन स्वामी विवेकानंद जी के इस कृतित्व के लिए अमेरिका के तमाम अखबारों ने लिखा कि एक स्वामी विवेकानंद की जो विद्वता है वो अमेरिका के सारे अध्यापकों की नहीं हो सकती. इसलिए मैं उस दिन को भारत के उत्थान का प्रथम दिन मानता हूं. पिंजरापोल सोसायटी के ट्रस्टी पद्मश्री प्रहलादराय अग्रवाल, समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल ने अपने संबोधन में महाराजश्री का स्वागत करते किया और लोगों का आह्वान किया कि देश के महान राष्ट्रसंत के श्रीमुख से हमें गो महिमा कथा के श्रवण का जो दुर्लभ अवसर मिला है उसका हमें सपरिवार इष्ट-मित्रों सहित भरपूर लाभ उठाना चाहिए. कार्यक्रम का भावपूर्ण संचालन प्रकाश चंडालिया ने किया. मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र चमड़िया ने बताया कि 13 सितम्बर तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन महाराजश्री दोपहर 3.30 बजे से शाम 7 बजे तक वर्तमान परिस्थिति में गौसेवा की महत्ता पर सारगर्भित प्रवचन से सभी को उपकृत करेंगे. इस आयोजन की सफलता हेतु सोसाइटी के सभी ट्रस्टीगण, अध्यक्ष रमेश सरावगी, महामंत्री पवन कुमार टिबडेवाला, समिति के सहयोगी गौभक्तगण बनवारीलाल सोती, गौरीशंकर कालुका, नंदलाल सिंघानिया, अरुण मलावत, रामस्वरूप अग्रवाल, रघुनाथ प्रसाद रूंगटा, कथा के सह-संयोजक सुरेंद्र चमडिया, बिमल मल्लावत, राजकमल बाँगड, अनुराग गुप्ता, समिति के सहयोगी गौभक्तगण दीपक कानोड़िया, महेश भुवालका, हर्षवर्धन डागा, संदीप तुलसियान, सत्येंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनिल जैन, विष्णु गुप्ता, कमल गुप्ता, दीपक अग्रवाल, कमल केडिया, विजय निगाणियां, सुनील खेतान, श्यामसुंदर बांगड़, सत्यनारायण तिवाड़ी, महिला कार्यकर्तागण अन्य सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण विशेष रूप से सक्रिय रहे.

**पर्युषण महापर्व का तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में मनाया**

# जैन आचार शास्त्र का महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान है सामायिक : मुनि जिनेश कुमार



युवा शक्ति न्यूज

**उत्तर हावड़ा:** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में पर्युषण महापर्व का तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में उत्तर हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा योगक्षेम विहार के योगक्षेम सभागार में आयोजित किया गया. जिसमें अच्छी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा- जैन आचार शास्त्र का एक महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान है सामायिक. इसे भगवान महावीर के दर्शन का सार माना जा सकता है. समता, साम्य-योग, अहिंसा, संतुलन, अभय आदि विधायक भावों के अभ्यास का नाम है सामायिक. सामायिक पवित्र जीवन का राजपथ है. जीवन यात्रा का अनुपम पाथेय है. सामायिक तनाव चिकित्सा की विशिष्ट औषधि है. सामायिक के अनेक अर्थ हैं जैसे अपने घर में आना, अभय, प्राणीमात्र के प्रति समभाव रखना, हर परिस्थिति में सम रहना है. सामायिक में सावद्ययोग का त्याग किया जाता है. समता व अपूर्व निर्जरा की प्राप्ति हो सकती है, आत्मा वैराग्य प्राप्त कर अभय का विकास कर सकता है. सामायिक 48 मिनट की होती है. प्रत्येक श्रावक-श्राविका को प्रतिदिन सामायिक करना चाहिए. सामायिक मोक्ष का पासपोर्ट व वीजा है. उन्होंने भगवान महावीर के पूर्वजन्म वाचन के तहत आज 16वें भव विश्वभूति के भव का वाचन करते हुए कहा- दुनिया में चार बुराईयां सबसे बड़ी हैं- क्रोध, मान, माया, लोभ. इन बीमारियों ने चारों ओर अपने पाँव पसार रखे हैं. इनसे मुक्त हुए बिना मोक्ष गति संभव नहीं है. क्रोध क्षणिक पागलपन है. यह अनर्थ कराने वाला है. क्रोध के एक पल में संयम रख लीजिए. पश्चाताप के हजारों पल बच जायेंगे. गुस्से के वक्त थोड़ा रुक जाने से और गलती के बाद थोड़ा झुक जाने से ज़िन्दगी आसान हो जाती है. क्रोध को उपशम से जीतें. क्रोध को क्षमा से जीतें. इस अवसर पर मुनि परमानंद ने कहा- पर्युषण पर्व समता के सुमन खिलाने व भीतर प्रवेश करने का पर्व है. सामायिक दिवस पर अधिक से अधिक सामायिक करें. मुनि कुणाल कुमार जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामायिक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल बाली-बेलुड़, हिन्दमोटर व उत्तरहावड़ा की बहनों के मंगलाचरण से हुआ.

**अभिनव सामायिक का भव्य आयोजन :** सामायिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के प्रथम चरण में अभिनव सामायिक का भव्य आयोजन अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद् उत्तर हावड़ा द्वारा योगक्षेम विहार के योगक्षेम सभागार में आयोजित हुआ. जिसमें तेरापंथ युवक परिषद् दक्षिण हावड़ा, साउथ कोलकाता, पूर्वांचल, उत्तर कोलकाता, कोलकाता मेन, लिलुआ, हिन्दमोटर, टॉलीगंज की सहभागिता रही. मुनि श्री जिनेश कुमार जी, मुनि श्री परमानंद जी व मुनि कुणाल कुमार जी ने अभिनव सामायिक अनुष्ठान करवाया. अ.भा.ते.यु.प. के उपाध्यक्ष प्रथम अनंत बागरेचा ने शुभकामना प्रदान की. तेरापंथ युवक परिषद् उत्तर हावड़ा के अध्यक्ष बसंत पटावरी ने आभार व्यक्त किया. कल्याण मित्र बिशन दयाल गोयल परिवार से सुरेश गोयल व आलोक गोयल ने सामायिक किट मुनि श्री के अवलोकन हेतु प्रस्तुत की. अभिनव सामायिक कुल 910 हुईं. कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया. अभिनव सामायिक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया.

# प्रेम मिलन कोलकाता की ओर से मंत्री उमेश राय के गाजीपुर स्थित गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



युवा शक्ति न्यूज

**गाजीपुर/कोलकाता:** 10 सितंबर गुरुवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद के पास पलिया बुजुर्ग गांव में पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री उमेश राय के स्वर्गीय पिता बेनी माधव राय की स्मृति में और प्रेम मिलन के सहयोग से एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया,गया, जिसमें कुल 939 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ किया. इसमें आंखों की जांच की गयी और चश्मा वितरण हुआ. स्वास्थ्य परीक्षण में ब्लड शुगर, ईसीजी, और ब्लड प्रेशर जैसे परीक्षण किये गये.प्रेम मिलन कोलकाता की ओर से बृहस्पतिवार को कोलकाता से 650 किलोमीटर दूर पलिया बुजूर्ग गांव में हुए इस आयोजन से लोगों में खुशी देखी गयी. इस मौके पर प्रेम प्रेम मिलन की टीम ने अपनी सेवाएं दीं. कैंप में मनोज जायसवाल, कल्याण घोष, समरेश दे, प्रसनजीत सेन, मलाय दास, धर्मेंद्र राऊत, डॉ के के राय शामिल थे. यहां के लोगों में अलग तरह का उत्साह देखने को मिला. इसमें छोटे-छोटे बच्चों से लेकर माताओं, बहनों, बुजुर्गों के चंहरों पर खुशी देखी गयी. मंत्री उमेश राय भी अपने बाबूजी के पुण्य स्मृति में भावुक नजर आए. मंत्री उमेश राय ने कहा कि यह मेरे पिताजी की दूसरी पुण्यतिथि है और इस अवसर पर मैंने सोचा कि गांव वालों की कुछ सेवा की जाए. उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का अधिकतर हिस्सा गांव में ही बीता है और मैं अपने पिताजी की स्मृति में स्वास्थ्य कैंप लगाने की सोची थी जो पूरी हो गयी. यह सही अर्थों में पुण्य का काम है . इसके लिए प्रेम मिलन का जो सहयोग मिला, मैं उसके लिए आभारी हूं. उन्होंने बताया कि कोलकाता से कई विशेषज्ञ डॉक्टर आए हैं और उन्होंने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया. उन्होंने ग्रामीणों के बीच कहा कि प्रेम मिलन पूरे साल स्वास्थ्य जांच व आपरेशन आदि करती है. नेत्र परीक्षण होता है और चश्मे दिए जाते हैं. इसके अलावा बहुत सारे सामाजिक कार्य में किए जाते हैं. यह चंद्रकांत सराफ जी की लगन है, जो वह पूरी तरह दिन रात सेवा में जुटे रहते हैं. उन्होंने भोजपुरी में जनता से कहा कि वे इस सेवा का पूरा लाभ उठायें. डॉ के के राय ने कहा कि शहरी विकास राज्य मंत्री उमेश राय जी के पिता बेनी माधव राय जी की स्मृति में जो कैंप लगा है, वह प्रेम मिलन से की ओर से जनता के हित में किया गया छोटा सा प्रयास है और इससे लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है. उम्मीद है कि हर साल हम इस तारीख को ऐसा कैंप आयोजित करेंगे. डॉ अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें यहां इतने सुदूर गांव में आकर सेवा करना बहुत अच्छा लग रहा है. यह अवसर मंत्री जी ने दिया है, उनको बहुत-बहुत धन्यवाद. हम लोग प्रेम मिलन कोलकाता के साथ हैं और यह सेवा करके हम लोगों को जो आनंद मिल रहा है, उसका वर्णन नहीं किया जा सकता. डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है, क्योंकि यह मंत्री जी के स्वर्गीय पिता की स्मृति में आयोजित किया गया है. यहां पर आज गांव के गरीब लोगों, बच्चों, महिलाओं की फ्री सेहत की जांच की गयी. इसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है. हमें भी कोलकाता से आकर यहां सेवा करने में काफी खुशी हो रही है.

## देवराज चक्रवर्ती के मामले में सरकारी वकील को धमकी का आरोप, बागुईआटी थाने में शिकायत

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस नेता देवराज चक्रवर्ती से जुड़े मामलों की पैरवी कर रहे विशेष सरकारी अधिवक्ता विभास चटर्जी को कथित तौर पर धमकी देने का मामला सामने आया है. इस संबंध में अधिवक्ता ने बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है. उनका आरोप है कि खुद को देवराज चक्रवर्ती का करीबी बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर धमकी भरे लहजे में बातचीत की. विभास चटर्जी के अनुसार, फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह देवराज चक्रवर्ती से जुड़े मामले के संबंध में उनसे बातचीत करना चाहता है. कथित तौर पर उसने यह भी कहा कि वह 'दादा' के निर्देश पर उनसे बात कर रहा है. अधिवक्ता का आरोप है कि बातचीत के दौरान व्यक्ति का लहजा धमकी भरा था और वह अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश देने की कोशिश कर रहा था कि देवराज चक्रवर्ती के मामले को लेकर वह ज्यादा आगे न बढ़ें. धमकी भरा फोन आने के बाद विभास चटर्जी ने पुलिस से संपर्क किया और बागुईआटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है. उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस की पूर्व विधायक अदिति मुंशी के पति देवराज चक्रवर्ती को जुलाई में वसूली, आय से अधिक संपत्ति समेत कई आरोपों में गिरफ्तार किया गया था. उन पर विधाननगर इलाके में कथित तौर पर वसूली, सिंडिकेट संचालन और जमीन पर कब्जे से संबंधित कई आरोप भी लगे हैं.

# यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांग केन्द्र सरकार को माननी हीं होगी : का. गणेश कुमार पाण्डेय**

**बैंक ऑफ़ इंडिया के सभी शाखा बंद रहे**

युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता** :यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के द्वारा यूनाइटेड बैंकों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों द्वारा बिहार में बैंक में तालाबंदी कर बैंकों के समक्ष धरना दिया गया. फ्रेज़र रोड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया के मुख्य शाखा के बाहर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार शाखाएँ के महासचिव का0 गणेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज पूरे देश में हुई हड़ताल से साबित हो गया कि बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपनी माँगो को हर हाल में केन्द्र सरकार एवं आई0बी0ए0 से पूरा करवा कर रहेंगे. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स पिछले कई महीनो से सप्ताह में पाँच दिन की बैंकिंग करने, पी0एल0आई0 (परफॉरमेंस लिंक्ड इंसेंटिव) में हो रहे भेदभावपूर्ण नीति समाप्त करने व अन्य मांगो को लेकर हड़ताल का आह्वान किया था. सभा की अध्यक्षता करते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार इकाई के अध्यक्ष का0 भावेश भारती ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हड़ताल सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है. ए0 आई0 बी0 ओ0 सी0, बिहार इकाई तथा स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, बिहार एवं झारखण्ड इकाई के महासचिव का0 अमरेश विक्रमादित्य ने कहा कि आज का हड़ताल साबित करता है कि बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ आम ग्राहकों का भी समर्थन प्राप्त हुआ है. अब बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की माँगो को सरकार एवं आई0बी0ए0 को मानना हीं होगा. ए0 आई0 बी0 ओ0 सी0, बिहार इकाई के अध्यक्ष एवं बैंक ऑफ़ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार इकाई के महासचिव का0 गणेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि बिहार के सभी बैंकों का बंद पूर्ण रूप से सफल रहा. अगर केन्द्र सरकार तथा आई0बी0ए0 हमारी माँगो को पूरा नहीं करती है तो यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स द्वारा 28, 29 एवं 30 सितम्बर, 2026 को तीन दिनों का हड़ताल किया जायेगा. अगर इसके बाद भी भी माँग नहीं मानी गयी तो 26 अक्टूबर, 2026 से बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे. सभा को संबोधित करने वाले नेताओं में बैंक ऑफ़ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, पटना अंचल के उप महासचिव संजीव कुमार सिन्हा के साथ-साथ कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी मौजूद थे.








# महिला कर्मचारियों के सशक्तीकरण के लिए सियालदह मंडल में 'सखी' कार्यक्रम




युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** सियालदह मंडल द्वारा महिला कर्मचारियों के व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सियालदह स्थित मंथन सभागार में विशेष 'सखी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ERWWO), सियालदह की अध्यक्ष श्रीमती निधि सक्सेना के नेतृत्व में कार्मिक विभाग एवं चिकित्सा विभाग, सियालदह मंडल के सहयोग से किया गया. इस अवसर पर सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजीव सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे. 'सखी' कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए तीन प्रमुख विषयों-कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (POSH), महिला स्वास्थ्य जागरूकता तथा वित्तीय जागरूकता-पर विशेष सत्र आयोजित किए गए. इन सत्रों का उद्देश्य महिला कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कार्यस्थल की सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल तथा आर्थिक सुदृढ़ता से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था. झेडक जागरूकता सत्र में सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल के महत्व पर प्रकाश डाला गया. साथ ही कार्यस्थल पर उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए उपलब्ध तंत्र एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई. महिला स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में नियमित स्वास्थ्य जांच, रोगों की समय रहते रोकथाम, संतुलित जीवनशैली तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर जोर दिया गया. वहीं, वित्तीय जागरूकता सत्र में वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश तथा भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के महत्व को रेखांकित किया गया. कार्यक्रम में सियालदह मंडल के विभिन्न विभागों एवं कार्यक्षेत्रों से लगभग 80 महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. संवादात्मक सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा अपने अनुभव भी साझा किए. 'सखी' कार्यक्रम के माध्यम से सियालदह मंडल ने महिला सशक्तीकरण, कार्यस्थल पर जागरूकता और कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया. मंडल का उद्देश्य ऐसे समावेशी एवं सहयोगात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना है, जहां महिला कर्मचारी ज्ञान, आत्मविश्वास और जागरूकता के साथ अपनी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय भविष्य को सुदृढ़ कर सकें.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन